बालाघाट
सोमवार 25 नवम्बर 2024
मार्गशीर्ष कृष्ण 10 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 63
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक
E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने अदाणी केस, मणिपुर हिंसा जैसे मुद्दों पर की चर्चा की मांग

# सत्र के हंगामे के आसार, अदाणी पर होगी तकरार

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत सोमवार से होने वाली है, उससे पहले केंद्र सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए, पार्टियों के बीच सहमति बनाने की कोशिश की गई। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग की। इससे साफ है कि विपक्ष शीतकालीन सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगा, जिससे संसद सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं, लेकिन महाराष्ट्र चुनाव में जीत के बाद यकीनन सत्ताधारी भाजपा को थोड़ा आत्मविश्वास जरूर मिला होगा।

सर्वदलीय बैठक का आयोजन संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इस बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, बीजद और अन्य पार्टियों के नेता शामिल हुए। शीतकालीन सत्र सोमवार यानी 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान विपक्ष सरकार को वक्फ संशोधन विधेयक, मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर घेरने की कोशिश करेगा। वहीं उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर भी विपक्ष केंद्र पर हमलावर है।



### 16 विधेयक सूचीबद्ध हो सकते हैं पेश

सरकार ने सत्र में विचार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार पंजाब कोर्ट्स संशोधन विधेयक, मर्चेंट शिपिंग विधेयक, तटीय शिपिंग विधेयक और भारतीय बंदरगाह विधेयक पेश किए जा सकते हैं। इनके अलावा भारतीय वायुयान विधेयक, जो लोकसभा से पारित हो चुका है, वह राज्यसभा में लंबित है। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ विधेयक समेत आठ विधेयक लंबित हैं। साथ ही राज्यसभा में दो विधेयक लंबित हैं। एक देश एक चुनाव विधेयक इस संसद सत्र में पेश करने की उम्मीद कम ही है।

### बैठक में 30 पार्टियों के 42 नेता रहे मौजूद

बैठक के बाद संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक में 30 राजनीतिक दलों के कुल 42 नेता मौजूद थे। सभी ने कुछ विषयों पर चर्चा के लिए कहा है लेकिन हम चाहते हैं कि लोकसभा और राज्यसभा में अच्छी चर्चा हो। सरकार किसी भी विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। हमारा बस इतना अनुरोध है कि सदन अच्छे से चले और हंगामा न हो। शीतकालीन सत्र को अच्छे से चलाने के लिए सभी का सहयोग चाहिए और सभी की भागीदारी जरूरी है।

### अदाणी मुद्दे पर सबसे पहले चर्चा की मांग

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गौतम अदाणी मामले पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) जांच की मांग की है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी ने सरकार से सत्र में अदाणी रिश्वत कांड पर चर्चा की अनुमति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि सोमवार को संसद की बैठक में सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया जाए। राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि कंपनी ने अपनी सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अनुकूल सौदा पाने के लिए राजनेताओं और नौकरशाहों को कथित तौर पर 2,300 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। शीतकालीन सत्र के शुरुआती हफ्ते के अंत में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बनी जेपीसी अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है। हालांकि जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसद रिपोर्ट जमा करने के लिए और समय देने की मांग कर रहे हैं। बैठक में 26 नवंबर को संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई।

## महाराष्ट्र में आज सीएम का शपथ ग्रहण ?

### सीएम पद के लिए भाजपा का पलड़ा भारी

मुंबई। महाराष्ट्र में चुनावी नतीजे सामने आने के बाद महायुति सरकार का शपथ समारोह सोमवार को आयोजित होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि केवल मुख्यमंत्री और उनके डिप्टी बनने वालों के शपथ लेने की संभावना है। कैबिनेट में और कौन शामिल होगा, इस पर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को कहा कि महायुति नेता और भाजपा नेतृत्व यह तय करेंगे कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। सूत्रों की मानें तो 132 सदस्यों वाली भाजपा सीएम पद की दावेदार है। भाजपा का पलड़ा भारी है। शिंदे-पवार की पार्टियों को डिप्टी सीएम से संतोष करना पड़ सकता है। हालांकि दोनों सीएम की दौड़ में शामिल हैं।



महायुति गठबंधन ने 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। चुनाव परिणाम शनिवार को घोषित किये गए। महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी शामिल है।

देखा जाए तो महाराष्ट्र में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। ऐसे में भाजपा के कार्यकर्ता और नेता चाहते हैं कि देवेंद्र फडणवीस ही सीएम बनें। वहीं एकनाथ शिंदे अपनी पार्टी में से किसी नेता को डिप्टी सीएम का पद दे दे सकते हैं। वजह ये है कि वे वर्तमान में सीएम पद पर मौजूद हैं। ऐसे में वे चाहेंगे कि उनकी पार्टी का कोई नेता डिप्टी सीएम बने। अजित पवार नई सरकार में डिप्टी सीएम बन सकते हैं।

विपक्षी महा विकास आघाड़ी सिर्फ 49 सीट ही जीत सका। बीजेपी नेता बावनकुले ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में समाज के सभी वर्गों ने भाजपा का समर्थन किया। राज्य के अगले मुख्यमंत्री को लेकर उन्होंने कहा कि महायुति नेता और भाजपा नेतृत्व इस पर फैसला करेगा। उन्होंने कहा आज नवनिर्वाचित विधायकों के साथ मीटिंग हुई है। हालांकि, मुख्यमंत्री कौन बनेगा उसे लेकर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।

## खास खबर

### बसपा अब कभी नहीं लड़ेगी उपचुनाव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद मायावती ने ऐलान कर दिया है कि उनकी पार्टी अब कभी उप चुनाव नहीं लड़ेगी। मायावती ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसके जरिए फर्जी मतदान हो रहा है और बसपा को कमजोर करने की साजिश की जा रही है। मायावती ने कहा कि उप चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ और लोगों में ईवीएम के गलत इस्तेमाल की चर्चा हो रही है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बीएसपी को कमजोर करने की साजिश हो रही है और विरोधी अपना वोट ट्रांसफर करा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएमऔर फर्जी मतदान लोकतंत्र पर बहुत बड़ा खतरा है। जबतक चुनाव आयोग इस पर कोई फैसला नहीं कर देता हमारी पार्टी बसपा आगे से कोई भी उप चुनाव नहीं लड़ेगी। उन्होंने बसपा समर्थकों से अपील करते हुए कहा कि बीएसपी समर्थक बहकावे में न आएं, एकजुट रहें और विरोधियों से सावधान रहें।

### डीएलसी ने बदली व्यवस्था, 20 दिन में 2.15 लाख डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र किए प्रोसेस

नई दिल्ली। पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) जारी करने की केंद्र की पहल से बहुत बड़ा बदलाव आया है और इसने पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को बदल दिया है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बैंक ने पेंशनभोगियों के लिए अनुकूल प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए इस महीने विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत पहले 20 दिन में 2.15 लाख डीएलसी के प्रसंस्करण का काम किया गया। पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक ने कहा, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की शुरुआत ने पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को बदल दिया है। डीएलसी सेवा के जरिये पेंशनभोगियों के दरवाजे पर वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि डीएलसी से बहुत बड़ा बदलाव हुआ है, क्योंकि यह प्रसंस्करण से संबंधित देरी को कम करने के अलावा उपयोगकर्ता के अनुकूल अनुभव देता है।

### जगद्गुरु कृपालु महाराज की बड़ी बेटी की सड़क दुर्घटना में मौत

नई दिल्ली। नोएडा के दनकौर इलाके में रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें जगद्गुरु कृपालु महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी का दुखद निधन हो गया। इस हादसे में उनकी दोनों अन्य बहनें, श्यामा त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जगद्गुरु कृपालु महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी अपनी दोनों बहनों के साथ वृंदावन से दिल्ली एयरपोर्ट जा रही थीं। उन्हें विमान से सिंगापुर जाना था। इसी बीच यमुना एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कारों को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डंपर अनियंत्रित हो गया और दूसरी कार से भी टकरा गया। इस भीषण हादसे में 08 लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। घायलों को ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल रेफर किया गया। जहां डॉ. विशाखा त्रिपाठी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यहां बताते चलें कि वृंदावन के प्रेम मंदिर और प्रतापगढ़ के मनगढ़ भक्ति धाम की डॉ. विशाखा त्रिपाठी अध्यक्ष थीं। इसी के साथ जगद्गुरु कृपालु परिषद का वो संचालन भी करती थीं।

## 3 राज्यों में बर्फबारी, 9 में घना कोहरा

### मप्र-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तापमान लगातार दूसरे दिन 10डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर। जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ अब हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में भी बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के कुल्लू जिले के रोहतांग पास और अटल टनल के पास रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, गुलमर्ग, बांदीपोरा और लद्दाख के लेह में भी रविवार को बर्फबारी हुई। तीनों राज्यों में सोमवार को भी बर्फ गिरने का अनुमान जताया गया है।**

मौसम विभाग ने देश के 8 राज्यों में घना कोहरा छाने का भी अनुमान जताया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल है। उत्तरी राज्यों के साथ-साथ अब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी ठंड लगातार बढ़ रही है। मप्र और राजस्थान 7-7 स्थानों और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में तापमान लगातार दूसरे दिन 10 डिग्री से नीचे रहा।

### बर्फीली हवाओं के कारण मप्र-राजस्थान में बढ़ी सर्दी

मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि पहाड़ों पर बर्फ पिघलने के बाद वहां से आई बर्फीली हवा और सतह से 12 किमी ऊपर चल रही सर्द हवा के कारण मध्य प्रदेश और राजस्थान में ठंड पड़ रही है। अगले दो-तीन दिन और ऐसी ठंड से राहत के आसार नहीं है। जिन इलाकों में तापमान 10 डिग्री से नीचे है, वहां ठंड का दौर जारी रहेगा।

### नॉर्थ ईस्ट में तेज बारिश, दक्षिण में सर्दी कम

मौसम विभाग ने कहा है कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में तेज बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। शुक्रवार को असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बिजली गिरने के साथ तेज हवा और तेज बारिश का अनुमान है। दक्षिण भारत के राज्यों में ठंड का असर उत्तर भारत के राज्यों से कम है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में 1 हफ्ते से तेज बारिश का दौर चल रहा था। गुरुवार रात से यहां बारिश रुक गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि 25 नवंबर से दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश हो सकती है।

## संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा

### संभल जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची टीम पर पथराव, अफसरों की गाडियां फूंकी, पुलिस का लाठीचार्ज

संभल। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में तीन युवकों की मौत हो गई। हिंसा में सीओ अनुज चौधरी और एसपी के पीआरओ के पैर में गोली लगी है। एसपी समेत 15 अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हैं। मृतकों के परिजनों का दावा है कि पुलिस की गोली से मौत हुई है। कमिश्नर ने कहा, पुलिस फायरिंग में कोई मौत नहीं है। हमलावरों की फायरिंग में तीनों युवकों की जान गई है। कमिश्नर ने कहा कि हमलावर प्लान्ड तरीके से सर्वे टीम को टारगेट करना चाहते थे। 12-14 साल के बच्चों और महिलाओं को आगे किया गया। तीन युवकों की मौत से शहर में फिर तनाव हो गया है। सपा सांसद बर्क के इलाके में भी पथराव की घटना हुई। हिंसा के बाद एडीजी रमित शर्मा, आईजी मुनिराजजी मौके पर पहुंचे। पूरे शहर में अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। जामा मस्जिद जाने वाले सभी तीन रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। उप भीड़ ने 3 चौपहिया और 5 बाइकों में आग लगा दी। हालात कई घंटे बेकाबू रहे। सड़कों से 4 ट्रॉली पत्थर हटाए गए हैं।



PTI

रविवार सुबह करीब छह बजे संभल के डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के साथ एक सर्वे टीम जामा मस्जिद पहुंची। इस दौरान कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव की अगुवाई में मस्जिद का सर्वे शुरू हुआ। जैसे ही मस्जिद पर सर्वे की जानकारी स्थानीय लोगों को मिली, मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मस्जिद के बाहर जमा हो गए। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह-सुबह छुट्टी के दिन सर्वे पर आपत्ति जताई। जल्द ही मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और नाराज भीड़ ने पुलिस को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के समझाने के बावजूद भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया।

### कई पुलिसकर्मी घायल,दागे आंसू गैस के गोले

स्थिति तब और बिगड़ गई जब भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। पत्थर लगने से कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद मौके पर तैनात पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। स्थिति काबू से बाहर होने पर पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय सिंह ने संभल हिंसा में 3 युवकों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में सरायतरीन का नोमान, हयातनगर का बिलाल और कोट गर्वी का नईम शामिल है। वहीं, घायल अनीस और अयान को मुरादाबाद जिला अस्पताल लाया गया है। आंजनेय सिंह संभल में ही कैंप किए हुए हैं। हिंसा के बाद मुरादाबाद से अतिरिक्त पीएसी को संभल रवाना किया गया है। मुरादाबाद की पीएसी की तीन बटालियन है।

### मस्जिद की सुरक्षा बढ़ाई गई

पथराव और हंगामे के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। प्रशासन ने जामा मस्जिद के चारों ओर बैरिकेडिंग कर इलाके को सील कर दिया है। मौके पर डीएम, एसपी और एडीएम समेत जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं।

## हेमंत सोरेन 28 नवंबर को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव नतीजों में हेमंत सोरेन की सत्ता में वापसी हुई है। उनके नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने दो तिहाई बहुमत हासिल किया है। भारी बहुमत से जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री और झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन ने नई सरकार के गठन की तैयारी शुरू कर दी है।



झारखंड के सीएम और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। हमने इंडिया गठबंधन सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हमने राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। मैंने उन्हें अपना इस्तीफा भी सौंप दिया है। कांग्रेस और आरजेडी प्रभारी भी मेरे साथ मौजूद रहे। उन्होंने मुझे कार्यवाहक मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। वह रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलने पहुंचे। राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। सीएम हेमंत सोरेन ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। इसके साथ ही नई सरकार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन के विधायकों का समर्थन पत्र भी सौंपा। उनके साथ इंडिया गठबंधन के नेता भी मौजूद रहे।

### मन की बात में पीएम ने फिर किया डिजिटल अरेस्ट का जिक्र, बोले

## सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात रेडियो शो के 116वें एपिसोड में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती, एनसीसी दिवस, गयाना यात्रा, लाइब्रेरी जैसे मुद्दे पर बात की। पिछली बार की तरह पीएम मोदी ने कहा- हमें बार-बार लोगों को समझाना होगा कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। यह एक खुला झूठ और लोगों को फंसाने की साजिश है। पीएम ने एनसीसी डे पर कहा कि जब हम एनसीसी का नाम सुनते हैं, हमें अपने स्कूल और कॉलेज के दिन याद आ जाते हैं। मैं खुद एनसीसी कैडेट रह चुका हूं, इसलिए मैं पूरे आत्मविश्वास से कह सकता हूं कि उससे मिले अनुभव मेरे लिए अमूल्य हैं।



## गौतम अदाणी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली। भारत के मशहूर उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका की ओर से आरोप लगाए जाने के बाद भारत में धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामले की जांच मांग की गई है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी ने अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद में शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों के मामले में एक अंतरिम आवेदन के रूप में याचिका दायर की है। तिवारी ने कह कि कि अदाणी के खिलाफ घूस के आरोप हैं और भारतीय अधिकारियों द्वारा उनकी जांच की जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि सेबी को जांच पूरी करके रिपोर्ट और निष्कर्ष को रिकॉर्ड पर रखकर भरोसा जगाना चाहिए। चूंकि सेबी की जांच में शॉर्ट सेलिंग के आरोप थे। इसका विदेशी अधिकारियों द्वारा लगाए गए मौजूदा आरोपों का संबंध हो सकता है। सेबी की जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट होना चाहिए।



अमेरिकी न्याय विभाग ने न्यूयॉर्क की अदालत में दावा किया कि दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी और अन्य साथियों ने अपने फायदे के लिए निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के लिए साजिश रची। अमेरिकी अभियोजकों का आरोप है कि 2020 और 2024 के बीच अदाणी कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और अमेरिका स्थित परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों से 200 करोड़ डॉलर से अधिक बैंक ऋण जुटाया। अदाणी और उनके सहयोगियों ने अमेरिकी निवेशकों की कीमत पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के जरिये बड़े पैमाने पर राज्य ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध हासिल करने और वित्तपोषित करने की साजिश रची। उन्होंने आंध्र प्रदेश और ओडिशा सरकार के अधिकारियों को महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए रिश्वत दी। इससे अदाणी समूह को अदाणी समूह को अगले बीस वर्षों में दो अरब डॉलर से ज्यादा का मुनाफा हो सकता था।

## एमएसपी को कानूनी मान्यता देने पर विचार की सिफारिश

### बढ़ते कृषि संकट पर सुप्रीम कोर्ट की समिति चिंतित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने पिछले दो दशकों में हरियाणा, पंजाब समेत देश में कृषि लागत व कर्ज बढ़ने व उपज उत्पादन घटने पर चिंता जताई है। समिति ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी मान्यता देने और प्रत्यक्ष आय मदद की पेशकश की संभावना पर गंभीरता से विचार करने की सिफारिश की है।

शंभू सीमा पर आंदोलनरत किसानों की शिकायतों का समाधान करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह के नेतृत्व में 2 सितंबर को उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसानों के विरोध का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने शुक्रवार को समिति की अंतरिम रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया। 11 पेज की अंतरिम रिपोर्ट में समिति ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि देश में किसान विशेषकर पंजाब और हरियाणा में पिछले दो दशकों से अधिक समय से लगातार बढ़ते कृषि संकट का सामना कर रहा है। हरित क्रांति के प्रारंभिक उच्च लाभ के बाद 1990 के दशक के मध्य से उपज और उत्पादन वृद्धि में स्थिरता संकट की शुरुआत का संकेत है।

### किसानों और कृषि श्रमिकों पर कर्ज कई गुना बढ़ा

समिति ने कहा कि हाल के दशकों में किसानों और कृषि श्रमिकों पर कर्ज कई गुना बढ़ गया है। वर्ष 2022-23 में पंजाब में किसानों का संस्थागत ऋण 73,673 करोड़ रुपये था, जबकि राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड, 2023) के अनुसार, हरियाणा में यह 76,630 करोड़ रुपये से भी अधिक था। किसानों पर गैर-संस्थागत ऋण का एक महत्वपूर्ण बोझ है, जो राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ, 2019) के अनुसार पंजाब में किसानों पर कुल बकाया ऋण का 21.3 प्रतिशत और हरियाणा में 32 प्रतिशत होने का अनुमान है।

### 1995 से अब तक 4 लाख किसान कर चुके आत्महत्या

समिति ने रिपोर्ट में कहा कि देशभर में कृषक समुदाय आत्महत्या की महामारी से जूझ रहा है। देश में 1995 से लेकर अब तक 4 लाख से ज्यादा किसान और खेत मजदूर आत्महत्या कर चुके हैं। पंजाब में 2000 से 2015 के बीच 15 सालों में किसानों व खेत मजदूरों के बीच 16,606 आत्महत्याएं दर्ज की गईं।

## जीएसटी की टीम ने की कार्रवाई

# सौरभ ट्रेडर्स एण्ड स्टील संचालक की चोरी पकड़ाई

### 1 लाख 54 हजार 40 रुपए का वसूला ऑनलाइन जुर्माना





कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की टीम ने रविवार की सुबह कटंगी शहर में सिवनी रोड स्थित सौरभ ट्रेंडर्स एण्ड स्टील की फर्म सौरभ इंटरप्राइजेस में लोहे से भरे एक ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएल 6955 को पकड़कर जुर्माने की कार्रवाई की है. जानकारी अनुसार सिवनी से आई जीएसटी की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया. टीम की मुखिया रिनी शुक्ला ने इस मामले में अधिक जानकारी ना देते हुए सिर्फ इतना ही बताया कि लोहे के व्यापारी गौरव जामुनपाने से 1 लाख 54 हजार 40 रुपए का ऑनलाइन जुर्माना जमा करवाया गया है. इस पूरी कार्रवाई में रिनी शुक्ला और उनकी टीम की भूमिका भी संदेह के घेरे में है. दरअसल, कार्रवाई के बाद प्रतिष्ठान से करीब 01 किमी. दूर प्रतिष्ठान संचालक गौरव जामुनपाने और टीम के अधिकारियों का हमने एक वीडियो बनाया है. जिसमें यह देखा जा सकता है कि प्रतिष्ठान संचालक अपनी गाड़ी से उतरकर टीम के अधिकारियों की गाड़ी में एक पॉलीथिन देता है और टीम के सदस्य से कुछ देर तक चर्चा भी होती है. पॉलीथिन में क्या है इस बात की पुष्टि तो नहीं की जा सकती किंतु कार्रवाई स्थल से एक किमी. दूर अधिकारियों का प्रतिष्ठान संचालक गौरव जामुनपाने से नाजायज ढंग से कुछ लेना संदेह पैदा करता है. वहीं इस लेन-देन के बाद जब अचानक से मीडिया के लोग टीम अधिकारी से कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेने पहुंचे तो टीम अधिकारी सकपका गई और सक्षम अधिकारी ना होने की बात कहते रही जब उनसे यह पूछा गया कि वह प्रतिष्ठान के संचालक से एक किमी. दूर वाहन रोककर क्या लेन-देन कर रही है तो कुछ नहीं बोल पाई और फिर गाड़ी लेकर सिवनी की तरफ रवाना हो गई. जिसके बाद उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

गौरतलब हो कि करीब एक साल पहले भी सौरभ ट्रेडर्स के गोरेघाट स्थित प्रतिष्ठान में छापामार कार्रवाई की गई थी. तब यह कार्रवाई करीब 03 तीन दिनों तक चली थी. उस वक्त भी प्रतिष्ठान के संचालक पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया था. वहीं रविवार को कटंगी सिवनी रोड स्थित प्रतिष्ठान में लोहे की एक गाडी पर विभाग ने कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में भले ही जुर्माना लगाया गया है लेकिन विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे है. खैर, कार्रवाई के बाद तो एक बात यह भी साफ हो गई है कि प्रतिष्ठान संचालक जीएसटी की चोरी कर रहा था अगर विभाग यह कार्रवाई नहीं करता तो सरकार को जुर्माने के तौर पर जो राशि मिली है वह राशि नहीं मिल पाती. सौरभ ट्रेडर्स एण्ड स्टील नाम की फर्म पर जीएसटी विभाग ने दूसरी बार जीएसटी की चोरी के मामले में कार्रवाई की है. विभाग को अब लगातार इस फर्म पर निगरानी रखने की जरूरत है। गौरव जामुनपाने दो अलग-अलग फर्म के नाम पर लोहा-सीमेंट का व्यापार कर रहा है. सूत्रों की माने तो इस दोनों ही फर्म के जरिए जीएसटी की चोरी की जाती है कभी-कभार ही इस तरह की कार्रवाई के बाद जीएसटी की चोरी सामने आ पाती है. सूत्रों की माने तो यह जीएसटी चुकाएं बिना यह व्यापारी काफी बड़ा कारोबार काफी लंबे समय से कर रहा है जिससे अब तक सरकार को कई लाख रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है. शहर ही के कुछ व्यापारी ने नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि कच्चे में माल लाकर बेचा जाता है जिस कारण अन्य व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है. वहीं सरकार को हर महीने कई लाख रुपए के राजस्व की हानि हो रही है. वहीं इस चोरी को रोकने वाले अधिकारी जब कार्रवाई करते भी है तो उनकी कार्रवाई संदिग्ध नजर आती है. सरकार ने जिन अधिकारियों को जीएसटी की चोरी रोकने बागडोर दे रखी है. वहीं अधिकारी आज संदेह के घेरे में है. सूत्रों की माने तो गौरव जामुनपाने रात के अंधेरे में लोहे की गाड़ियां खाली करवाता है. यह व्यापारी केवल 20 प्रतिशत ही पक्के बिल पर कार्य करता है जबकि 80 फीसदी कार्य कच्चा है. मगर, कागजों में इस तरह से तैयारी की जाती है जैसे सब कुछ सरकार के तय मापदंड के मुताबिक हो रहा है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया 76 वां एनसीसी-डे

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। 24 नवंबर को उत्कृष्ट विद्यालय में 6 एमपी स्वतंत्र कंपनी एनसीसी ऑफिसर कमांडिंग लेफ्ट कर्नल विनीत कमल गुप्ता की उपस्थिति में 76 वां एनसीसी-डे, का आयोजन किया गया। एनसीसी अधिकारी खिलेंद्र बिसेन ने बताया कि प्रात: 10 बजे कमांडिंग ऑफिसर लेफ्ट. कर्नल विनीत कमल गुप्ता, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आर.के. लटारे एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शरद ज्योतिषी उपस्थित में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम ऑफिसर कमांडिंग लेफ्ट विनीत कमल गुप्ता ने एनसीसी फ्लैग होस्टिंग किया एवं राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट ने परेड कमांडर सीएसएम प्रियांशु कटरे के नेतृत्व में परेड मार्च पास्ट किया। कर्नल गुप्ता ने परेड की सलामी ली। स्वागत उद्बोधन थर्ड ऑफिसर कल्पना ठोंबरे ने दिया। संस्था के प्राचार्य शरद ज्योतिषी ने एनसीसी प्रतिवेदन का वाचन करते हुए बताया कि 2024 में उत्कृष्ट विद्यालय की एनसीसी कैडेट अदिति तिवारी ने मध्य देश की मेरिट सूची में छठा स्थान, मानसी मेश्राम तथा रेनू चौधरी एक भारत श्रेष्ठ भारत में सोलो डांस प्रथम, प्रियांशु एवं राजा फायरिंग कैंप में प्रथम स्थान अर्जित किया। अदिति तिवारी, प्रेक्षिता एवं लुमांशी को सीडब्लूएस छात्रवृत्ति 6000 प्रदान की गई। वर्ष 2024 एनसीसी परेड में उत्कृष्ट विद्यालय ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित किया तथा एनसीसी ऑफिसर खिलेंद्र बिसेन एवं कल्पना ठोंबरे ने सेकंड ऑफिसर का कोर्स पूर्ण किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कैड्टस को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। एनसीसी-डे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल गुप्ता ने एनसीसी कैडेट की सराहना करते हुए उन्हें देश की सेकंड रक्षा पंक्ति बताया। उन्होंने कहा कि एनसीसी संगठन विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन माना जाता है। एनसीसी कैडेट विभिन्न प्रकार की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय होते हुए अपनी भागीदारी निभाते हैं और विभिन्न प्रकार से जनमानस को जागरुक करते हैं। पर्यावरण, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने का कार्य एनसीसी कैडेट करते हैं। मंच का सफल संचालन एनसीसी ऑफिसर कल्पना ठोंबरे एवं खिलेंद्र बिसेन ने किया। अंत में एनसीसी गीत गाया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक के. थोटे, लोकेश साहू, संजय कावडे, विजय देशमुख, शिवम शरण, अरविंद सोनवानी ,गोपीचंद शरणागत ,मनीषा हरिनखेडे, रंजना तिवारी, फलैश ऐडे, राणा, विश्वकर्मा, रनगिरे, प्रियंका चौहान, सूची, स्मिता पाणिग्रही सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।




**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**मकान बेचना/ किराये से देना है**

सर्व सुविधायुक्त सिंगलेक्स मकान वैनगंगा हाऊसिंग बोर्ड कालोनी रामपायली रोड़ वारासिवनी जिला बालाघाट स्थित एमआईजी - डीलक्स एमडी टाइप मकान शीघ्र बेचना/ किरायें से देना है।

वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें
9424969082, 9424919894

# जनपद सदस्य ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। जनपद पंचायत सदस्य और जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष विनोद पंचभाई ने अपनी जनपद क्षेत्र के ग्राम महकेपार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया. जहां उन्होंने डॉ जे.जे. मेश्राम से केन्द्र की सुविधाओं और व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया. डॉक्टर ने जनपद पंचायत सदस्य को बताया कि केंद्र में कुछ मुलभूत सुविधाओं की कमी है. जिसे दूर करने की नितांत आवश्यकता है. जनपद सदस्य ने इस विषयों को वरिष्ट अधिकारियों और क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी के संज्ञान में



लाने का भरोसा दिया. वहीं उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई पर नाराजगी जताई और अस्पताल के बेड के चादरों को तत्काल धुलाई करवाने के लिए कहा. इस दौरान तिरोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, पूर्व जनपद सदस्य नेमराव गौतम, धनंजय सोनुसार, किशोर उके भी मौजूद रहे। बता दें कि बीते कुछ समय से यह देखने में आ रहा है कि जनप्रतिनिधि अब अपने-अपने गांव और क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सजग हो गए है. वह समय-समय पर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है. जिससे अस्पताल की लचर व्यवस्था में कुछ बदलाव नजर आता है. वहीं जनप्रतिनिधियों के इस कार्य से उनके क्षेत्र की जनता भी खुश है. इसके साथ ही अब जनप्रतिनिधि लगातार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बैठकें भी कर रहे है ताकि गांवों के केंद्रों में बेहतर सुविधाएं ग्रामीणों को मुहैया कराई जा सके. बीते दिनों बम्हनी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जनपद सदस्यों ने खंड चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक कर अपने-अपने जनपद क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों में किन बदलाव की जरूरत है इसकी जानकारी दी थी. वहीं जनपद सदस्य विनोद पंचभाई ने महकेपार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर फिर एक बार यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह अब गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए भी प्रतिबद्ध है।

# जिला बौद्ध संघ ने किया युवक-युवती परिचय सम्मेलन और सामूहिक विवाह का आयोजन





बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला बौद्ध संघ द्वारा स्थानीय कमला नेहरू सभा हाल में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन कर सामूहिक विवाह करवाया गया, इस सामूहिक विवाह में एक दूसरे से हुए परिचय के लगभग 8 जोड़ों का सामूहिक विवाह करवाया गया जिसे संघ की एक अभिनव पहल मानी जा रही थी। आपको बता दे कि 24 नवम्बर को स्थानीय कमला नेहरू महिला मंडल सभागार में अंतर्राज्यीय युवक-युवती सामूहिक परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संबंध में जिला बौद्ध संघ जिलाध्यक्ष सचिन मेश्राम ने बताया कि 8 जोड़ो का पंजीयन हुआ है जिनका विवाह संपन्न कराया जाएंगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जो युवक-युवतियों को काबिल जीवनसाथी देखने के लिये परेशान होना पड़ता है इसे दूर करने के लिये संगठन द्वारा उन्हें मंच प्रदान किया गया है। दोनों युवक-युवतियां सामने मंच पर आये और अपना परिचय देने के बाद दोनों में साम्जस्य बन जाता है तो यही उनका सामूहिक विवाह कराया गया। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा पूर्व में भी इस तरह का प्रयास किया गया लेकिन इस वर्ष संगठन के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से जिला बौद्ध संघ द्वारा ये अभिनव पहल की गई है। समाज के लोगों को फिजूलखर्ची की शादी से छुटकारा दिलाने की मंशा से सामूहिक विवाह में शादी करने प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला बौद्ध संघ अध्यक्ष सचिन मेश्राम, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गजभिये, महासचिव जेएस चौरे, सहसचिव दिलीप बागड़े, कोषाध्यक्ष डॉ. आरके डोंगरे, संरक्षक भाऊदास चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

# आज से 03 दिन के सामूहिक अवकाश पर जाएगें पंचायत सचिव

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। जनपद पंचायत कटंगी की सभी 81 ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव आज 25 नवंबर से 27 नवंबर तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे. जिसे लेकर पंचायत सचिव संघ ने 23 नवंबर को जनपद पंचायत कटंगी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक कर्पे को ज्ञापन सौंपा है. पंचायत सचिव संघ ने अपने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में सी.एम. हेल्पलाइन के शिकायतों को बंद करवाने के लिये पंचायत सचिवों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है और पंचायती राज से पृथक विभाग की योजनाएं जैसे आयुष्मान इत्यादि को सफल बनाने के लिये जहाँ-तहाँ पंचायत सचिवों को नोटिस देकर कार्यवाही संस्थित की जा रही है, साथ ही लगभग सभी जिलों में रविवार और अवकाश के दिनों में भी ग्राम पंचायत सचिवों से कार्य करवाया जा रहा है. इसी के चलते बालाघाट जिले के किरनापुर जनपद पंचायत के कांद्रीकला ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव घनश्याम बिसेन असमय काल के गाल में समा गए. इस तरह की सभी समस्याओं के कारण मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के आव्हान पर जनपद पंचायत कटंगी के सचिवों ने तीनों दिनों के सामूहिक अवकाश पर जाने का फैसला लिया है।



**जमीने बिकाऊ है**

सागौन प्लांटेशन ढूटी रोड लामता में
• 3 एकड़ जमीन 800 पेड़ सहित सिंचाई विभाग से बिजली ऑफिस तक
• 2.5 एकड़ जमीन 600 पेड़ सहित सिंचाई विभाग के सामने

संपर्क सूत्र-9412372530
9219659012, 9557122204

**प्लाट बेचना है**

गर्रा हाईवे के समीप पॉश कालोनी में शानदार प्लाट शीघ्र बेचना है। (ब्रोकर संपर्क न करें) संपर्क सिर्फ डायरेक्ट पार्टी ही करे।

-संपर्क करें-
मो. 7803824478

**आवश्यकता है**

चपरासी की आवश्यकता है

बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+

संपर्क करें

बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
244944 मो. 9201340520,9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

**लामता में "पद्मेश"**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

**परसवाड़ा में "पद्मेश"**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

**आवश्यकता है**

मेडिकल होलसेल/ रीटेल में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की अर्जेंट आवश्यकता है
अनुभवी एवं कम्प्युटर प्रशिक्षित को प्राथमिकता

-संपर्क करें-
मनीषा मेडिकोज, बालाघाट
मो. 7073101956

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# बोर्ड कर रहा स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा लेने की तैयारी

## लेकिन स्कूलों में कोर्स अभी तक नही हुआ पढ़ाकर आधा, स्कूलों के प्राचार्य बता रहे कोर्स नही होने का कारण, अतिथि और अतिशेष शिक्षकों का लेट नियुक्ति करना

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बोर्ड वार्षिक परीक्षा से पहले अर्धवार्षिक परीक्षा अपने पैटर्न पर लेने जा रहा है। इस पैटर्न के तहत 10वीं और 12वीं के छात्रों से उनके कोर्स के लगभग आधे से अधिक सवाल पूछे जाएंगे। इसकी तैयारी बोर्ड में जारी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने महीने भर पहले वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल आ चुका है और फरवरी के महीने में बोर्ड परीक्षा होनी है एवं शिक्षा विभाग के कैलेंडर अनुसार दिसंबर में अर्धवार्षिक परीक्षा आयोजित की जानी है, किंतु सूत्रों से मिल रही जानकारी अनुसार अभी भी जिले में बहुत से ऐसे शासकीय स्कूल है जहां पर अभी भी कोर्स पिछड़ा हुआ है और अर्धवार्षिक परीक्षा तक कई स्कूलों में तो आधा भी कोर्स पूरा नहीं हो पाया है, जिसे देखकर लग रहा है कि आने वाले समय में वार्षिक परीक्षा में बच्चों पर एकदम पढ़ाई का भार आ जाएगा और कुछ छात्र-छात्राएं तो अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी भी कोर्स पूरा नहीं होने के कारण नहीं कर पाएंगे, वहीं इसके पीछे जब हमारे द्वारा कुछ स्कूलों के प्रधान अध्यापक से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से शैक्षणिक सत्र शुरू होता है उसके बाद स्कूलों में अतिथि शिक्षक और अतिशेष शिक्षकों की भर्ती की जाती है जिस कारण से इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है और अभी तक उनके स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हुआ है।**

आपको बता दे की स्कूलों में शिक्षण सत्र शुरू होने के साथ ही स्कूल की पढ़ाई शुरू हो जाती है और जिस प्रकार से तिमाही, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा आयोजित होती है उसके पहले तक स्कूलों में समय सीमा अनुसार बच्चों के पाठ्यक्रम का कोर्स भी पूरा हो जाता है, किंतु इस वर्ष देखने में यह आ रहा है कि भले ही माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है एवं फरवरी के महीने में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं होनी है, किंतु अभी भी जिले के बहुत से ऐसे शासकीय स्कूल है, जहां पर 10वीं और 12वीं कक्षाओं का कोर्स बच्चों को पढ़ाकर नहीं हुआ है और अभी कुछ ही दिनों में तय कार्यक्रम अनुसार दिसंबर के महीने में अर्धवार्षिक परीक्षा होनी है और बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षा के अनुसार अभी कोर्स पढ़ाकर कंप्लीट नहीं हुआ है जिससे आने वाले समय में बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, वहीं जब हमारे द्वारा इस विषय को लेकर शहर के कुछ स्कूलों के प्राचार्य से चर्चा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि निश्चित ही अभी तय सिलेबस के अनुसार जिस प्रकार से परीक्षाएं आयोजित की जा रही है उस अनुसार कोर्स स्कूलों में पढ़ाकर कंप्लीट नहीं हुआ है, जिसके पीछे उन्होंने कैमरे के सामने तो कुछ भी कहने से मना कर दिया पर



अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि जिस प्रकार से शैक्षणिक सत्र शुरू होता है उसी अनुसार विभाग द्वारा विषय अनुसार शिक्षकों की भर्ती कर देनी चाहिए, लेकिन अधिकतर देखने में आता है कि स्कूलों में शिक्षक की कमी होती है, जिसके बाद विभाग द्वारा अतिथि शिक्षक की नियुक्ति करने को कहा जाता है और उसके बाद इस वर्ष तो अधिकतर अतिशेष शिक्षकों की भर्ती दो महीने बाद स्कूलों में की गई है , जिस कारण से भी इस बार स्कूलों में कोर्स कंप्लीट नहीं हुआ है एवं देखा जाए तो लगभग शिक्षकों से मूल्यांकन का कार्य और अन्य चुनाव संबंधित कार्यों लेने के कारण इसका सीधा असर छात्रों के कोर्स पर पड़ता है और यही कारण है कि स्कूलों में बच्चों का कोर्स कंप्लीट नहीं हो पाता है वही अब जैसे तैसे अतिरिक्त क्लास लगाकर बच्चों का कोर्स करवाया जाएगा।

### जिले मे शासकीय स्कूलों की एक जैसी ही हैं स्थिति

कोर्स कंप्लीट नहीं होने का विषय सिर्फ एक या दो स्कूलों का नहीं है हमारे द्वारा कुछ स्कूलों की जानकारी पता की गई तो वहां के प्राचार्य द्वारा भले ही वस्तु स्थिति कोर्स को लेकर बता दी गई, लेकिन लगभग जिले के अधिकतर शासकीय स्कूलों में कोर्स को लेकर एक जैसी ही स्थिति है और अभी बहुत से स्कूलों में कोर्स होना बाकी है कुछ स्कूलों में तो अर्धवार्षिक परीक्षा तक आधा भी कोर्स कंप्लीट नहीं हो पाएगा और आधे अधूरे कोर्स को लेकर ही बच्चे अर्धवार्षिक परीक्षा देंगे, जबकि अर्धवार्षिक परीक्षा तक आधे से अधिक कोर्स स्कूलों में हो जाना था, लेकिन अर्धवार्षिक परीक्षा तक आधा कोर्स भी बहुत से स्कूलों में नहीं हो पाया है।

### बच्चों पर पड़ेगा पढ़ाई का दबाव

जिस प्रकार से अभी तक बहुत से स्कूलों में आधा भी कोर्स नहीं हो पाया है और महज 3 महीने ही बोर्ड परीक्षा बची है, जिसको देखते हुए भले ही स्कूलों द्वारा जैसे तैसे कोर्स परीक्षा तक करवा भी दिया जाता है, तो छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी के समय अचानक से दबाव आ जाएगा और वार्षिक परीक्षा के समय बच्चे जल्दबाजी में अपनी तैयारी करेंगे, जबकि अभी बहुत से स्कूलों में कार्यक्रम होना है, वार्षिक उत्सव, विदाई समारोह, प्रैक्टिकल जैसे कई कार्यक्रम अभी होने हैं और इसी बीच स्कूल द्वारा भी बच्चों के जल्दबाजी में कोर्स करवाए जाएंगे, जिससे परीक्षा के समय बच्चों पर पढ़ाई का अतिरिक्त भार आ जाएगा और अभी प्रीबोर्ड एग्जाम भी होनी है या नहीं होनी है इसको लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### कुछ कोर्स अभी आधा होना बाकी है - शरद जोशी

इस विषय को लेकर जब हमारे द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शरद जोशी से चर्चा की गई तो उन्होंने भी बताया कि उनके स्कूल में भी दसवीं और बारहवीं का कुछ कोर्स अभी आधा होना बाकी है जिसका प्रमुख कारण कहीं ना कहीं शिक्षक की कमी थी, किंतु जैसे ही उन्हें अतिशेष के शिक्षक मिले उन्होंने उन्हें सभी कक्षाओं में अध्यापन का दायित्व दे दिया हैं यह जरूर है कि 2 महीने बाद अतिशेष से शिक्षकों की नियुक्ति विभाग द्वारा की गई है किंतु वह विभाग के द्वारा बनाई गई व्यवस्था पर कुछ नहीं कह सकते लेकिन अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन कर वह जिन विषयों में कोर्स नहीं हुआ है उनका वह कोर्स करवा लेंगे।

### कोर्स को लेकर थोड़ा पीछे तो है - शैलेंद्र रहांगडाले

महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र रहांगडाले द्वारा भी बताया गया कि उनके स्कूल में भी कुछ विषय का कोर्स कंप्लीट नहीं हुआ है एवं कुछ विषयों का कोर्स कुछ ही दिनों बाद हो जाएगा, क्योंकि उन्हें अतिथि शिक्षक अध्यापन सत्र शुरू होने के साथ नहीं मिले, इस वजह से कोर्स को लेकर थोड़ा पिछड़ापन तो है लेकिन वह भी बच्चों की अतिरिक्त कक्षा लगाकर कोर्स को करवा लेंगे ,उन्होंने यह भी बताया कि यदि उन्हें शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले ही अतिथि शिक्षक मिल जाते तो शायद कोर्स पीछे रहने की स्थिति उनके स्कूल में नहीं बनती।

# गर्रा रेलवे क्रासिंग में बन रहे ओवरब्रिज में डायवर्ट मार्ग बन रहा अवरोध

## डायवर्ट मार्ग कंप्लीट नहीं होने से ओवरब्रिज का काम नहीं बढ़ पा रहा आगे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवरब्रिज में डायवर्ट मार्ग अवरोध बन गया है और डायवर्ट मार्ग नहीं बनने की वजह से ओवरब्रिज का कार्य थम सा गया है बताया जा रहा है कि सांसद भारती पारधी द्वारा कहा गया था कि जब तक डायवर्ट मार्ग नहीं बनेगा , वह रेलवे क्रॉसिंग मार्ग को बंद नहीं होने देंगे और पावर हाउस के ओर से बन रहा मार्ग अभी पूरी तरह बनकर तैयार नहीं हुआ है , इस कारण से प्रशासन द्वारा गर्रा रेलवे क्रॉसिंग मार्ग को बंद नहीं किया गया है जिस कारण अभी डायवर्ट मार्ग बनते तक ओवरब्रिज के कार्य को रुक रहना होगा और माना जा रहा है कि जैसे ही डायवर्ट मार्ग शुरू होगा उसके बाद से गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवरब्रिज के काम में गति आएगी। आपको बता दे की लंबे अर्से बाद, बालाघाट में सरेखा और गर्रा रेलवे क्रार्सिंग पर ओवरब्रिज बन रहे है। जिन ओवरब्रिजो के निर्माण के दौरान आ रही मैदानी और तकनीकि दिक्कतों के कारण काम में देरी हो रही है। ओवरब्रिज निर्माण के दौरान शहर में आवागमन को लेकर लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गर्रा ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान, यहां से गुजरने वाले, हल्के और भारी चौपहिया वाहनों के लिए डायवर्ट मार्ग नहीं होने से बीते एक माह से ओवरब्रिज का काम बंद है। जिसे देखते हुए इस मार्ग से हल्के और भारी वाहनों को डायवर्ट करने के लिए, प्रशासन ने दो मार्गो को चिन्हित किया था। जिसमें एक डायवर्ट मार्ग का काम लगभग अंतिम चरण में है। पॉवर हाउस से डेंजर रोड मार्ग को जोड़ते 700 मीटर के मार्ग का, पीडब्ल्युडी विभाग डामरीकरण करवा रहा है। खनिज मद से हो रहे इस कार्य के पूर्ण होने के बाद इस से गर्रा रेलवे क्रार्सिंग से रवाना हो रहे हल्के चौपहिया वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। जिससे गर्रा रेलवे क्रार्सिंग पर बंद पड़े ओवरब्रिज के काम को गति मिलेगी। जबकि डेंजर रोड बायपास की सड़क के धुर्रे उड़ गए है, जिसके लिए प्रशासन, बजट नहीं होने की बात कर रहा है। जिससे भविष्य में, इस बायपास मार्ग पर राहगीरों का आवागमन सुगम हो पाएगा, कहा नहीं जा सकता। लोगों को सड़को के बीच बने गढ्ढों से ही आवागमन करना होगा।



### डामरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है - गोपाल सोनी

एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि गर्रा रेलवे क्रार्सिंग पर ओवरब्रिज के काम को शुरू करने से पहले डायवर्ट मार्ग को पूरा करना था। जिसमें पॉवर हाउस से डेंजर रोड बायपास मार्ग को जोड़ते रास्ते का डामरीकरण कार्य अंतिम चरण में है, जिसके पूरा होते ही इस डायवर्ट मार्ग से हल्के वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। संभवत: बुधवार या गुरूवार से इस मार्ग पर हल्के चौपहिया वाहनों को डायवर्ट कर दिया जाएगा। जबकि छोटे वाहन, गर्रा रेलवे क्रार्सिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के दौरान बनाए गए एप्रोज रोड से ही होगा।

# चंद्रशेखर हॉकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ लगाने की तैयारी शुरू

## जनवरी में गोल्डन जुबली हॉकी महाकुंभ का होना है आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पदमेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस अखबार की खबर का असर एक बार फिर देखने को मिला है। जहां खबर का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका के चंद्रशेखर हॉकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ लगाने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसके लिए मैदान में जहां तहां पड़े गिट्टी चूरी के ढेर को मैदान में बिछाकर मैदान को समतल किया गया है तो वहीं उक्त मैदान में डामरीकरण का कार्य भी तेजी से शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि डामरीकरण का कार्य पूर्ण होने के तुरंत बाद मैदान में एस्ट्रोटर्फ लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।आपको बताएं कि लंबे समय से मैदान में एस्ट्रोटर्फ लगाने की यह प्रक्रिया लगभग बंद सी पड़ी थी। जिसके चलते पदमेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस अखबार द्वारा 20 नवम्बर के अंक में तो कैसे पूरा होंगा गोल्डन जुबली हॉकी महाकुंभ का सपना ? अब तक नही लगा एस्ट्रोटर्फ, ना बन पायी अन्य व्यवस्था के नाम से शीर्षक लगाकर खबर का प्रकाशन किया था तो वही संबंधित अधिकारियों के मामला संज्ञान में लाकर वर्तमान हालातो से उन्हें अवगत कराया था। जहां खबर का प्रकाशन होने के तुरंत बाद संबंधित विभाग और अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने खबर का संज्ञान लेते हुए एक बार फिर ठेकेदार से बोलकर चंद्रशेखर हॉकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ लगाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिसके चलते मैदान में एस्ट्रोटर्फ लगाने के लिए तेजी से मैदान में डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

बालाघाट एक्सप्रेस खबर का असर



### खबर प्रकाशन के बाद शुरु हुआ काम

आपको बताए कि वर्षो की मांग के बाद 7.26 करोड़ लागत से उक्त मैदान को टर्फ मैदान में बदलने की स्वीकृति मिल पाई थी। 10 मार्च 2021 में पूर्व मंत्री एवं विधायक गौरीशंकर बिसेन के मुख्य आतिथ्य, आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे की अध्यक्षता और तत्कालीन नपाध्यक्ष अनिल धुवारे सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में कार्य का भूमिपूजन करवा कर कार्य शुरू करवाया गया। लेकिन अधूरे निर्माण के बाद काम को बंद कर दिया था। जो खबर प्रकाशन के बाद शुरू किया गया है।

### जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में होना है हॉकी का महाकुंभ

आपको बताए कि नगर के शहीद चंद्रशेखर आजाद स्टेडियम में 07 करोड़ 26 लाख की लागत से हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान कार्य लेट लतीफी और लापरवाही की भेंट चढ़ रहा था। अधूरे में काम बंद कर दिया गया था।जिसको लेकर हमने अपने 20 नवंबर के अंक में खबर का प्रमुखता से प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के साथ ही शुक्रवार से ही कार्य को पुन: शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में मैदान को भरन कर समतल किए जाने के साथ एस्ट्रोटर्फ लगाने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।ज्ञात हो कि इस मैदान में जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में हॉकी महाकुंभ ऑल इंडिया गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है।

### ये कार्य किए गए शुरू

बताया जा रहा है कि शुक्रवार से मैदान में टर्फ बिछाने के लिए बेस पूरी तरह से तैयार किया जाना शुरू किया गया है पानी निकासी के लिए पाइप लाइन भी मंगवाई गई है।भरन भरने के बाद मैदान को समतल कर डामरीकरण के बाद टर्फ तैयार किया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही एक बार फिर हॉकी महाकुंभ होने की चर्चाएं शुरू हो गई है। उधर कार्य मे तेजी आने पर हॉकी खिलाडियों में हर्ष की लहर बनी हुई है।

### तीन वर्षो से किया जा रहा इंतजार

जानकारी के अनुसार जिले में हॉकी खिलाड़ी स्व नारायणसिंह की स्मृति में ऑल इंडिया गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट करवाया जाता है। इस टूर्नामेंट को देखने जिले सहित अन्य जिलों के हॉकी प्रेमी भी बड़ी संख्या में पहुंचते है। लेकिन टर्फ मैदान निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पिछले तीन वर्षो से यह हॉकी टूर्नामेंट नहीं हो पाया है। तब से जिलेवासी और खिलाड़ी इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं। मैदान पूरी तरह से तैयार होने के बाद इनका इंतजार खत्म हो सकता है। वहीं इस बार वर्ष 2025 के प्रथम सप्ताह में हॉकी का महाकुंभ भव्य रूप से किए जाने की तैयारियां की जा रही है।

# कर्मचारियों की समस्याओं का नहीं हो रहा निराकरण

## मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने जताई नाराजगी, बैठक का आयोजन कर 1 दिसंबर से श्रमिक अभियान शुरू करने की कही बात

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विभिन्न शासकीय विभागों में पदस्थ सरकारी कर्मचारियों की ऐसी कई समस्याएं हैं जिनका जिला स्तर पर निराकरण किया जा सकता है। बावजूद इसके भी उन समस्याओं का निराकरण अधिकारी वर्गों द्वारा नहीं किया गया है। जिसके चलते विभिन्न विभागों में पदस्थ कर्मचारी काफी परेशान है। जिनकी ना तो जिला स्तर, ना सम्भाग स्तर और ना ही राज्य स्तर पर समस्याओ का समाधान हो रहा है। जिस पर अपनी नाराजगी जताते हुए मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने 1 दिसंबर से श्रमिक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसमें संघ से जुड़े सभी पदाधिकारी कर्मचारी व सदस्यों द्वारा अपने अपने ब्लाक स्तरों में श्रमिक अभियान चलाकर विभिन्न विभागों में पदस्थ सरकारी कर्मचारियों का डाटा एकत्र किया जाएगा। वहीं उन कर्मचारियों से उनके विभाग संबंधी जिला स्तर, संभाग स्तर व राज्य स्तर की समस्याओं का आकलन कर उनकी समस्याएं, प्रदेश स्तर पर पहुंचाई जाएगी। जहां जिला स्तर की समस्याओं से जिला स्तर के अधिकारियों को अवगत कराते हुए, जिला स्तर की समस्याओं का जिला स्तर से निराकरण कराया जाएगा।वहीं संभाग व राज्य स्तर की समस्याएं संगठन तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। वही ऐसी कई समस्याएं हैं जो जिला स्तर से पूरी न होने पर उन समस्याओं को प्रदेश स्तर पर भेज कर उन समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। 1 दिसंबर से शुरू होने वाले इस श्रमिक अभियान को लेकर रविवार को नगर के एक निजी स्कूल में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जहा संघ से जुड़े प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारी सदस्यों की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में श्रमिक अभियान चलाने और उनसे जुड़ी जानकारियां साझा की गई। वही जिला स्तरीय समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक 3 माह में आयोजित होने वाली बैठक लंबे समय से नहीं होने पर अपनी नाराजगी जताते हुए संघ द्वारा जल्द ही ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए उन समस्याओं का निराकरण कराए जाने की बात भी कही गई।श्रमिक संपर्क अभियान की बैठक में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश कार्यकारिणी जिला प्रभारी मनोज मिनोटे जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन, संगठन मंत्री केजी बिसेन, जिला सचिव बालेश्वर राहांडाले,उपाध्यक्ष पंचम हनवत, तहसील अध्यक्ष के.के. ऐड़े, विभागीय समिति जिलाध्यक्ष में मुकेश जुझार, एस.एल. यादव, डी.के. खांडेलकर, जितेन्द्र नकासे, दुर्वेश अम्बाडकर, हेमचंद मेरावी, टी.सी. बिसेन, सुनील खोब्रागढ़े, आर.के. बोपचे, अनिल चंदेल, विजय दखने, ओ.एस. मर्सकोले, दुर्गेश कुमार डहाटे, तपेश कुमार ब्रम्हें सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### 1 दिसंबर से होगी श्रमिक अभियान की शुरुवात- बिसेन

आयोजित बैठक को लेकर की गई चर्चा के दौरान मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ कर्मचारियों की अनेक समस्याएं हैं जिनमें निराकरण के लिए प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए आगामी 1 दिसंबर से श्रमिक अभियान की जिले में शुरुआत की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि श्रमिक अभियान के माध्यम से हम कर्मचारियों तक पहुंचेंगे और उनकी समस्याओ की फायलिंग करेंगे। जो जिला स्तर की समस्या होगी, उसका जिले में निराकरण किया जाएगा और जो प्रदेश स्तरीय समस्या होगी, उसे प्रदेश संगठन तक भिजवाकर, सरकार से उसके निराकरण की मांग की जाएगी। एक सवाल के जवाब में अध्यक्ष अशोक बिसेन ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर को कर्मचारी संघो की बैठक लेकर चर्चा करनी चाहिए लेकिन जिलास्तर पर हर 03 महिने में होने वाली बैठक नहीं हुई है। जिसको लेकर संघ, कलेक्टर से मुलाकात कर इस मामले में चर्चा करेगा।वही सचिव बलेश्वर राहंगडाले ने बताया कि जिले का शिक्षा विभाग, एक बड़ा विभाग है, इसलिए उसमें समस्याएं ज्यादा है।

# 1 से 10 दिसंबर तक उत्कृष्ट विद्यालय में होगा स्वदेशी मेले का आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया गया की 1 दिसंबर से 10 दिसंबर तक स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सिर्फ मेला ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधि भी शामिल होगी, जिसमें 10 दिनों तक अलग-अलग विधाओं के खेल जो हमारे पारंपरिक खेल हैं वह आयोजित किए जाएंगे, जिसमें खो-खो, कबड्डी, कुश्ती और अन्य प्रकार के गांव में खेले जाने वाले खेल को प्राथमिकता देकर 10 दिनों तक इस मेले में शामिल किया गया हैं। स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक ललित कुमार एड़े, प्राचार्य राजेश राहंगडाले, नंदू लिल्हारे ने बताया कि स्वदेशी को अपनाकर बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी एक दिसंबर से लेकर दस दिसंबर तक स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा बालाघाट जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट मैदान में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वदेशी उत्पात के साथ ही स्वेदशी सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। जिसके तहत ही इस दस दिवसीय आयोजन के दौरान खो-खो, कबड्डी, कुश्ती, मलखम, गिल्ली-डंडा, पिट्ठू सहित अन्य स्वदेशी खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी और टीम व खिलाड़ियों को नगद राशि का पुरुस्कार भी दिया जाएगा।



### इन खेलो का होगा आयोजन

स्वदेशी मेला में आयोजित होने वाली स्वदेशी खेल आगामी 2,3 व चार दिसंबर को खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खो-खो जहां खुले मैदान में आयोजित होगी तो वहीं कबड्डी का आयोजन मेट में किया जाएगा। जिले के साथ ही सिवनी जिले से महिला, पुरुष प्रतिभागियों की टीम तैयार हो गई है, और उनका पंजीयन भी किया जा चुका है। जिसके बाद आगामी नौ व दस दिसंबर को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भी पुरुष पहलवानों के अलावा महिला पहलवान दांव-पेंच दिखाकर कुश्ती प्रतियोगिता को अपने नाम करने का प्रयास करेंगे। कुश्ती प्रतियोगिता मेट व वजन अनुसार होगी। इसमें 25 किलो से लेकर करीब 80 किलो तक के वजन के करीब 200 से अधिक पहलवान शामिल होंगे पदाधिकारियों ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता पहलवान को 20 हजार का तो उपविजेता पहलवान को 15 हजार का पुरुस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता में महिला, पुरुष वर्ग के विजेता को 7 हजार व उपविजेता को पांच हजार का नगद पुरुस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 6,7, व आठ दिसंबर को वीर शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित किए गए मर्दानी संस्था के प्रतिभागियों की टीम 350 वर्ष पूर्व सिखाए गए युद्ध कौशल, आत्मनिर्भरता सहित अन्य हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन होंगा । वहीं दस दिसंबर को मलखम का आयोजन किया जाएगा। वार्ता के दौरान भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, हेमेन्द्र क्षीरसागर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री सत्य सांई बाबा का 99 वां जन्मोत्सव

## अस्पताल में मरीजों को किया गया सांई प्रोटीन का वितरण, धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत मानपुर के अस्पताल कालोनी के शिव मंदिर प्रांगण में श्री सत्य सांई सेवा समिति के द्वारा गत १७ नवंबर से जारी युगावतार भगवान श्री सत्य सांई बाबा का ९९ वां जन्मोत्सव सप्ताह का समापन २३ नवंबर को विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ समारोहपूर्वक किया गया। इस ७ दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह ५.३० बजे से ६.३० बजे तक ओमकारम्, सुप्रभातम्, नगर संकीर्तन एवं शाम ६.३० बजे से रात ८.३० बजे तक भजन, सांई कथा, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी बाल विकास बज्चों के कार्यक्रम, सांई संदेश, महामंगल आरती की गई एवं २३ नवंबर को सुबह ओमकारम्, सुप्रभातम् व नगर संकीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके बाद दोपहर १२ बजे संगठन का ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात भजन गाते हुए समिति के सदस्यगण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा पहुंचे जहां अस्पताल का भ्रमण के साथ ही मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और अस्पताल में भर्ती मरीजों को सांई प्रोटीन का वितरण किया गया। जिसके बाद रात ८ बजे से शिव मंदिर प्रांगण में बाल विकास के बज्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विकास के बच्चों ने एक से बढ़कर धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुती दी जिसके बाद श्री सत्य सांई बाबा का केक काटकर ९९ वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसके बाद महामंगल आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस जन्मोत्सव के दौरान जमकर आतिशबाजियां भी की गई और उपस्थितजनों से कहा गया कि मानव सेवा ही माधव सेवा है इसलिए मानव जीवन में आये है तो सबका सेवा करें और अज्छा कर्म करें। चर्चा में श्री सत्य सांई सेवा समिति जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि भगवान श्री सत्य सांई बाबा का ९९ वां जन्मोत्सव सप्ताह १७ नवंबर से २३ नवंबर तक मनाया गया जिसमें प्रतिदिन सुबह ५.३० बजे से ६.३० बजे तक ओमकारम्, सुप्रभातम्, नगर संकीर्तन, शाम ६.३० बजे से रात ८.३० बजे तक भजन, सांई कथा, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी बाल विकास के बच्चों के कार्यक्रम, सांई संदेश, महामंगल आरती की जाती है एवं २३ नवंबर को दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमें सुबह ओमकारम्, नगर संकीर्तन और अस्पताल में मरीजों को सांई प्रोटीन का वितरण किया गया एवं रात में बाल विकास के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद केक काटकर श्री सत्य सांई बाबा का ९९ वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया तत्पश्चात महामंगल आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। साथ ही यह भी बताया कि बाबा ने सभी को यही संदेश दिया है कि मानव सेवा ही माधव सेवा है इसलिए सभी को अपने जीवन में अच्छे कर्म करते हुए भगवान की पूजा अर्चना करते रहना चाहिए। इस अवसर पर श्री सत्य सांई सेवा समिति लालबर्रा के पदाधिकारी, सदस्य एवं श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# सहायक पटवारी सर्वेयर संघ के अध्यक्ष बनी पायल गौतम



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित निजि संस्थान में रविवार को सहायक पटवारी सर्वेयर संघ की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक सहायक पटवारी सर्वेयरों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में लालबर्रा तहसील मुख्यालय में सहायक पटवारी सर्वेयर संघ का गठन करने, सर्वेयरों को काम करने में आ रही परेशानियों सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर संघ का गठन किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से पायल गौतम को सहायक पटवारी सर्वेयर संघ का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह उमेश एड़े को उपाध्यक्ष, अतुल ठाकरे को सचिव, रितु पारधी को कोषाध्यक्ष, योगेश भिभटे, सागर वैद्य को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया हैं और सभी को समस्त सर्वेयरों के हित में काम करने की बात कही गई। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी कहा कि जो दात्यिव सौंपा गया है उसका ईमानदारी से निर्वहन कर संघ एवं सहायक पटवारी सर्वेयरों के हित में काम किया जायेगा। चर्चा में सहायक पटवारी सर्वेयर संघ के सचिव अतुल ठाकरे ने बताया कि शासन के द्वारा पटवारियों के कामों में सहयोग करने के लिए सर्वेयरों की नियुक्ति की गई है और हम लोग सहायक पटवारी सर्वेयर के रूप में काम करते है परन्तु काम करने में कुछ परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह भी बताया कि रविवार को लालबर्रा विकासखण्ड में पदस्थ सभी सहायक पटवारी सर्वेयरों की बैठक आयोजित की गई और बैठक में सहायक पटवारी सर्वेयर संघ का गठन कर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। श्री ठाकरे ने बताया कि संघ का गठन वाले के बाद अब सहायक पटवारी सर्वेयरों के हित में काम किया जायेगा और अब तक हमें मानदेय नही मिला है इसलिए प्रशासन से मांग है कि समय पर मानदेय प्रदान करें। इस अवसर पर कमलेश मेश्राम, ऋतिक चौधरी, अजय मर्सकोले, होलिका गजभिये, योगेश्वरी एड़े, रमानंद वैद्य, विजयकुमार चौरे सहित अन्य सर्वेयर उपस्थित रहे।

# निलजी के मरारीटोला में दिन-रात का मेला आज



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत निलजी के मरारीटोला में कार्तिक पूर्णिमा के दसवें दिन २५ नवंबर को दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। चर्चा में सार्वजनिक मेला उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के दसवें दिन २५ नवंबर को दिन-रात के मेले के अवसर पर ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए कजरेली तोर नैना छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें गायक-गायिकाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुती दी जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील सार्वजनिक मेला उत्सव समिति निलजी के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

# श्रध्दालुओं ने वैनगंगा नदी में स्नान कर पोटियापाट बाबा की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

## वैनगंगा नदी पोटियापाट धाम में 15 दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला जारी, बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रध्दालु





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत बम्हनी-ददिया के आगे पावन सलिल वैनगंगा नदी स्थित पोटियापाट धाम में कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन से जारी १५ दिवसीय मेले में २४ नवंबर को रविवार छुट्टी का दिन होने से वैनगंगा नदी में स्नान करने एवं भगवान भोलेनाथ व पोटियापाट बाबा की पूजा अर्चना करने क्षेत्रीय श्रध्दालुओं ने पहुंचकर अपनी आस्था प्रकट की और पोटियापाट बाबा की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आपकों बता दे कि नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत ददिया एवं बम्हनी की सीमा में समनापुर मार्ग पर स्थित वैनगंगा नदी के पोटियापाट धाम में कार्तिक पूर्णिमा से १५ दिवसीय ब्लॉक का सबसे बड़ा मेला लगता है। इस मेले में विकासखंड के अलावा अन्य दूर दराज के ग्रामों के लोग, श्रध्दालु बैलगाड़ी एवं अन्य साधनों से पहुंच कर स्नान कर माँ गंगा मैय्या व बाबा पोटिया देव की पूजा अर्चना कर मेले का आनंद उठाते है और कुछ लोग मान्यता की कढ़ाई लेकर पहुंचते है। जिनके द्वारा विभिन्न पकवान बनाकर पोटियापाट बाबा की पूजा अर्चना व भोग लगाकर आराधना की जाती है जिनकी मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। मेले में पहुंचे श्रध्दालुओं ने बताया कि यह मेला कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ होकर अमावस्या तक चलता है और कार्तिक मेले के अवसर पर ग्रामीणजन बैलगाड़ियों एवं अन्य वाहनों में सपरिवार पहुंचते हैं तथा गंगा स्नान कर प्रसादी के रूप में भोजन तैयार कर पूजा अर्चना कर गंगा मैय्या एवं पोटियापाट बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते है। साथ ही यह भी बताया कि पोटियापाट बाबा के इतिहास के संबंध में बुजुर्गों का कहना है कि वैनगंगा नदी के बीच में एक विशालकाय पत्थर की पिंडी बनी हुई है जिसे हम सभी लोग पुरातात्विक सांस्कृतिक आदिमकाल से पोटियापाट बाबा के नाम से जानते है और पूर्वजों द्वारा बताया गया है कि ग्राम ददिया के किसी व्यक्ति को स्वप्न में पोटियापाट बाबा ने कहा था कि आप मेरे स्थान पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन से १५ दिन का मेला लगाकर मेरी पूजा अर्चना करों। मैं आपकी मनोकामना पूर्ण करूंगा तब से पोटियापाट बाबा की पूजा अर्चन कर १५ दिन का मेला लगना प्रारंभ हो गया है। कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन से जारी १५ दिवसीय मेले में क्षेत्रभर के श्रध्दालुजन पहुंचकर पोटियापाट बाबा की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है और यह मेला वृहद रूप लेने लगा है। वहीं श्रध्दालुओं ने पोटियापाट धाम स्थल को धार्मिक स्थल बनाने के साथ ही सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है क्योंकि वैनगंगा नदी के तट पर स्थित पोटियापाट धाम में पिंड दान सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी संपन्न होते है और यह स्थान एक आस्था का केन्द्र बन चुका है।

### मनोकामनाएं होती है पूरी - वंदना

श्रध्दालु श्रीमती वंदना कुर्वे ने बताया कि वैनगंगा नदी पोटियापाट धाम में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दुसरे दिन से १५ दिवसीय मेला लगाता है एवं लालबर्रा क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र के श्रध्दालुजन भी इस मेले में आते है और वैनगंगा नदी में स्नान कर पोटियापाट बाबा की पूजा अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित करते है। श्रीमती वंदना ने बताया कि पोटियापाट बाबा की मान्यता है कि जो भक्तजन सच्चे श्रध्दा से पूजा पाठ करता है उसकी मनोकामना भी पूरी होती है और हमारी भी मनोकामना पूरी हुई है इसलिए प्रतिवर्ष पुरे परिवार के साथ आते है इसी तरह क्षेत्रभर के श्रध्दालुजन भी आते है और उनकी की मनोकामना पूरी होती है। साथ ही यह भी बताया कि यह धार्मिक स्थल बन चुका है, प्रशासन से मांग है कि यहां धर्मशाला बनाये एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले १५ दिवसीय मेले में महिलाओं व बच्चियों के लिए चेंजिंग रूम बनाये।



### प्रशासन का नही मिलता सहयोग - विरेन्द्र

पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले ने बताया कि माँ वैनगंगा नदी पर पोटियापाट बाबा स्थित है और कार्तिक पूर्णिमा के दुसरे दिन से १५ दिनों का मेला लगता है जो लालबर्रा विकासखण्ड का सबसे बड़ा मेला है और क्षेत्रभर के ग्रामीणजन अपनी आस्था लेकर इस मेले में आते है एवं स्नान कर विभिन्न पकवान (भंडारा) बनाने के बाद माँ गंगा मैय्या एवं पोटियापाट बाबा की पूजा अर्चना एवं भोग लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ ही प्रसादी का वितरण करते है। साथ ही कुछ लोग मान्यता पूरी होने पर कढ़ाई लेकर भी आते है। श्री बनवाले ने बताया कि पोटियापाट धाम में इतना बड़ा मेला का आयोजन होने के बाद भी प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग नही मिलता है जिससे श्रध्दालुओं को परेशानी होती है इसलिए प्रशासन से मांग है कि पोटियापाट धाम में कार्तिक पूर्णिमा से लगने वाले मेले में सहयोग प्रदान करें और जो सुविधाओं का अभाव है उसे पूरा करें ताकि दुर-दराज से आने वाले श्रध्दालुओं को सभी सुविधाओं का लाभ मिल सके।



### विकासखण्ड का सबसे बड़ा मेला लगता है पोटियापाट धाम में - ढबाले

बम्हनी सरपंच बीआर ढबाले ने बताया कि सदियों से ग्राम पंचायत बम्हनी-ददिया के समीप से गुजरी वैनगंगा नदी के तट पोटियापाट धाम में कार्तिक पूर्णिमा के दिन से १५ दिवस का मेला लगता है और इस मेले में क्षेत्रभर के श्रध्दालुजन बैलगाड़ी एवं अन्य साधनों से आते है और नदी में स्नान कर विभिन्न पकवान बनाकर गंगा मैय्या, पोटियापाट बाबा की पूजा पाठ कर आशीर्वाद प्राप्त करते है और आस्थापूर्वक भोजन ग्रहण करने के बाद मेला का आनंद लेते है। श्री ढबाले ने बताया कि मंदिर का निर्माण हो चुका है और यह लालबर्रा विकासखण्ड का सबसे बड़ा मेला लगता है जो ग्राम पंचायत ददिया एवं बम्हनी के संयुक्त सहयोग से पूर्ण होता है। साथ ही क्षेत्र में किसी की मृत्यु होने पर अब उनके परिजनों को मंडला नही जाना पड़ता है। यही पिंडदान सहित



# कंजई में श्री सत्य सांई बाबा के रथ का किया जायेगा भव्य स्वागत २६ को

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। श्री सत्य सांई बाबा का वर्ष २०२५ में जन्म शताब्दी वर्ष धूमधाम से मनाया जायेगा। इस जन्म शताब्दी वर्ष को भक्तिभाव, हर्षोल्लास, धूमधाम के साथ मनाने के लिए पुरे देश में श्री सत्य सांई समिति के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया रहा है। साथ ही म.प्र. में बाबा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए श्री सत्य सांई रथ यात्रा निकाली गई है और इस रथ यात्रा में सांई बाबा के चरण पादुका है जो गांव-गांव पहुंच रही है। इसी कड़ी में लालबर्रा विकासखण्ड में श्री सत्य सांई बाबा का रथ गत दिवस पहुंच चुकी है और २६ नवंबर को यह रथ यात्रा ग्राम पंचायत कंजई पहुंचेगी जहां श्री सत्य सांई समिति के पदाधिकारी, ग्रामीणजनों के द्वारा सांई रथ का भव्य स्वागत किया जायेगा। साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें जिसके बाद यह सांई रथ यात्रा दुसरे ग्राम के भ्रमण के लिए निकलेगी। चर्चा में श्री सत्य सांई सेवा समिति जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि श्री सत्य सांई बाबा का २०२५ में जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जायेगा इसी उपलक्ष्य में पूरे देश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं म.प्र. में ७ जुलाई से श्री सत्य सांई रथ यात्रा निकाली गई है। जो म.प्र. के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर बालाघाट में आ चुकी है एवं मंगलवार को लालबर्रा विकासखण्ड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कंजई में श्री सत्य सांई बाबा के रथ यात्रा पहुंचेगी जिसका श्री सत्य सांई समिति व श्रध्दालुजनों के द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। साथ ही श्री सत्य सांई बाबा के रथ में विराजमान बाबा के चरण पादुका की पूजा अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित करेगें क्षेत्रीयजन। श्री तिवारी ने बताया कि यह रथ यात्रा लालबर्रा विकासखण्ड में समस्त ग्रामों में एक महीने तक भ्रमण करेगी और इस रथ यात्रा के माध्यम से श्री सत्य सांई बाबा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही यह भी बताया कि यह रथ यात्रा ग्राम भांडामुर्री, बिरोलीटोला, कंजई, बांदरी, बोट्टा, नेवरगांव ला. पोंडी, रमपुरी, कन्हारटोला, टेंगनीकला, अतरी, घोटी, डोरली, बम्हनी, लालबर्रा, टेकाड़ी ला. खैरगोंदी, बोरी, बल्हारपुर, बहियाटिकुर, मरेरा, धरपीवाड़ा, गणेशपुर, गणेशपुर, डोकरबंदी, गोंडेगांव, बकोड़ा, बेलगांव, ददिया, खामघाट, गंगाटोला, मुरझड़, कौडिया, खामघाट, देवरी, खारी, खिर्री, साल्हे मो., खोंगाटोला, मोहगांव ध. सूरजाटोला, कटीटोला, गोंडीटोला, बुट्टा ह., बेहरई एवं छतेरा ग्राम का भ्रमण करेगी।




# संविधान निर्माण के ७५ वर्ष पूर्ण होने पर वाद-विवाद और क्विज प्रतियोगिता २६ को

75 YEARS OF CONSTITUTION OF INDIA

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। भारतीय सविंधान के निर्माण के ७५ वर्ष पूर्ण होने पर श्रेष्ठ अकादमी में २६ नवंबर को वाद विवाद और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान के तहत आयोजित की जा रही है। चर्चा में अकादमी के डायरेक्टर डामेन्द्र धानेश्वर ने बताया कि भारतीय संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं है। बल्कि यह देश की प्रगति, समावेशिता और सतत् विकास का आधार है। साथ ही यह भी बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए संविधान एक महत्वपूर्ण विषय है। संविधान को समझकर विद्यार्थी न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकते हैं, बल्कि अपने कर्तव्यों को भी बेहतर ढंग से निभा सकते हैं और इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को संविधान के महत्व से अवगत करवाना और २०४७ तक विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करना है। श्री धानेश्वर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर के सभी विद्यार्थी नि:शुल्क भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये जायेगें और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी क्विज मास्टर आकाश सपाटे से संपर्क कर पंजीयन करवा सकते है।

# गोंड गोवारी शहीदों को कटंगी में दी श्रद्धाजंलि




कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। 23 नवंबर 1994 को महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में अपने संवैधानिक मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे गोंड गोवारी समाज के लोगों पर तत्कालीन सरकार ने बल का उपयोग किया था. जिसमें 114 गोंड गोवारी समाज के लोग शहीद हो गए थे. इन शहीदों को श्रद्धाजंलि देने के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कटंगी में गोंड गोवारी समाज ने 23 नवबंर शनिवार को कटंगी में सिवनी रोड स्थित शहीद स्मारक स्थल खिलिया मुठिया आखर मैदान में श्रद्धाजंलि कार्यक्रम का आयोजन करवाया. जिसमें क्षेत्र के तमाम गोंड-गोवारी समाज के लोगों ने बढ-चढ़कर शिरकत की. दोपहर 12 बजे आराध्य देव खिलिया मुठिया की पूजा अर्चना की गई. वहीं साढ़े 12 बजे दीप प्रज्जवलित कर शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई. वहीं दोपहर में 02 बजे से सामाजिक विकास और समाज के हक अधिकारों को लेकर मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. ब्लॉक और नगर गोड गोवारी समाज संगठन के द्वारा श्रद्धाजंलि कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया. इस मौके पर शहर में बाइक रैली भी निकाली गई. कार्यक्रम में महेश सहारे, देवराज भोयर, सुखराम राउत, गोंविद सेन्दरे, अशोक कारसर्पे, हेमंत कौरे, बाबूलाल आमाडारे सहित समाज के कई वरिष्ट पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्वाजातीय जन मौजूद रहे. मंचीय कार्यक्रम शाम करीब 06 बजे तक चला. जिसमें वक्ताओं ने सामाजिक विषयों पर अपने-अपने विचार रखे।

# कासपुर बस्ती से आखरटोला मार्ग खस्ताहाल

## पक्का मार्ग निर्माण करने ग्रामीणजनों ने की मांग

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कासपुर से आखरटोला मार्ग की स्थिति खस्ता हाल हो गई है। जहां पर लोगों को आवागमन करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो कई बार दुर्घटनाग्रस्त भी होना पड़ता है। जिसको लेकर ग्रामीणों के द्वारा ग्राम पंचायत ,जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत से अनेकों बार मार्ग निर्माण को लेकर ज्ञापन भी दिया जा चुका है। परंतु वर्तमान तक मार्ग के सुधार के लिए भी कोई कार्य नहीं किया जा सका है जिसके कारण मार्ग पर वाहनों से चलना दुर्भर हो गया है। इस दौरान काफी परेशानियों का सामना हर किसी को उठाना पड़ रहा है ,जिसको लेकर राहगीरों एवं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जबकि यह मार्ग करीब आधा दर्जन ग्राम पंचायत को जोड़ता है ,जहां लोग इसी मार्ग का उपयोग कर वारासिवनी मुख्यालय पहुंच पाते हैं। जिनके द्वारा पक्के मार्ग का निर्माण करने की मांग की जा रही है ताकि लोगों को सुविधा पूर्वक आवागमन बिना किसी दुर्घटना के करना पड़े।





### गढ्डों से पटा मार्ग लोग परेशान

ग्राम पंचायत कासपुर के वार्ड नंबर १७ और १८ के मध्य में यह मार्ग स्थित है जो बस्ती से कालागोटा ,मंगेझरी तक जाता है और उसके आगे यह केरा ,भांडी ,पिपरिया सहित अन्य ग्रामों के लिए भी सीधा निकलता है। तो वहीं मंगेझरी वालों के लिए यह मार्ग एक बाईपास के रूप में होता है जहां से ग्रामीणजन वारासिवनी मुख्यालय जाने के लिए या क्षेत्र के लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं। जबकि वर्तमान में इस मार्ग में बहुत ज्यादा गड्ढे हो गए हैं ,जिससे वाहन अनियंत्रित होने का डर बना रहता है। तो वहीं मार्ग पर स्थित तालाब की रैंप के कारण आधा मार्ग कट चुका है। वहीं बरसात के दौरान इस मार्ग की बहुत ज्यादा दुर्दशा हो जाती है जो चलने लायक भी नहीं रह पाता है। जिसका उदाहरण बीती बरसात में देखने को मिला था ऐसे में मंगेझरी कालागोटा के लोग ५ किलोमीटर से अधिक का फेरा काटकर दूसरे मार्ग से मुख्यालय पहुंच रहे है। तो वहीं विद्यार्थियों का स्कूल बंद हो गया था आंगनवाड़ी में बच्चो को लाना भी बहुत मुश्किल होने लगा था। इस मार्ग पर लोगों की खेती भी स्थित है जहां ट्रैक्टर या अन्य वाहनों से आवागमन करने में समस्या होती रहती है। ऐसी स्थिति दोबारा ना हो इसे देखते हुए ग्रामीणों के द्वारा मार्ग के निर्माण की मांग शासन प्रशासन से की जा रही है।

### दुर्घटना होने का हमेशा बना रहता है डर

इस मार्ग का सबसे ज्यादा उपयोग छात्र छात्राओं के द्वारा किया जाता है जो मंगेझरी के समीपस्थ टोला एवं अन्य ग्राम के विद्यार्थी रोजाना आलेझरी हाई स्कूल जाने के लिए करते हैं। जो रास्ता उन्हें सीधा स्कूल तक ले जाता है ,उसके बाद ग्रामीणजन वारासिवनी मुख्यालय के लिए करते है। वहीं क्षेत्र के लोग बाईपास के रूप में भांडी और पिपरिया के लिए इसी मार्ग से मोटर साइकिल के माध्यम से आना जाना करते हैं। इस परिस्थिति में अनेकों बार दुर्घटनाएं घटित हो जाती है छात्र छात्राओं राहगीरों एवं ग्रामीणों को घायल होना पड़ता है ।परंतु सबसे ज्यादा समस्या रात्रि के समय होती है कि रोड़ में गड्ढे समझ नहीं आते हैं ,तालाब के पास रोड़ काटने से बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। जिसको देखते हुए सभी के द्वारा मार्ग को पक्का निर्माण तो नहीं किंतु आवागमन हेतु सुविधा बनाए जाने की बात कहीं जा रही है। इस पर पंचायत के द्वारा भी पूर्व बरसात में दलदल जैसी सड़क होने पर सूखे समय आने पर निर्माण की बात कही गई थी परंतु वर्तमान तक कोई कार्य स्पष्ट देखा नहीं जा रहा है।

### मार्ग की जर्जर हालत के कारण स्कुल जाने में बहुत परेशानी होती है-सत्यम कटरे

छात्र सत्यम कटरे ने बताया कि हम इस मार्ग से स्कूल आना जाना करते हैं जिसमें बहुत ज्यादा दिक्कत हमें होती रहती है। बरसात के समय तो यहां से आना जाना बंद हो जाता है यह मार्ग सीधा मंगेझरी ,कालागोटा तक जाता है हम प्रतिदिन आलेझरी स्कूल इसी मार्ग से जाते हैं। जिसमें धूल और गढ्ढो के कारण बहुत परेशानी होती है हम चाहते हैं कि यह रोड़ बनना चाहिए।



### रोड़ कम और गड्ढे ज्यादा दिखाई देता है-आर्यन बिसेन

छात्र आर्यन बिसेन ने बताया कि यहां पर रोड़ कम गड्ढे ज्यादा दिखाई देता है बारिश में पानी भर जाता है और अभी आवागमन में समस्या हो रही है। धूल के बहुत ज्यादा गुब्बारे उड़ रहे हैं चलना बहुत ज्यादा मुश्किल हो गया है। यहां जो एक छोटा सा तालाब है जिसे टाकी बोलते है उसके पास में रोड़ कट गया है। दुर्घटना होने की पूरी संभावनाएं बनी हुई है मार्ग में बहुत ज्यादा गड्ढे हैं कभी भी हादसे हो सकते हैं और होते रहते हैं। हम स्कूल आना जाना करते हैं तो हमारे कपड़े बरसात में कीचड़ से अभी धूल के कारण से खराब हो रहे हैं।



### ग्रामीणों सहित अन्य लोगो का

### पैदल चलना भी दुभर हो जाता है-कमलेश बागड़े

ग्रामीण कमलेश बागड़े ने बताया कि यह मार्ग आखरटोला रोड़ है अभी पूरा उबड़ खाबड़ रोड़ है बरसात में दलदल कीचड़ होता है। यहां से आना जाना बहुत ही मुश्किल से होता है सबसे ज्यादा समस्या स्कूल के बच्चों को होती है क्योंकि वह जा नहीं पाते हैं। धूल के इतने ज्यादा गुब्बारे उड़ते हैं किसी भी वाहन के जाने पर कि सामने कुछ नजर नहीं आता है। यह रोड़ सीधा भांडी ,पिपरिया ,मंगेझरी यहीं से जाता है। २ वर्ष से इस रोड़ की स्थिति खराब है परंतु आज तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। कृषि कार्य करने के लिए लोग ट्रैक्टर और बैलगाड़ी से बड़ी मुश्किल से जाते है वरना वह पैदल जा रहे हैं क्योंकि गड्ढे बहुत है।



### इस मार्ग से पैदल चलना भी दुभर हो गया है- महात्मा हनवत

ग्रामीण महात्मा हनवत ने बताया कि वार्ड नंबर १७ से १८ का रोड़ है कई वर्षों से हमारे द्वारा जिला पंचायत और ग्राम पंचायत को अवगत कराया जा चुका है पर रोड़ आज तक नहीं बना है। प्रशासन को भी अवगत कराया गया था परंतु कुछ नहीं हुआ बरसात में चलना दुर्भर हो जाता है। स्कूल और आंगनबाड़ी के बच्चे यहीं से रोजाना आना जाना करते हैं अभी सूखा समय है तो हम चाहते हैं की प्रशासन किसी भी मद से इसे बनाए या पंचायत इसमें व्यवस्था करें। क्योंकि लोग अभी भी परेशान हो रहे हैं ,खेती किसानी का काम चल रहा है ट्रैक्टर बैलगाड़ी बराबर आना जाना नहीं कर पाते हैं दुर्घटना होती रहती है। लोग गिरते हैं और परेशान होते हैं प्रशासन या पंचायत अपनी किसी भी निधि से बनायें क्योंकि ग्राम के बच्चों यहाँ से स्कूल जाते हैं । कालागोटा और मंगेझरी के मजदूर भी यहीं से आधी रात में आना जाना करते हैं। कई प्रकार की समस्याएं हैं रोड़ बनना चाहिए।



### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि यह मार्ग निर्माण करने जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत को प्रस्ताव बनाकर दिया गया है। परंतु कोई स्वीकृति नहीं मिली है और इसके लिए हम लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं कि कहीं से भी यह रोड़ प्राप्त हो जाए। जिससे कि लोगों को आवागमन करने में सुविधा हो यह रोड़ बहुत लंबा है जो पंचायत के माध्यम से नहीं बना सकते हैं। इसके पहले अभी जो सीमेंट रोड़ है वह पंचायत ने बनाया था अभी फिर जितना होगा उतना लंबा सीमेंट का मार्ग बनाने का प्रयास है।

**फकीरचंद देशमुख**
**सरपंच ग्राम पंचायत कासपुर**

# जल जंगल जमीन को बचाना हम सभी का कर्तव्य है-विवेक पटेल

## नारवांजपार में मनाई गई बिरसामुंडा की जयंती

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नारवांजपार नरोड़ी में गोंडवाना सर्कल के तत्वाधान में क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की १४९ वीं जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना एवं गोंडी स्वर लहरी तिरुमाल प्रेम शाह मेरावी का कार्यक्रम रात्रि में आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वारासिवनी खैरलाँजी विधायक विवेक पटेल ,कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी मौजूद रहे। दोनों ही विधायकों का समिति के द्वारा स्वागत किया गया जिसके बाद पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा की हमेशा याद रखना, अपने जल, जंगल और जमीन को बचाए रखना, जल क्या है जल नदी है और हमारा कर्तव्य है की नदी को बचाना ।अपने जंगल को बचाना अपने जमीन को बचाना,हमारे भोलेभाले आदिवासी भाइयों को बहला फुसला कर बाहर वाले उनकी जमीन खरीद कर चले जाते ह बेवजह अपनी जमीन ना बेचे । इस दौरान पवन बिसेन,योगेंद्र पटले, छोटू पेंटर, दौलत चौहान, रोहित जैतवार, नरेंद्र जैतवार, प्रेमेन्द्र हेडाऊ, चिंटू जैन, मंगल इनवाती, बस्तीराम पंचेश्वर सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। वहीं विधायक विवेक पटेल ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने वाले बेजुबानों को जुबान देने वाले हम बिरसा मुंडा के लोग है । बुंदेलशाह और कुंवर शाह के लोग हैं आदिवासी हमेशा सच्चा होता है कभी झूठ नही बोलता जो कहता है वही करता है। मेरे विधायक बनने के बाद मुझसे जो भी काम आदिवासी समाज ने मांगा मैंने सब दिया ।मैं आप लोगो के साथ हमेशा खड़ा हुं आप लोगो को जब भी मेरी जरूरत पडे मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हुं ।आप लोग जैसा विकास चाहेंगे वैसा ही विकास होगा समाज के लोग जहाँ जैसा बोलेंगे वैसा किया जाएगा। कहीं भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं जाएगी आप लोग जितनी राशि बोलेंगे मैं उतनी राशि विकास के लिए दूंगा। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे,अच्छा संस्कार दे,बच्चे जो देखेंगे वही सीखेंगे। इसलिए बच्चों के सामने अच्छा अच्छा बोले अच्छा सभी से व्यवहार करें। जैसा हम करेंगे वैसे हमारे बच्चे भी करेंगे इसलिए बच्चों को अच्छी शिक्षा अच्छा और संस्कार दे।





# राष्ट्रीय ध्वज को अज्ञात व्यक्ति ने कचरे में फेंका

## नगर वासियों ने पुलिस प्रशासन से कठोर कार्यवाही करने की मांग






वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) ।नगर के वार्ड नंबर १५ सिविल लाइन स्थित एसडीओपी बंगले के पास में वारासिवनी पुलिस के द्वारा कचरे में फेके गए राष्ट्रीय ध्वज को बरामद कर अपनी अभिरक्षा में लिया गया है। जो किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उक्त स्थान पर पोस्ट ऑफिस की बोरी में लाकर फेका गया है। यह नजारा देख लोग काफी आक्रोश में नजर आए। जिन्होंने घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से मामले में कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। जहां पर उपस्थित लोगों के द्वारा इस प्रकार राष्ट्रीय ध्वज को कचरे में फेंकने की घटना की आलोचना की जाती रही जहां लोगों के द्वारा उक्त मानसिकता पर खेद प्रकट किया गया।

### पोस्ट ऑफिस की बोरी में भरकर राष्ट्रीय ध्वज को फेका गया

नगर के वार्ड नंबर १५ सिविल लाइन नगर का एक संवेदनशील इलाका है जहां पर शासकीय अधिकारी कर्मचारी निवास करते हैं। जहां २४ नवंबर की सुबह करीब ११ बजे कुछ युवक गुजर रहे थे जिन्होंने पोस्ट ऑफिस की सफेद कलर की बोरी में तिरंगे जैसी कुछ सामग्री देखी। तो उन्होंने बोरी को थोड़ा खींचा तो उसके अंदर से करीब दो दर्जन से अधिक राष्ट्रीय ध्वज निकला। जिसमें कुछ बंडल के रूप में कुछ खुले थे जिसकी जानकारी उनके द्वारा वार्डवासियों को दी गई। इसके बाद मौके पर लगातार लोगों के द्वारा घटना स्थल पर आकर देखने का सिलसिला जारी रहा। जहां वार्ड पार्षद आशुतोष कोहाड़ के द्वारा उपस्थित होकर थाना प्रभारी और पुलिस उपनिरीक्षक धर्मराज सिंह बघेल से चर्चा कर उन्हें घटना की जानकारी देते हुए मौके पर बुलाया गया। जहां पर पुलिस प्रशासन के द्वारा उपस्थित होकर घटना की वीडियोग्राफी बनाकर और फोटो खींचकर राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक बोरी में डालकर अपनी सुरक्षा में लिया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों के द्वारा घटना के विरोध में अपना जमकर आक्रोश व्यक्त कर पुलिस के समक्ष मामले में गंभीरता से जांच कर इस विकृत मानसिकता वाले व्यक्ति पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई।

### हर घर तिरंगा अभियान के बताए जा रहे हैं राष्ट्रीय ध्वज

भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशवासियों में देशभक्ति की भावनाओं को मजबूत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय पर्व के प्रारंभ से समापन तक हर व्यक्ति अपने मकानो में राष्ट्रीय ध्वज लगा सकता है। जिसके लिए राष्ट्रीय ध्वज शासन के द्वारा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से बेचे जाते हैं। जिनके द्वारा विभिन्न संस्था को भी घर घर तक तिरंगा पहुंचाने के लिए यह ध्वज दिए जाते हैं ।ताकि हर कोई अपने मकानो में तिरंगा लगाकर गर्व की अनुभूति प्राप्त कर सके और देशभक्ति की भावना उनमें प्रबल हो। इस राष्ट्रीय ध्वज के साइज के राष्ट्रीय ध्वज पोस्ट ऑफिस की बोरी में पुलिस ने बरामद किए हैं। जो इसी अभियान के दौरान बचे हुए ध्वज प्रतीत हो रहे हैं। जिसमें किसी ना समझ व्यक्ति के द्वारा यह हरकत करने की संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि जिसके भी द्वारा यह कार्य किया गया है उस पर नागरिकों के द्वारा कठोर कार्यवाही की मांग की गई है।

### जिसने भी यह कृत्य किया है निदंनीय है- आशुतोष कोहाड़

वार्ड पार्षद आशुतोष कोहाड़ ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि मैं इस मार्ग से गुजर रहा था तभी कुछ वार्ड वासियों ने बताया कि करीब ३० राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे कचरे में फेका पड़ा हैं। तो हमने आकर देखा लोग यहां पर कचरा फेंकते हैं तिरंगा झंडा फेंका गया था जिसकी जानकारी हमें नहीं थी कि किसने फेंका है। पर जिसने भी यह कृत्य किया है वह निंदनीय है यह भारत का झंडा है हमारी आन बान शान का प्रतिक है। ऐसा करने वालो पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए और मेरे द्वारा स्वयं पुलिस को शिकायत की जाएगी। मुझे अभी कुछ देर पहले ही यह पता चला कि सिविल लाइन एसडीओपी बंगले के बाजू में कचरे में तिरंगे को फेंका गया है। तो मैं तत्काल यहां पर आकर देखा और मामले में थाना प्रभारी को फोन किया और थाना प्रभारी ने सहायक उप निरीक्षक धर्मराज बघेल को मौके पर भेजा।



### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि घटना की जानकारी लगते ही मौके पर जाकर तिरंगे ध्वज को अपनी अभिरक्षा में लिया गया है और मामले में जांच की जा रही है।

**धर्मराज बघेल**
**उपनिरीक्षक पुलिस थाना वारासिवनी**

# ऐरंडेले तेली समाज की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर ५ गांधी बाल उद्यान के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में २४ नवंबर को ऐरंडेले तेली समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई ।यह बैठक ऐरंडेले तेली समाज जिला अध्यक्ष सूरज लाल करकाड़े सहित अन्य पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें संत शिरोमणि जगनाडे महाराज की जन्म जयंती प्रतिभा सम्मान एवं सामाजिक सम्मेलन जिला स्तर पर मनाया जाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई ।यह संत शिरोमणि जगनाडे महाराज की जन्म जयंती समारोह ८ दिसंबर को समाज संगठन के द्वारा किया जाना है। जिसमें वर्ष २०२३-२४ में कक्षा दसवीं ,बारहवीं में ७० प्रतिशत से अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले समाज के छात्र छात्राओं एवं समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान होना है। जिसमें किस प्रकार से आयोजन किए जाएंगे क्या व्यवस्था होगी किस प्रकार पूरा कार्यक्रम किया जाएगा इसको लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं चर्चा के उपरांत विभिन्न प्रकार के निर्णय लिये गये। यह कार्यक्रम समाज की भूमि वार्ड नंबर १० बंदर झरिया ग्राम कोसमी में कार्यक्रम किया जायेगा। तत्पश्चात समाज उत्थान के लिए भी विचार विमर्श किया गया कि किस प्रकार समाज के लोगों को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर सुरज करकाडे ,शंकर कोलते ,तिलक करकाडे ,रूमन देवारे ,योगेश करकाडे ,राजकुमार तरारे ,राजेंद्र सहारे ,अनिल देवारे ,युवराज देवारे ,आनंद देवारे , पूनाराम कोलते ,सुंदर निकुरे सहित अन्य समाज के पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष सूरजलाल करकाड़े ने बताया कि ऐरंडेले तेली समाज संगठन बालाघाट की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला स्तर पर आयोजित होने वाले संत शिरोमणि जगनाडे महाराज जन्म जयंती प्रतिभा सम्मान एवं सामाजिक सम्मेलन को लेकर आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा कर विस्तार पूर्वक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। यह एक सामाजिक सम्मेलन होना है जिसके माध्यम से समाज उत्थान के लिए भी विभिन्न विषय पर चर्चा की गई ।जिसके माध्यम से समाज को जागरूक करने आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया जायेगा।



# अविलंबनीय समय सीमा : जी-20 के समक्ष मुद्दे

रियो डी जनेरियो में हाल ही में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर भूख एवं गरीबी से निपटने और जलवायु न्याय को बढ़ावा देने को लक्ष्य घोषित किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने गरीबी को 卐मानवता को शर्मसार करने वाला अभिशाप卐 कहा और सम्मेलन में एकत्रित राष्ट्रों से 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का राजस्व सृजित करने के लिए दुनिया के सबसे अमीर लोगों पर दो फीसदी का संपत्ति कर जैसे कदमों का इस्तेमाल करके 'अकूत धनवानों' (सुपर-रिच) पर कर लगाने जैसी नीतियों को लागू करने का आहवान किया। लेकिन जी-20 की घोषणा इससे पीछे रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस तथ्य को रेखांकित किया कि दुनिया की समस्याओं को 'ग्लोबल साउथ' द्वारा सबसे ज्यादा तीव्रता से महसूस किया जाता है और लिहाजा, वैश्विक प्रशासन की बागडोर उनके हाथों में होनी चाहिए जो दुनिया के व्यापक बहुमत की नुमाइंदगी करते हैं। सन् 2022 में इंडोनेशिया और 2023 में भारत के बाद, ब्राजील जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला ग्लोबल साउथ का तीसरा देश था। जी-20 का अगला शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ़्रीका में होना है। ब्राजील शिखर सम्मेलन में गरीब व उभरती अर्थव्यवस्थाओं की समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित किये जाने की उम्मीद थी। हालांकि, दुनिया के दूसरी अन्य समस्याओं से जूझने के मद्देनजर इस सम्मेलन के आयोजन के समय ने इस बड़े हित को फीका और फोकस को छिन्न-भिन्न कर दिया। इजराइल पर 7 अक्टूबर के हमले और गाजा तथा लेबनान के खिलाफ उसके प्रतिशोध के बाद यह पहला जी-20 शिखर सम्मेलन था। यूक्रेन पर रूस के हमले ने बाली और नई दिल्ली में आम सहमति बनाना पहले से ही काफी मुश्किल बना दिया था। दोनों संघर्षों के संबंध में ध्रुवीकृत नजरिए के गहरा होने के साथ, जी-20 की घोषणा को कमजोर बना दिया गया। इस घोषणा में गाजा में मानवीय स्थिति पर सिर्फ 卐गहरी चिंता卐 व्यक्त की गई और 卐वैश्विक स्तर पर भोजन और ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में पीड़ा ...卐 को रेखांकित करते हुए रूस से जुड़े सभी संदर्भ हटा दिए गए। इसमें संघर्षों को खत्म करने के बारे में कोई बारीक ब्यौरा नहीं था।

जी-20 के आयोजन का समय अजरबैजान में आयोजित सीओपी 29 के करीब रखे जाने से इस बात का संकेत मिला था कि विकासशील दुनिया द्वारा उठाए गए जलवायु वित्तपोषण और जलवायु न्याय के मुद्दे को जी-20 की घोषणाओं में जगह मिलेगी और फिर इन घोषणाओं का समावेश सीओपी की प्रक्रिया में होगा। ब्राजील 2025 में सीओपी की मेजबानी करेगा। हालांकि, यह शिखर सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव परिणामों के ठीक बाद हुआ और उस पर इस चुनाव की छाया पड़ी। डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान उनके कदमों को देखते हुए, यह साफ है कि वह 'ग्लोबल साउथ' की आकांक्षाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे। न ही उनकी तरफ से ग्लोबल वार्मिंग से निपटने या जीवाश्म ईंधन के दोहन को कम करने के लिए अमेरिका के द्वारा अपेक्षित संसाधनों को खर्च किए जाने की संभावना है। उनके मंत्रिमंडल में जलवायु से संबंधित समस्याओं से इनकार करने वाले लोग हैं और उनके खुद के प्रचार अभियान का नारा था 卐ड्रिल, बेबी, ड्रिल卐। इन आशंकाओं के मद्देनजर, ग्लोबल साउथ और इंडोनेशिया-भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका की चौकड़ी को यह सुनिश्चित करना होगा कि अगला जी-20 सम्मेलन विकासशील दुनिया की चिंताओं को दूर करने और गरीबी एवं भुखमरी, जलवायु परिवर्तन तथा वैश्विक शासन के संबंध में भविष्य के लिए एक रास्ता निर्धारित करने में समर्थ हो। सन् 2026 में, चूंकि जी-20 का शिखर सम्मेलन वापस संयुक्त राज्य अमेरिका में होगा, लिहाजा इसकी समय सीमा बेहद महत्वपूर्ण हो गई है।

# महान वैज्ञानिक - जूलियस रॉबर्ट वॉन मेयर

जूलियस रॉबर्ट वॉन मेयर का जन्म 25 नवंबर 1814 को हीलब्रोन , वुर्टेमबर्ग जर्मन में हुआ था, वे एक फार्मासिस्ट के बेटे थे।वुर्टेमबर्ग जो नेकर नदी के किनारे एक छोटा सा शहर है, जो एक मेडिकल आदमी मेयर जो रॉबर्ट के नाम से जाने जाते थे उन्होंने पास के ट्यूबिंगन विश्वविद्यालय में मेडिकल स्कूल में पढ़ाई की, और हीलब्रॉन में अभ्यास करने से पहले, उन्होंने ईस्ट इंडीज की एक साल की डच यात्रा के लिए जहाज के डॉक्टर के रूप में हस्ताक्षर करके दुनिया को देखने का फैसला किया। कई बुखार से पीड़ित नाविकों के रक्तपात में लगे रहने के दौरान, उन्होंने देखा कि उनकी नसों में खून सामान्य से बहुत ज़्यादा लाल था, लगभग धमनी के खून जितना लाल, यह दर्शाता है कि शिरापरक रक्त में सामान्य से ज़्यादा ऑक्सीजन थी। इस मामले पर विचार करते हुए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि यदि रक्त में ऑक्सीजन का उद्देश्य भोजन के ऑक्सीकरण के माध्यम से शरीर को गर्मी प्रदान करना है, तो उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में लोगों को कम शारीरिक गर्मी की आवश्यकता होगी, और इसलिए वे कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हैं । और इसने मेयर को यह निष्कर्ष निकालने के लिए प्रेरित किया कि प्रकृति में गर्मी को संरक्षित किया जाना चाहिए, कि शरीर द्वारा उपयोग की जाने वाली ऑक्सीजन आवश्यक गर्मी के अनुपात में होनी चाहिए।1840 का दशक ऊष्मागतिकी के इतिहास में एक अद्भुत दशक था, क्योंकि कई वैज्ञानिकों ने, काफी स्वतंत्र रूप से, ऊर्जा के संरक्षण के सिद्धांत की खोज की थी। दरअसल, उन्होंने ऊर्जा की अवधारणा की खोज की, और फिर यह कि ऊर्जा एक ऐसी मात्रा है जो सभी अंतर्क्रियाओं में संरक्षित रहती है। जेम्स जूल की तरह ऊर्जा के संरक्षण के विचार पर ठोकर खाने वाले ज़्यादातर लोग गणितीय या प्रायोगिक भौतिक विज्ञानी थे। थर्मोडायनामिक्स के प्रथम नियम के कई स्वतंत्र खोजकर्ताओं में से पहले के रूप में सभी पाठ्यपुस्तकों में शामिल हैं।जर्मन चिकित्सक और भौतिक विज्ञानी जूलियस रॉबर्ट वॉन मेयर का निधन 20 मार्च, 1878, को 63 वर्ष की आयु में हो गया । लेकिन थर्मो डायनामिक्स में शोध के लिए आज भी लोग याद करते हैं।

मेयर हेलब्रॉन लौटने पर, मेयर ने इस मामले को आगे बढ़ाया, और उन्होंने 1841 में ऊष्मा के संरक्षण पर एक पेपर लिखा, जिसे उन्होंने एनालेन



डेर फिजिक को भेजा, जिसे संपादक ने जाहिर तौर पर इतना विचित्र माना कि उन्होंने जवाब देने या पांडुलिपि वापस करने की भी जहमत नहीं उठाई। ऐसा लगता है कि मेयर ने इसे इस बात का संकेत माना कि उनके पहले पेपर में सटीकता की कमी थी, जो कि निश्चित रूप से थी, और उन्होंने दूसरा पेपर लिखा, जिसे उन्होंने एनालेन डेर केमी अंड फ़ार्मेसी को भेजा, और यह 1842 में प्रकाशित हुआ। इसका शीर्षक इस प्रकार है- निर्जीव प्रकृति की शक्तियों पर टिप्पणी। इसमें, मेयर ने पहली बार कहीं भी, उस चीज़ की गणना की जिसे बाद में ऊष्मा का यांत्रिक समतुल्य कहा जाएगा; उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि 365 मीटर की दूरी पर गिरने वाला और ज़मीन से टकराने वाला भार उसके तापमान को 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ा देगा। उन्होंने तर्क दिया कि ऊष्मा और गति एक ही मात्रा की अलग-अलग अभिव्यक्तियाँ हैं, जिसे हम अब ऊर्जा कहते हैं।

हालाँकि यह शोधपत्र प्रकाशित हुआ था, लेकिन जर्मनी में इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली और वास्तव में कई मौकों पर इसकी कड़ी आलोचना की गई। जूल ने अपना पहला शोधपत्र अगले वर्ष, 1843 में ऊष्मा के यांत्रिक मूल्य पर लिखा, जो मेयर के काम से पूरी तरह अनभिज्ञ था। मेयर ने एक चिकित्सक के रूप में अभ्यास करना जारी रखा और ऊर्जा विषयों पर कई और शोधपत्र लिखे, जब उन्होंने देखा कि जूल को ऊष्मा के यांत्रिक समतुल्य की खोज का श्रेय दिया जा रहा है, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। उनका जीवन ढलान पर चला गया; 1848 में बीमारी के कारण उनकी दो छोटी बेटियाँ मर गईं; उन्होंने 1850 में तीसरी मंजिल की खिड़की से खुद को फेंककर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं लेकिन मौत नहीं हुई; और कई साल बाद, वे विक्षिप्त हो गए और उन्हें एक मानसिक संस्थान में भर्ती होना पड़ा। वे धीरे-धीरे ठीक हो गए और चिकित्सा पद्धति में लौट आए, लेकिन वे ऊर्जा संरक्षण पर अपने काम पर कभी वापस नहीं लौटे। उनका काम हमेशा के लिए पहचाना नहीं जा सकता था।

जॉन टिंडल, एक सम्मानित भौतिक विज्ञानी, सामान्य रूप से जेम्स जूल से चिढ़ गए थे, और अधिक विशेष रूप से, जूल के ऊर्जा के संरक्षण की खोज करने के दावे से (उस समय तक इसे ऊष्मागतिकी के पहले नियम के रूप में जाना जाता था), और वे जूल के समर्थकों से भी नाराज़ थे, जैसे कि विलियम थॉमसन और बाद में लॉर्ड केल्विन उनसे नाराज थे । टिंडल ने जाहिर तौर पर मेयर के काम के बारे में सुना था, और 1862 में, उन्होंने अपने जर्मन सहयोगी, रुडोल्फ क्लॉसियस को मेयर के बारे में पूछते हुए लिखा; क्लॉसियस ने शुरू में जवाब दिया कि मेयर के काम में कुछ भी महत्वपूर्ण होने की संभावना नहीं है, लेकिन फिर उन्होंने 1842 के पेपर को करीब से देखा और महसूस किया कि मेयर वास्तव में मामले के मूल तक पहुँच गए थे, और उन्होंने टिंडल को बताया कि मेयर ने ऊर्जा के संरक्षण पर एक शानदार पेपर लिखा है, और उन्होंने जूल से पहले ऐसा किया था, और उन्होंने पेपर की एक प्रति भेजी। इसके बाद टिंडल ने 1862 में लंदन में रॉयल इंस्टीट्यूशन में एक व्याख्यान दिया और ब्रिटिश भौतिकविदों के समुदाय के लिए बड़ी चिंता की बात थी कि मेयर ऊष्मागतिकी के पहले नियम के खोजकर्ता थे। टिंडल ने मेयर के बारे में कहा- यह एक प्रतिभाशाली व्यक्ति था जो चुपचाप काम कर रहा था, केवल अपने विषय के प्रति प्रेम से प्रेरित था, और उन लोगों से कुछ समय पहले सबसे महत्वपूर्ण परिणामों पर पहुँच गया था जिनका जीवन पूरी तरह से प्राकृतिक दर्शन यानी, जूल और थॉमसन के लिए समर्पित था। लगभग तुरंत ही, मेयर के 1842 के जर्मन पेपर का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया और उसी वर्ष बाद में फिलोसोफिकल मैगज़ीन , लंदन, एडिनबर्ग और डबलिन फिलोसोफिकल मैगज़ीन में प्रकाशित किया गया। इस पेपर पर हाल ही में काफी ध्यान दिया गया है, क्योंकि वह बल की अविनाशीता के सिद्धांत और विशेष रूप से ऊष्मा और कार्य की तुल्यता के विचार के शुरुआती प्रवर्तकों में से एक हैं, इसलिए फिलोसोफिकल मैगज़ीन के कई पाठकों को इस विषय पर उनके सबसे शुरुआती प्रकाशन को पढ़ने में रुचि होगी, और फिर पाठक को टिंडल के व्याख्यान का संदर्भ देते हैं, जो उसी पत्रिका के पिछले अंक में कई महीने पहले प्रकाशित हुआ था।जे.आर. मेयर, लंदन, एडिनबर्ग और डबलिन फिलॉसॉफिकल मैगज़ीन, सीर. 4, खंड 24, 1862 के अंक में (लिंडा हॉल लाइब्रेरी) द्वारा अकार्बनिक प्रकृति की शक्तियों पर टिप्पणी पर शोधपत्र प्रकाशित हुआ।

इस प्रकार मेयर को काफी प्रतिष्ठा फिजिक्स के फील्ड में मिली । उन्हें रॉबर्ट वॉन मेयर नाम का उपाधि से उन्हें सम्मानित किया गया, और 1878 में उनकी मृत्यु के समय तक, वे एक राष्ट्रीय नायक थे। और वे अभी भी दक्षिणी जर्मनी में एक प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्ति भी हैं। उनके गृह नगर हीलब्रॉन के शहर के चौराहे पर उनके सम्मान में एक सुंदर कांस्य प्रतिमा लगी है। और अब वे थर्मोडायनामिक्स के प्रथम नियम के कई स्वतंत्र खोजकर्ताओं में से पहले के रूप में सभी पाठ्यपुस्तकों में शामिल हैं।जर्मन चिकित्सक और भौतिक विज्ञानी जूलियस रॉबर्ट वॉन मेयर का निधन 20 मार्च, 1878, को 63 वर्ष की आयु में हो गया । लेकिन थर्मो डायनामिक्स में शोध के लिए आज भी लोग याद करते हैं।

-संजय गोस्वामी

# नारे जीते, मुद्दे हारे, दिन में दिखे आसमान के तारे




महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा के चुनावों के साथ ही तमाम उप चुनावों के नतीजे आपके सामने हैं । हारी और जीती हुई पार्टियाँ तथा गठबंधन इन चुनाव परिणामों की अपने ढंग से व्याख्या कर रहे हैं ,लेकिन लब्बो-लुआब ये है कि इन तमाम चुनावों में नारे जीत गए और मुद्दे हार गए। ये बात महाराष्ट्र पर भी लागू होती है ,झारखंड पर भी और उत्तर प्रदेश पर भी। और नारा धारदार निकला उसका बेडा पार हो गया और जिसका नारा मोथरा साबित हुआ उसकी नाव डूब गयी।

बात शुरू करते हैं महाराष्ट्र से । महाराष्ट्र सचमुच राष्ट्र से बड़ा सूबा साबित हुया। सभी को लग रहा था कि महाराष्ट्र में महायुति की सरकार नहीं बनेगी ,लेकिन चुनाव परिणामों ने सभी को चौंका दिया। बाबा आदित्यनाथ के नारे बटोगे तो कटोगे के नारे का विरोध करने वाले भाजपा और एएनसीपी के नेता तक हतप्रभ हैं कि ये कमाल का नारा कैसे साबित हुआ। मोदी का नारा एक रहोगे तो सेफ रहोगे उतना नहीं चला जितना की योगी का नारा चला। भाजपा और संघ के नारे खूब चले। इन नारों ने एक बार फिर मुद्दों को पीछे छोड़ दिया और महाराष्ट्र में महायुति की अखन,प्रचंड और मुचंड विजय ने ये साबित कर दिया है कि हमारी जनता मुद्दों पर फैसला करना भूल गयी है।

नारों का जो असर महाराष्ट्र में हुआ ,वो ही असर झारखंड में भी हुआ,लेकिन वहां भाजपा के नहीं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नारे चले। झामुमो के नारों में आदिवासियत कूट-कूटकर भरी थी। संघ और भाजपा के नारे इस आदिवासियत का कवच भेद नहीं पाए इसीलिए परिणाम भाजपा के पक्ष में नहीं आये। झारखंड में झामुमो की विजय से एक बार फिर भाजपा का ही नहीं बल्कि भाजपा की विपुल सम्पदा को लूटने के लिए आतुर बैठे ए-1 और ए-2 का सपना भी बिखरा है। आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा सराय काले खान पर उनका नाम चस्पा किये जाने से झांसे में नहीं आये।

इन दो विधानसभा चुनावों के परिणामों से एक बात और प्रमाणित हुई है कि यदि सत्तारूढ़ दल के हाथ में मशीनें या मशीनरी हों तो चुनाव परिणामों को बदला जा सकता है। भाजपा के हाथ में महाराष्ट्र में मशीन और मशीनरी दोनों थे इसलिए अप्रत्याशित परिणाम मिले। झारखण्ड में झामुमो के पास मशीनें नहीं थीं किन्तु मशीनरी थी जो उनके काम आयी और झारखण्ड की सत्ता खंड-खंड होने से बच गयी। यहाँ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का नारा चला। आदिवासी एक रहे तो सेफ रहे। महाराष्ट्र में हिन्दू बटे नहीं, सो कटे नहीं। कहीं योगी जी का नारा चला तो कहीं अमित शाह की जुगत। शाह साहब ने महाराष्ट्र में यदि भाजपा को ज्यादा सीटों पर न लड़ाया होता तो शायद ये परिणाम नहीं आते।

अब बात उप चुनावों की कर लेते हैं। उपचुनावों में सबसे ज्यादा दिलचस्प उपचुनाव उत्तर प्रदेश विधानसभा के थे । यूपी में 9 सीटों में से 7 सीटें भाजपा ने जीतकर लोकसभा चुनाव में हुए घाटे की भरपाई करने की कोशिश की है ,यहां आईएनडीए गठबंधन ही नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी और उसका पीडीए का फार्मूला भी बुरी तरह से हारा। मध्यप्रदेश में 2 सीटों में से भाजपा को एक सीट गंवाना पड़ी ,क्योंकि इन चुनावों में भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने आय। केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया उपचुनावों से नदारद रहे। केरल में कांग्रेस को वायनाड लोकसभा सीट जीतना थी सो उसने जीतकर दिखा दी।

राजस्थान में मुख्यमंत्री भंवरलाल शर्मा ने विधानसभा की 7 में से 5 सीटें जीतकर सप्लीमेंट्री परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। बिहार में 4 की 4 सीटें एनडीए गठबधन ने जीतकर साबित कर दिया की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की किस्मत अभी उनका साथ दे रही है। पंजाब में भी आमआदमी पार्टी और कांग्रेस ने भाजपा को पांव रखने की जगह नहीं दी और सभी चारों सीटें जीत लीं। यानि आप की पकड़ पंजाब में ढीली नहीं कर पायी भाजपा या आरएसएस। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को भी 6 सीटें मिल ही गयीं। नादेड भी कांग्रेस को अंततोगत्वा मिल ही गयी।

अगहन के महीने में हुए इन तमाम चुनावों के नतीजे बताते हैं कि भाजपा न अभी कांग्रेस को निर्मूल कर पायी है और न ही इन नतीजों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर लगे प्रश्नचिन्ह ही हटे हैं। मोदी को एक दिन बाद संसद में विपक्ष के हमलों का सामना करना पड़ेगा । हालाँकि इन चुनाव परिणामों से सत्तारूढ़ दल की यानि मोदी जी की ढाल मजबूत हुई है। वे विपक्ष के वार तो झेल जायेंगे लेकिन देश कोआशवस्त नहीं कर पाएंगे कि वे ए-2 के पीछे नहीं खड़े हैं। जमाना बदल गया है अन्यथा यदि आज सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रपति होते तो वे मोदी जी को दही-शक्कर न खिला रहे होते, वे मोदी जी को पद छोड़ने की सलाह देते। क्योंकि देश की राजनीति को मुद्दों से भटकाने के सबसे बड़े अपराधी मोदी जी ही है। वे ही जनता की प्रतिकार शक्ति को खा गये । उन्होंने ही मुद्दों के ऊपर नारे लाद दिए या लदवा दिए। नारों के मकड़जाल से देश जब बाहर निकलेगा तब निकलेगा । तब तक मै सभी दलों के जीते हुए प्रत्याशियों को ,उनके नेताओं को हार्दिक बधाई देता हूँ। मेरी संवेदनाएं हारे हुए तमाम प्रत्याशियों और उनके नेताओं के प्रति भी हैं।

- राकेश अचल

# शर्मनाक है 'विध्वंस' को महिमामंडित करना

साहित्य, मानवीय अभिव्यक्ति का एक ऐसा रूप है जो 'संस्कृति' का प्रसार करता है। साहित्य को समाज का दर्पण भी कहा जाता है। साहित्यकार अपनी रचनाओं में समाज के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं। साहित्य, जीवन के प्रचलन के अनुसार गतिशील रहता है। गैर-काल्पनिक गद्य, काल्पनिक गद्य, कविता, नाटक, और लोक कथाएं आदि साहित्य के प्रमुख रूप हैं। साहित्यिक भाषा, किसी भाषा का वह रूप है जिसका उपयोग औपचारिक, अकादमिक, या विशेष रूप से विनम्र लहजे में लिखते समय किया जाता है। साहित्य समाज के मर्म का भी दर्पण है। यह साहित्य ही है जिसके द्वारा शब्दों के माध्यम से बड़े ही प्रभावी तरीक़े से अपनी बात कही और दूसरों तक पहुंचाई जाती है। हमारे देश में हिंदी व उर्दू साहित्य का एक सबसे प्रभावी नाम था मुंशी प्रेमचंद। उनके उपन्यासों व कहानियों में प्राय: ग़रीबी,सामाजिक अन्याय, सामाजिक व साम्प्रदायिक सद्भाव सहित तमाम मानवीय पहलुओं का ज़िक्र हुआ करता था। इसी तरह प्रेमचंद के समकक्ष अंग्रेजी साहित्य में भी ऐसे अनेक साहित्यकार हुये हैं जिन्होंने सामाजिक मुद्दों और यथार्थवाद को इसी तरह संबोधित किया। इनमें चार्ल्स डिकेंस को जहां गरीबों के संघर्षों के चित्रण और सामाजिक अन्याय की आलोचना के लिए जाना जाता है वहीँ विशेष रूप से ओलिवर ट्विस्ट और डेविड कॉपर फ़ील्ड जैसी रचनाओं के लिये भी वे प्रसिद्ध हैं। इसी तरह मार्क ट्वेन के आख्यानों में अक्सर जाति और वर्ग के विषयों पर प्रकाश डाला जाता था, जैसा कि द एडवेंचर्स ऑफ़ हकलबेरी फिन में देखा गया है। वहीं टोनी मॉरिसन जोकि बेलव्ड जैसे उपन्यासों में अफ़्रीक़ी अमेरिकी अनुभवों और सामाजिक मुद्दों की उनकी खोज प्रेमचंद के हाशिए पर पड़े समुदायों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ प्रतिध्वनित होती है। प्रेमचंद की ही तरह इन लेखकों ने भी अपने आख्यानों का उपयोग सामाजिक मानदंडों और अन्याय की आलोचना करने के लिए किया।

लियो टॉल्स्टॉय ने भी प्रेमचंद के लेखन को प्रभावित किया। उन्होंने टॉल्स्टॉय की नैतिक कहानियों का हिंदी में अनुवाद किया, जिससे उन्हें 卐हिंदी टॉल्स्टॉय卐 की उपाधि मिली। इसी तरह गुस्ताव फ़्लोबर्ट की कथात्मक शैली भी प्रेमचंद के सामाजिक यथार्थवाद पर ध्यान केंद्रित करने के समान है। मैक्सिम गोर्की ने भी विशेष रूप से निम्न वर्गों के संघर्षों के संबंध में प्रेमचंद के साथ विषयगत चिंताओं को साझा किया। इसी तरह शेक्सपियर हों या रविंद्र नाथ टैगोर,इन जैसे अनेक लेखकों व साहित्यकारों ने अपने लेखन में मानवीय संवेदनाओं का बखूबी ज़िक्र किया है। वैसे भी हमारा देश गांधी के सत्य अहिंसा के सिद्धांतों पर चलने वाले देश के रूप में विश्व प्रसिद्ध है। इसलिये यहाँ हिंसा,विध्वंस,नफ़रत,विद्वेष,साम्प्रदायिकता तबाही बर्बादी जैसे अमानवीय पहलुओं की कोई गुंजाईश नहीं होनी चाहिये।

परन्तु ब्रिटिश कंपनी जे सी बैमफ़ोर्ड एक्सकेवेटर लिमिटेड (जेसीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेसीबी (इंडिया) जो ब्रिटिश कंज़र्वेटिव पार्टी के सबसे प्रभावशाली दान दाताओं में से एक रही है, इसी जेसीबी कंपनी ने लेखकों के लिए एक साहित्य पुरस्कार की स्थापना की है। ग़ौर तलब है कि यही जे सी बी कंपनी है जो इज़राइली रक्षा मंत्रालय के साथ एक अनुबंध के तहत फ़िलिस्तीन में मकानों को ध्वस्त करने और अवैध इस्राईली बस्तियों के विस्तार के लिए जेसीबी बुलडोज़र मुहैय्या करा रही है। इसी जे सी बी के बुलडोज़र ग़ज़ा में तबाही मचाये हुये हैं। भारत में भी सुप्रीम कोर्ट के दख़ल के बाद भले ही जे सी बी के बुलडोज़रों द्वारा ढहाए जाने वाले भवनों की संख्या में अब विराम लग गया हो। परन्तु गत एक दशक से देश के ख़ासकर भारतीय जनता पार्टी शासित अनेक राज्यों में सत्ता शक्ति का दुरूपयोग करते हुये धर्म व जाति-विशेष के लोगों को निशाना बनाया गया और शासन द्वारा अदालत की शक्तियों को अपनी हाथों में लेने की कोशिश की गयी, जिसने पूरे विश्व में मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया।

और इससे भी शर्मनाक बात यह है कि इसी विध्वंसकारी मशीन का भारत से लेकर अमेरिका तक इन्हीं दक्षिणपंथियों द्वारा महिमामंडन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस मशीन का विदेशों में प्रदर्शन किया गया। और हद तो तब हो गयी जब गाँधी के राज्य गुजरात में अप्रैल 2022 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ब्रिटिश जे सी बी कम्पनी का दौरा करते हैं और साथ ही बुलडोज़र पर खड़े होकर फ़ोटो कराते हैं। साथ ही अपने इसी दौरे में वे गाँधी जी के आश्रम में जाकर उनका चरखा भी चलाते हैं। सवाल यह है कि जो जे सी बी कंपनी भारतीय लेखकों की विविधता का जश्न मनाते हुए साहित्यिक पुरस्कार देने के घोषणा कर रही हो उसी कंपनी द्वारा ऐसी विध्वंसकारी मशीन का निर्माण व जनसंहारक उपयोग किया जाना जिससे कि वह दंड के रूप में लाखों लोगों के जीवन,उनके घरों व आजीविका को नष्ट करने में भागीदार हो, ऐसे दोहरेपन में आख़िर 'साहित्यिक पुरस्कार' की क्या गुंजाईश ?

यही वजह है कि भारतीय लेखकों सहित विश्व के सौ से अधिक उपन्यासकारों,लेखकों,कवियों,अनुवादकों और प्रकाशकों ने ब्रिटिश बुल्डोजर निर्माता और एक साहित्यिक पुरस्कार की आयोजक कंपनी जेसीबी की आलोचना करते हुए एक खुला पत्र लिखकर साफ़ शब्दों में यह कहा है कि 'जेसीबी साहित्य पुरस्कार' कोई पुरस्कार नहीं बल्कि यह इस कंपनी का एक पाखंड है क्योंकि जेसीबी साहित्य पुरस्कार' की घोषणा करने वाली यही कंपनी भारत और फ़िलस्तीन में ग़रीबों तथा हाशिये पर पड़े ग़रीब लोगों की ज़िंदिगी 'उजाड़' रही है और जो 'दंड के रूप में इतने सारे लोगों के जीवन और आजीविका को नष्ट करने में भागीदार है। 'लेखकों ने पत्र में यह भी लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विभिन्न राज्यों में मुसलमानों के घरों, दुकानों और उपासना स्थलों को ध्वस्त करने के लिए 'व्यवस्थित अभियान' में लगातार जेसीबी बुलडोज़र का इस्तेमाल किया है और इस परियोजना को 'बुलडोज़र न्याय' का नाम दिया गया है, जो बेहद परेशान करने वाला है। लेखकों ने अपने खुले पत्र में यह भी कहा है कि "हम साहित्यिक समुदाय के समर्थन के ऐसे कपटपूर्ण दावों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह पुरस्कार जेसीबी के हाथों पर लगे ख़ून को नहीं धो सकता। भारत के उभरते लेखक इससे बेहतर पुरस्कार के हक़दार हैं। कंपनी और पुरस्कार देने वालों की ओर से इस तरह का पाखंड निंदनीय है। इसे भारतीय साहित्य के लिए एक बहुत ही 'प्रतिष्ठित' साहित्यिक पुरस्कार के साथ जोड़कर हरगिज़ नहीं देखा जा सकता। न ही इस पुरस्कार का स्वतंत्र अभिव्यक्ति, विविधता और बहुलवाद को बढ़ावा देने से कोई लेना-देना है। मानवीय संवेदनाओं का सम्मान करने वाले लेखकों के लिये यह महत्वपूर्ण व ज़रूरी है कि वे मानवाधिकारों के इस घोर उल्लंघन के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाएं।" क्योंकि 'विध्वंस' को महिमामंडित करना शर्मनाक है।

- तनवीर जाफ़री

# चुनाव नतीजों से उत्साहित प्रधानमंत्री के मन की बात...

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे भारतीय जनता पार्टी के लिए खुशहाली का संदेश लेकर आए हैं। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी खासे खुश नजर आ रहे हैं। ऐसा होना भी चाहिए क्योंकि सालों की मेहनत के बाद पिछले पांच माह की सियासी जमावट ने अपना खेला जो कर दिखाया है। महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को एक चरण में हुए मतदान के परिणाम 23 नवंबर को घोषित कर दिए गए। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच था। महायुति जिसमें भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल रहे जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) शामिल थे। चुनाव नतीजों के मुताबिक महायुति को 230 सीटों पर जीत हासिल हुई जो कि पूर्ण बहुमत वाले जादुई आंकड़े से बहुत ज्यादा है। दूसरी तरफ महाविकास अघाड़ी को महज 48 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। दूसरी तरफ झारखंड विधानसभा चुनाव नतीजों की बात करें तो यहां पर इंडिया गठबंधन को कुल 81 सीटों में से 56 सीटों पर जीत हासिल हुई है, जबकि एनडीए गठबंधन को महज 24 सीटों से संतोष करना पड़ा है। इस स्थिति में यदि झारखंड नतीजों पर ज्यादा ध्यान न दें तो भाजपा के लिए यह समय हर हाल में बल्ले-बल्ले करने जैसा है। महाराष्ट्र चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री मोदी आनंदित हैं, जिसकी झलक उनके पसंदीदा रेडियो कार्यक्रम मन की बात में दिखी है। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 116वें एपिसोड में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती, एनसीसी दिवस, गयाना यात्रा, लाइब्रेरी आदि अनेक विषयों पर देश की आमजनता के समक्ष अपनी बात रखी। ऑन लाइन फ्रॉड और डिजिटली अरेस्ट जैसे मामलों को लेकर वो खासे गंभीर दिखे हैं। ऐसे में वो कह सके हैं कि हमें लोगों को बार-बार यह समझाना होगा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान सरकार में है ही नहीं। इससे पहले 115वें एपिसोड में जब उन्होंने मन की बात की थी तो डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के उपाय बताए थे और लोगों को जागरुक करने की सलाह दी थी, लेकिन इस बार उन्होंने देश को स्पष्ट संदेश दे दिया कि डिजिटली अरेस्ट जैसा कुछ भी शासन-प्रशासन में कोई प्रावधान ही नहीं है, जिसके नाम पर ठग जाल में फंसा लोगों से अच्छी खासी रकम ऐंठ लेते हैं। देश में ऑन लाइन फ्रॉड एक बड़ी समस्या बन चुकी है। आए दिन इसकी शिकायतें होती हैं, लेकिन मसले का हल ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हो रहा है। इसके लिए वाकई ऐसे युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है जो इस फील्ड में मास्टरी रखते हैं और जो ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ भी हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसे युवाओं को सरकार रोजगार देने और उनके बेहतर भविष्य के लिए क्या करने जा रही है, क्योंकि बेहतर कार्य करने के लिए आर्थिक रुप से सक्षम होना भी जरुरी होता है। राजनीति में लाकर उनका यूज ही किया जा सकता है, लेकिन खुद उनकी अपनी योग्यता के अनुसार काम मिलना भी तो सरकार की ही जिम्मेदारी होती है। सोचने वाली बात तो यह भी है कि आर्थिक विपन्नता वाला व्यक्ति कितना भी काबिल और ईमानदार क्यों न हो, लेकिन उसे परिवार व समाज में वह जगह हासिल नहीं हो सकती है जो एक धनवान को हो जाती है। यह हमारे देश और सभ्य समाज का सबसे बड़ा कड़वा सच है। अब पूंजीपति ही देश की दशा और दिशा तय करने वाले माने जा रहे हैं।

- डॉ हिदायत अहमद खान

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल में सुधार

नई दिल्ली । हाजिर बाजार में कीमतें कम होने से मंडियों में आवक घटने की वजह से शनिवार को देश के प्रमुख बाजारों में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल के की कीमतों में सुधार देखा गया। सामान्य कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल पूर्वस्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि किसानों के पास अब सरसों का काफी कम स्टॉक बचा है और हाजिर बाजार का दाम कम रहने की वजह से वे मंडियों में कम माल ला रहे हैं। यही हाल सोयाबीन तिलहन का भी है। मंडियों में सोयाबीन के हाजिर दाम कम हैं और सभी जान रहे हैं कि सरकारी खरीद में किसानों की सारी ऊपज खरीदा नहीं जा सकता। ऐसे में जब हाजिर दाम कम हो तो किसानों को उम्मीद है कि सरकार सोयाबीन किसानों के लिए कुछ कदम उठायेगी। इस उम्मीद में वे मंडियों में उपज भी कम ला रहे हैं। यही नजारा कपास के मामले में भी है। सोमवार को विदेशी एक्सचेंजों के खुलने के बाद आगे के रुख के बारे में पता लगेगा। वहीं शनिवार को तेल तिलहन के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 6,550-6,600 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,350-6,625 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 14,700 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,220-2,520 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 13,650 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,260-2,360 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,260-2,385 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,800 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 13,700 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,700 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,400 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,650 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 14,000 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 13,000 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,425-4,475 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,125-4,160 रुपये प्रति क्विंटल, मक्का खल (सरिस्का)- 4,100 रुपये प्रति क्विंटल।

# अमेरिकी भागीदार के साथ नई इलेक्ट्रिक बाइक बना रही हीरो मोटोकॉर्प

नई दिल्ली । हीरो मोटोकॉर्प अपनी अमेरिकी भागीदार जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ एक नई इलेक्ट्रिक बाइक का विकास कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कैलिफोर्निया की कंपनी जीरो मोटरसाइकिल्स इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल और पावरट्रेन में विशेषज्ञता रखती है। सितंबर, 2022 में हीरो मोटोकॉर्प के निदेशक मंडल ने कंपनी में छह करोड़ अमेरिकी डॉलर तक के इक्विटी निवेश को मंजूरी दी थी। वर्ष 2023 में कंपनियों ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक बाइक के विकास के लिए सहयोग की घोषणा की थी। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने एक विश्लेषक कॉल में कहा कि जहां तक ईवी मोटरसाइकिल की बात है तो हम जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ साझेदारी में इसका विकास कर रहे हैं, यह मध्यम वजन खंड में आएगी। उन्होंने कहा कि यह अग्रिम चरण में है। हमने अभी तक इसके लिए समयसीमा की घोषणा नहीं की है, लेकिन हम कुछ ऐसा देख रहे हैं जो बहुत दूर नहीं होगा।

# केन्या में हवाई अड्डा संचालन के लिए कभी नहीं किया समझौता- अदाणी समूह

नई दिल्ली। अरबपति अदाणी के समूह ने कहा कि उसने केन्या के मुख्य हवाई अड्डे के संचालन के लिए कोई समझौता नहीं किया है। केन्या में 30 वर्षों के लिए प्रमुख विद्युत पारेषण लाइनों के निर्माण और संचालन के लिए पिछले महीने हस्ताक्षरित समझौते के बारे में समूह ने कहा कि यह परियोजना सेबी के प्रकटीकरण नियमों के दायरे में नहीं आती, इसलिए इसके रद्द होने पर किसी प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है। समूह ने शेयर बाजारों द्वारा भेजे गए नोटिसों का जवाब देते हुए यह बात कही। शेयर बाजारों ने समूह के संस्थापक पर अमेरिका में अभियोग लगाए जाने के बाद केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो द्वारा खरीद प्रक्रिया को रद्द करने के बारे में आ रही खबरों की सच्चाई जाननी चाही थी। सौदे के तहत देश के मुख्य हवाई अड्डे का नियंत्रण अदाणी समूह की कंपनी को मिलना था। हवाईअड्डा कारोबार का संचालन करने वाली अरबपति गौतम अदाणी के समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने इस साल अगस्त में हवाई अड्डों के उन्नयन, आधुनिकीकरण और प्रबंधन के लिए केन्या में एक अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी स्थापित की थी। कंपनी ने कहा कि कंपनी उक्त परियोजना के लिए संबंधित प्राधिकरण के साथ चर्चा कर रही थी, लेकिन आज तक न तो कंपनी और न ही इसकी अनुषंगी कंपनियों को (1) केन्या में कोई हवाई अड्डा परियोजना दी गई है, या (2) केन्या में किसी हवाई अड्डे के संबंध में कोई बाध्यकारी या निश्चित समझौता नहीं किया गया है। उसने केन्या द्वारा हवाई अड्डा सौदे को रद्द करने की खबरों की पुष्टि या खंडन नहीं किया।

# एक खामी और हुंडई वापस बुलाने जा रही 42,000 से अधिक वाहन

नई दिल्ली। हुंडई मोटर उत्तरी अमेरिका में 2025 मॉडल के सेंटा क्रूज और टुजकॉन के 42,000 वाहनों को वापस बुलाने की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि वाहनों के वायरिंग में समस्या के चलते कंपनी ने रिकॉल का फैसला लिया है। अमेरिकी नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, यह समस्या इन वाहनों को पार्क मोड से बाहर शिफ्ट होने की अनुमति देती है, जिससे सड़क पर अप्रत्याशित रूप से वाहन चल सकते हैं और दुर्घटना हो सकती है। रिकॉल के तहत 35,500 टुजकॉन और 6,900 सेंटा क्रूज वाहन वापस मंगाए गए हैं। कंपनी का कहना है कि अब तक किसी दुर्घटना, मौत या आग की सूचना नहीं मिली है। वाहन मालिकों को वाहन चलाते समय पार्किंग में ब्रेक लगाने की सलाह दी गई है। हुंडई डीलर्स समस्या को मुफ्त में ठीक करेंगे, जिसमें कंसोल वायरिंग को सुधारना शामिल होगा। मालिकों को 19 जनवरी 2025 तक सूचना पत्र भेजे जाएंगे।




**मेष** - आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका कोई परिजन आपसे धन उधार मांग सकता है। आपको किसी पुरानी इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आप अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे, क्योंकि आपको कोई दी गई सलाह आपके बिजनेस को चरम तक पहुंचाएगी।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी टेंशन से काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई किसी बात को लेकर झूठा आरोप लगा सकता है। यदि ऐसा हो, तो आप उसमें अपनी बात लोगों को सामने अवश्य रखें। व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होंगी। आध्यात्म के कार्यों में आप आगे बढ़ेंगे।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य से कोई पुरस्कार मिलने की संभावना है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। घर में किसी नए वाहन के आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखना होगा। पारिवारिक समस्याओं को दूर करने के लिए आपको बड़े सदस्यों से बातचीत करनी होगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए कुछ मुश्किलें लेकर आने वाला है। आपको यदि कोई प्रोजेक्ट मिलने वाला था, तो उसमें भी आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों को मार्केट की चाल को देखकर ही इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा। आप किसी नई वस्तु को लेकर आ सकते हैं। आपकी शुभ-सुविधाएं बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आप किसी बेवजह के लड़ाई झगड़े से दूर ही रहे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी निवेश को करने से पहले आपको उसकी पूरी जानकारी देनी होगी। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपके अंदर छुपी हुई कला बाहर निकलेगी, जिसे देखकर लोग हैरान रहेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में आप पूरा ध्यान देंगे। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई परेशानी चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। माताजी की सेहत पर आप पूरा ध्यान दें।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कोई फैसला सोच समझकर लेना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य बनाए रखना होगा। आपको व्यावसायिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। संतान की संगति पर आप ध्यान दें, क्योंकि आप किसी गलत काम की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

**धनु** - आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर यदि टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपके कुछ नए प्रयासों में आपको सफलता मिलेगी। किसी परिजन की आपको कोई बात बुरी लग सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपने यदि किसी से कोई वादा किया था, तो आप उसे पूरा अवश्य करें।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपनी कार्य कुशलता से लोगों को हैरान करेंगे। आपको सूझबूझ दिखाकर कामों को करने की आवश्यकता है। जो युवा रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे है, उन्हें कोई सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने मन में नकारात्मक विचारों को रखने से बचना होगा।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आप किसी काम को लेकर आलस न दिखाएं, नहीं तो उससे आपके काम लटक सकते हैं। बिजनेस की योजनाओं से आपको अच्छा लाभ मिलेगा और आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार भी मिलने की संभावना है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में भी आप कोई बड़ा लक्ष्य पूरा कर सकते हैं, जिसके बाद आप कोई पार्टी का आयोजन भी करेंगे, लेकिन उसके साथ-साथ आप अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान दें, क्योंकि आपकी लापरवाही के कारण आपकी कोई समस्या बढ़ सकती है। यदि आपको किसी बात को लेकर असमंजस बना हुआ है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

## शब्दजाल - 7730

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'मान' लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | रि | का | स | मा | न | न | प | क |
| न | का | क | वि | इं | डो | ने | ग | ति | मा | न |
| अ | दा | श | ल | मा | ग | स | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | मा | ब | न | स | पा | ह | लि | ल |
| त | अ | अ | सौ | न | जा | मे | ह | मा | न | दे |
| अ | भि | नु | मो | व | प | वा | स्ता | ह | यु | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | प | ला | य | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | या | बा | तें | व | न | ई | मा | न | जू | दे |
| र | प्र | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | अ | प | श |
| बां | स | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | क | र |

अनुमान, प्रकाशमान, ईमान, मेहमान, प्रतिमान, विमान, पलायमान, समान, गतिमान, अभिमान

### शब्दजाल - 7729 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6674



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरुख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरुख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6673



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**25 नवम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.59 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 10.04 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 11.51 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 13.24 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 14.54 बजे से |
| शुक्र | धनु में | वृष | 16.34 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.32 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.46 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 23.02 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | कन्या | 01.14 बजे से |
| | | तुला | 03.25 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.39 ब.से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 330 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 01.02 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 01.24 बजे रात्र को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 13.12 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 11.40 बजे तदनन्तर विष्टि 01.02 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 48' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872174 **जूलियन दिन** 2460639.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः व्यक्ति का भय

एक ऋषि अपने आश्रम के बाहर टहल रहा था। सहसा उसने देखा कि एक काली सी भयाकृति वहां चली आ रही है। उन्होंने उसे रोका और पूछा, 'कौन हो तुम?' वह बोली, 'मुनिवर मैं मौत हूं।' यह सुनकर ऋषि हैरानी से बोले, 'तुम्हें अचानक इस गांव में आने की क्या जरूरत पड़ गई?' मौत बोली, 'मुनिवर मैं कभी भी बिना बुलाए नहीं आती। इस गांव में पचास लोगों का अंत समय निकट आ गया है और मैं उन्हें लेने आई हूं।' यह सुनकर ऋषि चिंतित हो गए और हाथ जोड़कर उससे बोले, 'तुम यहां से वापिस चली जाओ। भला इतने लोगों को मारकर तुम्हें क्या मिलेगा?' मौत बोली, 'मुनिवर, मुझे रोकने का प्रयास न करें। मैं तो शाश्वत सत्य हूं। जिनका अंत समय निकट है, उन्हें मैं कैसे छोड़ दूं।' यह कहकर वह वहां से आगे बढ़ चली और चलते-चलते बोली, 'मुनिवर, वापसी में भी मैं आपसे मिलते हुए जाऊंगी।' कुछ समय बाद वह ऋषि के पास लौटी तो चारों ओर त्राहि-त्राहि मची हुई थी। ऋषि ने उसे तुरंत पहचान लिया और उसके समीप आकर गुस्से से बोले, 'मुझे नहीं पता था कि तुम झूठ भी बोलती हो। अरे तुमने तो कहा था कि तुम्हें पचास लोगों के प्राण लेने हैं लेकिन तुमने तो पांच सौ लोगों के प्राण हर लिए। तुमने ऐसा अन्याय क्यों किया?' मौत मुस्कुराते हुए बोली, 'मुनिवर, न ही मैंने झूठ बोला और न ही कोई अधर्म किया है। मैं तो वास्तव में पचास लोगों की जान लेने गई थी। साढ़े चार सौ लोग तो व्यर्थ ही अपने समय से पहले भयभीत होकर मेरे पास चले आए। मैंने तो उन्हें छुआ भी नहीं था। भयभीत प्राणी किसी भी क्षेत्र में नहीं जीत सकता। हां निडर, धैर्य व दृढ़ इच्छाशक्ति वाला व्यक्ति अवश्य मुझे पराजित कर सकता है। आपके ही गांव के एक किसान ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से मुझे हरा दिया। मैं उसके प्राण नहीं ले सकी। आप ही बताइए भला मेरा कहां दोष है? दोष तो व्यक्ति के अंदर छिपे उस भय का है जिसके कारण वह अनायास ही मौत का शिकार बना है।'

## सूडोकु नवताल- 6983

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6982 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 8198



**बाएँ से दाएँ**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शौर-4
5. शारीरिक ऊँचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### शब्द पहेली - 8197 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.55 लाख करोड़ बढ़ा

मुंबई। पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 1,55,603.45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में भी गिरावट आई। अन्य कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में इजाफा हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 40,392.91 करोड़ रुपये बढ़कर 13,34,418.14 करोड़ रुपये हो गया। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को ही हुआ। टीसीएस की बाजार हैसियत 36,036.15 करोड़ रुपये बढ़कर 15,36,149.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,266.54 करोड़ रुपये बढ़कर 9,01,866.22 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 16,189.33 करोड़ रुपये बढ़कर 7,90,151.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 13,239.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 5,74,569.05 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 11,508.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,94,272.93 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 11,260.11 करोड़ रुपये बढ़कर 8,94,068.84 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 10,709.55 करोड़ रुपये बढ़कर 7,28,293.62 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस रुख के ?विपरीत भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 11,954.24 करोड़ रुपये घटकर 5,62,545.30 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 2,368.16 करोड़ रुपये घटकर 17,13,130.75 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# ट्रंप शासनकाल में भारत को अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं। ट्रंप शासनकाल में भारत को अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा। मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप 2.0 में भारत ग्लोबल सप्लाई चेन में एआई और सेमीकंडक्टर जैसे टेक्नोलॉजी सेक्टर में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। शनिवार को आई इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत को पिछले निवेशों और चीन+1 रणनीति जैसे नीतिगत बदलावों के कारण अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा। उच्च अमेरिकी कॉर्पोरेट कर कटौती की संभावना आईटी खर्च को बढ़ा सकती है, जिससे भारतीय आईटी कंपनियों को लाभ होगा। रिपोर्ट के अनुसार, फार्मास्युटिकल और डिफेंस सेक्टर में भारतीय व्यवसायों को नए अवसर मिल सकते हैं, खासकर अगर अधिक मजबूत इंडो-पैसिफिक रक्षा रणनीति के जवाब में यूएस-भारत सहयोग मजबूत होता है तो भारत को इसका फायदा मिलेगा। ट्रंप का दूसरा कार्यकाल आर्थिक विकास के वादों और वैश्विक व्यापार तनाव की चुनौतियों दोनों से भरा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी डॉलर और राजकोषीय नीतियों की मजबूती वैश्विक बाजारों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है। जैसे-जैसे नीतियां सामने आती हैं, देशों और क्षेत्रों को ट्रंप 2.0 द्वारा संचालित विकासशील परिदृश्य के अनुकूल होने के लिए तैयार रहना होगा।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया रूप दे सकती है ट्रंप की नीति

रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया रूप दे सकती है। उनके दृष्टिकोण में आयात को कम करना शामिल है, विशेष रूप से चीन से, ताकि अमेरिकी विनिर्माण को बढ़ावा मिले। उभरते बाजारों को चुनौतियों और अवसरों का मिश्रित सामना करना पड़ता है।

# जॉन अब्राहम स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उतरने को तैयार



मुंबई । अभिनेता जॉन अब्राहम स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उतरने को तैयार हैं। कोयंबटूर में इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में जॉन ने मोटरस्पोर्ट्स के प्रति अपने जुनून, अपनी टीम गोवा एसेस, भारत में खेल के भविष्य, अपनी मैन्युफैक्चरिंग योजनाओं के साथ अन्य चीजों पर चर्चा की। जॉन ने खुलासा किया, आरपीपीएल (रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड) के मालिक अखिल रेड्डी ने मुझसे संपर्क कर इसके बारे में बात की। मुझे फॉर्मूला-4 का प्रचार करना बहुत पसंद है। मुझे यह अवधारणा बहुत पसंद आई और मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं।

जॉन ने भारत में मोटर स्पोर्ट्स के भविष्य पर कहा, मुझे लगता है कि मोटर स्पोर्ट्स में भारत को अभी बहुत आगे जाना है। यह एक सुंदर खेल है। हर ट्रैक का एक रन-ऑफ एरिया होता है। मोटर स्पोर्ट्स हमारी सार्वजनिक सड़कों की तरह खतरनाक नहीं हैं। सुरक्षित वातावरण में भाग लेना बहुत अच्छा है। जो माता-पिता चाहते हैं, कि उनके बच्चे मोटर स्पोर्ट्स में भाग लें, उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

इसके अलावा, उन्होंने हेलमेट बनाने के अपने नए बिजनेस का भी जिक्र किया। इस बारे में उन्होंने कहा, अभी मैं फिल्मों और खेलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मैं हेलमेट निर्माण के बारे में भी सोच रहा हूं। पिछले एक साल से मैं इस परियोजना पर काम कर रहा हूं। मेरा लक्ष्य सुरक्षा पर जोर देना है। मैं चाहता हूं कि मेरा उत्पाद अच्छा दिखे, साथ ही मैं यह भी चाहता हूं कि लोग अपने सुरक्षा गियर को ठीक से बनाए रखने के महत्व को समझें।

# वनांचल ग्राम बोदादलखा धीरी मुरूम मार्ग निर्माण के लिए किया जा रहा अवैध उत्खनन

## मुरम के जगह डाली जा रही काली मिट्टी





**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। लांजी क्षेत्र जो कि अतिनक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्रो में से एक है। इन क्षेत्रो में लोगो को मुख्य धाराओ से जोडने के लिये शासन की अनेको योजनाऐं संचालित है जिसके तहत ग्रामीणो को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। बिजली पानी से लेकर उच्चस्तरीय मार्ग तक के निर्माण के लिसे राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा अब तक अरबो रूपये का फण्ड लांजी क्षेत्र के लिये जारी किया गया है जिससे क्षेत्र के अनेको वनांचल नक्सल प्रभावित ग्राम एवं जंगलो में निर्माण कार्य प्रारंभ है। वनांचल क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम टोले मंजरे तक पुल, पुलिया, मार्ग का निर्माण कार्य जारी है लेकिन क्या यह निर्माण कार्य उच्चस्तरीय गुणवत्ता पूर्वक हो रहे है की नही इसकी जांच अधिकारियो के द्वारा की जाती है कि नही या ठेकेदार अपनी मनमानी कर जंगलराज का फायदा उठा रहे है। जबकि जिस प्रकार रिहायशी क्षेत्रो में कार्यो की गुणवत्ता आकि जाती है उसी प्रकार जंगल क्षेत्र के निर्माण कार्यो पर भी अधिकारियों एवं संबधित विभाग को नजर रखना चाहिये ताकि शासन प्रशासन के द्वारा जारी करोडो रूपयो की राशि का दुरूपयोग ना हो सके।**

**ग्राम बोदादलखा**

### धीरी मुरूम मार्ग की हो जांच मार्गो पर बिछाई जा रही काली मिट्टी

लांजी क्षेत्रान्तर्गत अतिनक्सल प्रभावित ग्रामो में से एक बोदादलखा, धीरीमुरूम पंहुच मार्ग जंहा पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत परियोजना इकाई मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई बालाघाट के द्वारा, ठेकेदार मे. चित्रकुट कंस्ट्रक्शन दुर्ग के द्वारा लगभग 21 किमी मार्ग का निर्माण कार्य करोड़ो रूपयो की लागत से किया जा रहा है। कार्य प्रारंभ दिनांक 6 अक्टूब 2023 से कार्य समाप्ति दिनांक 5 मार्च 2025 है। इसी मार्ग पर ठेकेदार के द्वारा काली मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। क्या उक्त काली मिट्टी का प्रयोग सड़क पर डालने हेतु किया जाना है जिसकी जांच होनी चाहिये तथा उक्त मिट्टी कंहा से लाई जा रही है खनिज विभाग के द्वारा या वन विभाग के द्वारा उक्त मिट्टी का खनन करने की अनुमति प्रदान की गई है कि नही इसकी भी जांच अधिकारियों के द्वारा की जानी चाहिये।

### जमीन समतली करण के नाम पर मिट्टी की खुदाई, वन विभाग ने नही दी अनुमति

ठेकेदार के द्वारा ग्राम बोदादलखा निवासी तिलक मर्सकोले के वनाधिकार पट्टे की जमीन ने मिट्टी की खुदाई जेसीबी मशीन की सहायता से कर ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से सैकड़ो ट्रॉली मिटी खोदकर मार्ग पर बिछाई जा रही है जब हमारे द्वारा उक्त मिट्टी की खुदाई के संबध में आदिवासी हितग्राही वनाधिकार पट्टा धारक तिलक मर्सकोले से उक्त संबंध में चर्चा की गई तो आपने बताया कि सितंबर माह में मेरे द्वारा आवेदन दिया गया था मेरी वन पट्टा भूमि के समतलीकरण के लिये, आवेदन वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी सामान्य को प्रेषित किया गया था। हालांकि इस आवेदन में यह अंकित नही है कि आवेदन किस दिनांक को दिया गया। हितग्राही के द्वारा वन ग्राम बोदादलखा में मध्यप्रदेश शासन द्वारा वनाधिकार का पट्टा कृषि कार्य हेतु आंवटित किया गया है जिसका कोड 173809081 पट्टा संख्या 01 है। उक्त भूमि को समतल कराना है जिसकी अनुमति प्रदान करे। हितग्राही के द्वारा बताया गया कि लगभग सितंबर माह में उक्त आवेदन प्रेषित किया गया था लेकिन नवंबर 20 तक भी अनुमति प्रदान नही की गई। तिलक मर्सकोले ने यह भी कहा कि मै अनुमति के दस्तावेज लेने नही गया था। हालांकि उक्त भूमि की खुदाई पूर्व से ही प्रारंभ है जो कि ठेकेदार के द्वारा की जा रही थी।इसी भूमि के पास आदिवासी हितग्राही अन्तराम को भी वनाधिकार पट्टा आंवटित किया गया है जिसके भूमि पर से भी खुदाई की जा रही है। वनांचल क्षेत्रो में मार्ग निर्माण के लिये आसानी से मटेरियल उपलब्ध नही होता जिसके तहत ठेकेदारो के द्वारा वनांचल क्षेत्र के अन्दर ही स्थानो का चयन कर उन स्थानो से ही अधिकतर खनन कार्य किया जाता है कभी अनुमति लेकर तो कभी बिना अनुमति के ही खनन कार्य हो जाता है। उक्त प्रकरण में भी आदिवासी की वनाधिकार पट्टे की भूमि की खुदाई की जा रही है हालांकि यह आदिवासी हितग्राही ही चाहता है कि उसकी बंजर पड़ी भूमि कृषि उपयोगी हो जाये जिसके तहत हितग्राही ने ठेकेदार को भूमि समतली करण के लिये कहा गया है लेकिन ये भोले भाले आदिवासी भाई लोग है पढना लिखना नही जानते क्या यह आदिवासी किसी बहकावे मे तो नही है। शासन प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों का यह भी कार्य है कि वे यह भी सूनिश्चित करें की आदिवासी हितग्राही की भूमि को ठेकेदार पूर्णत: से कृषि उपयोग बनाकर समतली करण करके दे रहा है कि नही। वहीं जिस मिट्टी का उपयोग वह कर रहा है वह नियमानुसार है कि खनिज विभाग भी उक्त स्थान पर पंहुचकर जांच करे। निर्माण एजेंसी भी उक्त स्थान पर पंहुचकर जांच करे, क्यां यह मिट्टी उपयोगी है कि नही। सबसे महत्वपूर्ण विषय आदिवासी हितग्राही का किसी भी प्रकार का कोई नुकसान ना हो। क्योंकि यदि ठेकेदार को कंही दुर से मिट्टी लाना होता तो उसे अत्यधिक राशि का व्यय करना होता जो कि उसे उक्त स्थान पर आसानी से मिल रही है इस विषय की भी जांच अधिकारी गण करे तथा कलेक्टर भी उक्त विषय को गंभीरता से लेकर संपूर्ण कार्य की एवं खनन कार्य की जांच करवाये।

# बालाघाट जाने तीन दिन पहले निकले राहुल का कोचेवाही के तालाब में उफनता मिला शव

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम कोचेवाही के मुरम खदान तालाब में 24 नवंबर को सुबह एक युवक का शव उफनाते हुए देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसकी सूचना कोटवार द्वारा पुलिस थाना लांजी को दी गई। सूचना पाते ही नगर निरिक्षक दिनेश सोलंकी हमराह स्टाफ उपनिरीक्षक सुंदरलाल पंवार, सहायक उप निरीक्षक देवराज धुर्वे, आरक्षक दिलीप यादव, महेंद्र कुशवाहा, अनारकली भारद्वाज के साथ मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की एवं शव को तालाब से बाहर निकालकर शव की शिनाख्ती की गई। जिसे मृतक राहुल पिता गेंदलाल बिलावर उम्र 24 वर्ष ग्राम सिहारी होना बताया गया। परिजनों के आने के उपरांत पंचनामा कार्यवाही कर पोस्ट मार्टम के लिए सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। जहां डॉ हितेश नगपुरे के द्वारा मृतक राहुल बिलावर का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### बालाघाट जा रहा हूं कहकर निकला था

इस संबंध में मृतक राहुल के पिता गेंदलाल बिलावर ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 नवम्बर के शाम 4 बजे राहुल घर से बालाघाट जाना बताकर मोटरसाइकिल से निकला था जो कि वापस लौटकर नहीं आया। वह पढ़ाई के लिए जाते रहता था इसलिए हमने भी पता नहीं किया, आज 24 नवम्बर सुबह कोचेवाही के मुरम खदान तालाब में बेटे का शव मिलने की जानकारी मिली, जिसके बाद वह यहां पहुंचे।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट पश्चात ही स्थिति होगी स्पष्ट

घटना के संबंध में नगर निरीक्षक दिनेश सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह सूचना मिली



कि एक व्यक्ति की लाश कोचेवाही के तालाब में तैर रही है। जिसकी पहचान राहुल पिता गेंदलाल बिलावर ग्राम सिहारी निवासी के रूप में हुई है। पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए लांजी पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत ही मौत किन कारणों से हुई है, सही जानकारी का पता चल पाएगा। चूंकि मृतक राहुल 21 नवम्बर के शाम को घर से निकला था तो वह दो दिनों तक कहा था, तालाब में इतना पानी भी नहीं है कि कोई व्यक्ति डूब सके, जिसके चलते प्रथमदृष्टया राहुल की मौत संदिग्ध नजर आ रही है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की है।

# सरस्वती शिशु मंदिर परसाटोला के बच्चों ने पर्यटन स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सरस्वती शिशु मंदिर परसाटोला (बैहर) विद्यालय के बच्चों को शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत 24 नवम्बर को लांजी क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश तिवारी ने जानकारी में बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर परसाटोला के 30 बच्चे एवं 11 आचार्य परिवार के साथ सुबह 8 बजे शैक्षणिक भ्रमण पर निकले, जिसमें सर्वप्रथम बच्चों को हट्टा की बावली को दिखाया एवं उससे जुड़ी एतिहासिक जानकारी से अवगत कराया। उसके पश्चात वे सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी पहुंचे जहां उनका व्यवस्थापक एवं कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति के सचिव विजय रामटेककर द्वारा स्वागत किया एवं बच्चों व आचार्य परिवार के भोजन की व्यवस्था कराई तथा स्वयं विजय रामटेककर, समिति के सदस्य श्रीमती दुर्गा रामटेककर, डॉ छबीलाल मरठे, नरेन्द्र मरावी जिला समन्वयक सरस्वती जनजाति संस्कार केन्द्र बालाघाट के साथ में भोजन भी किया। इसके उपरांत बच्चों को वारी पाढरी पाट देवी मंदिर एवं गौ शाला, कटंगी में बालाजी मंदिर एवं लांजी में कोटेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण कराया गया एवं जानकारी से अवगत कराया गया।



# मक्का से भरा16 चक्का ट्रक पलटा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के अंतर्गत लांजी- आमगांव मार्ग पर ग्राम कारंजा के शिव शक्ति पेट्रोल पंप के पास सामने बीती रात्रि में एक 16 चक्का ट्रक रोड़ से नीचे उतर कर पलट गया, घटना में ट्रक ड्राइवर को मामूली चोंटे आई। घटना के संबंध में ट्रक के ड्राइवर बीज्जू पिता सुनील बघेल निवासी पुलिस कॉलोनी सिमरिया ने जानकारी में बताया कि 16 चक्का ट्रक वाहन क्रमांक एमपी 22 जेड डी 5735 खुराना ट्रेडर्स सिवनी का है। रात्रि लगभग 8 बजे चांद चौरई से 35 टन मक्का लोड कर कलकत्ता पश्चिम बंगाल जा रहा था, कि रात्रि लगभग 2 बजे लांजी-आमगांव मार्ग पर ग्राम कारंजा के शिव शक्ति पेट्रोल पंप के पास सामने से तेज गति से आ रहे वाहन ट्रेलर को बचाने के चक्कर में ट्रक रोड़ किनारे उतरकर खेत में पलट गया। इस दुर्घटना में वाहन चालक ट्रक में फंस गया था जिसे पीछे से आ रहे वाहन के ड्राइवर कंडेक्टर ने गाड़ी के अंदर से निकाला। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, ड्राइवर को मामूली चोंटे आई। इस दुर्घटना में ट्रक में लदा मक्का के बोरे फटकर खेत एवं रोड़ किनारे बिखर गया।



# भूसे से भरा ट्रक ट्रांसफार्मर से टकराया, गंभीर दुर्घटना टली

लांजी (पद्मेश न्यूज)। बहेला थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम रिसेवाड़ा के टिमकीटोला में पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान के दौरान लांजी से भूसा भरकर राजनांदगांव जा रहा एक दस चका ट्रक पीछे करते समय ट्रांसफार्मर के पोल से टकरा गया, जिससे क्षेत्र की विद्युत सप्लाई अवरुद्ध हों गई। गनीमत यह रही कि ट्रक के टकराने के बाद कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ नहीं तो बड़े जानमाल की हानि हो सकती थी। इस सम्बन्ध में ट्रक चालक ने बताया कि पुलिस विभाग के चेकिंग अभियान के दौरान यह घटना घटी। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि मैं अपने रास्ते ठीक जा रहा था, परंतु बहेला पुलिस के द्वारा नाके पर चेकिंग की जा रही थी और पुलिस के द्वारा हमारी गाड़ी रोकी गई और हमें पीछे लेने कहा गया। गाड़ी में साइड नहीं दिखने के कारण यह घटना घटी है और इसकी सारी जवाबदारी पुलिस प्रशासन की है। ट्रक के ट्रांसफार्मर के पोल से टकराने के कारण रिसेवाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले नक्सल प्रभावित ग्राम कट्टीपार, टिमकीटोला, सीतेपाला, सहित पुलिस लाइन टिमकीटोला, पेट्रोल पंप कल शाम से लाइट बंद होने के कारण प्रभावित रहे। दूसरी ओर विद्युत सप्लाई चालू करने अपने स्टाफ के साथ विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता विश्वजीत शर्मा ने बताया कि ट्रक चालक द्वारा लापरवाही से ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त किया गया है। हमारे द्वारा बहेला थाने में शिकायत की जा रही थी परन्तु वाहन मालिक द्वारा विभाग को हुए नुकसान के भरपाई का आश्वासन दिया गया है। जल्द ही विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से चालू हो जाएगी।



# साकेत पब्लिक स्कूल में एनसीसी का 76 वां स्थापना दिवस मनाया

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर की शैक्षणिक संस्था साकेत पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में 6 मध्यप्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल विनीत कुमार गुप्ता के दिशानिर्देश के तहत एनसीसी का 76 वाँ स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत परेड एवं जल निकायों की स्वच्छता को लेकर लांजी के हृदय स्थल स्थित गणेशी तालाब में एनसीसी कैडेट्स एवं नगर परिषद लांजी के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर तालाब की सफाई की गई।जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी एल लिल्हारे का भी सहयोग प्राप्त हूं। वहीं स्थापना दिवस समारोह के अन्तर्गत सामाजिक विकास के कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीसी अधिकारी संदीप कुमार रामटेककर ने बताया कि एनसीसी की स्थापना 1948 में युवाओं को सशस्त्र बलों में अपना करियर बनाने और नेतृत्व अनुशासन टीम वर्क और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना जैसे गुणों को विकसित करने को लेकर प्रेरणा के लिए स्थापित की गई थी। उन्होंने बताया कि एनसीसी का स्थापना दिवस प्रतिवर्ष नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड़े ने बताया एनसीसी युवाओं के चरित्र को ढालने, अनुशासित नेतृत्व और दृढ़ देश भक्ति के मूल्यों को प्रदान करने के लिए एनसीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं, इस अवसर पर साकेत पब्लिक स्कूल के 67 एनसीसी कैडेट्स एवं नगर परिषद लांजी के कर्मचारी उपस्थित रहे।




# कुलपा में 26 को रात दिन का मंडी मेला

लांजी (पद्मेश न्यूज)। महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम कुलपा में श्री कृष्णा मंदिर बाजार चौक के जिर्णोद्धार सहायतार्थ ग्राम के स्कूल ग्राउंड मैदान में 26 नवम्बर को रात दिन की मंडई मेले का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में लोगो के मनोरंजनार्थ छत्तीसगढ़ की विशेष प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी फिल्मी एल्बम एवं हास्य कलाकारों के साथ विवेक शर्मा स्टार नाइट रायपुर द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। उक्त आयोजन ग्राम की सरपंच श्रीमती सुनैना जतिन नगपुरे के मुख्यातिथ्य में एवं श्रीमती ज्ञानेश्वरी रामजी लिल्हारे पूर्व जनपद सदस्य के विशेष आतिथ्य में होगा। आयोजक समिति के अध्यक्ष योगेश कुराहे, उपाध्यक्ष गुरुदास लिल्हारे, कोषाध्यक्ष जुगलदास नागपुरे, रूमनदास कुरंजेकर, सचिव डॉ बसंत कुमार हरिनखेड़े, खेमराज ठाकरे, संयोजक रामजी लिल्हारे, हितेश अगाड़े, बलीराम शिवणकर, राजू मेंढे, फन्दूलाल डहारे, शिवकुमार मस्की, जतिन नगपुरे, जीतलाल नगपुरे, एम एल महारवाड़े, धरमदास लिल्हारे, धन्नूलाल बनोठे, महेश डेकाटे, राजा पठान, भागवत दशहरे, पवन नगपुरे, योगेश वर्मा, योगदास नागपुरे, हर्ष उके, डॉ नितेश ब्राह्मणकर, तिर्थराज उके, लीलाधर कुराहे, कृष्णा बनोठे, बबला मोहारे, धरमदास मेहर, धन्नूलाल उइके, नरेश ब्राह्मणकर, अजय भिमटे, गोविंद दमाहे, बलराम रतुले, अजीत नागपुरे, डॉ भुवनदास कुरंजेकर, नंदकिशोर ब्राह्मणकर, ओमप्रकाश चुटे, कृष्णा बागड़े, लक्ष्मण ठाकरे, डॉ नरेश मस्की, संतोष बैंस, श्रीमती रायाबाई उईके पूर्व सरपंच, बलीराम ठाकरे, ओमकार शिवणकर सहित आयोजक समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

### सुधीर सक्सेना ने नवनियुक्त डीजीपी को दी बधाई

# 1 दिसंबर को डीजीपी का चार्ज लेंगे कैलाश मकवाना

भोपाल। मप्र को नया डीजीपी मिल गया है। 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी कैलाश मकवाना को डीजीपी बनाया गया हैं। गृह विभाग ने शनिवार देर रात आदेश जारी कर दिया है। वे 1 दिसंबर को प्रदेश के नए डीजीपी की कमान संभालेंगे। वहीं वर्तमान डीजीपी सुधीर सक्सेना ने उनके घर जाकर बधाई दी है। सुधीर सक्सेना ने मार्च 2020 में डीजीपी के रूप में पदभार संभाला था। कैलाश मकवाना के पास कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां रही हैं, जिनमें मप्र पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के चेयरमैन का पद भी शामिल है। कैलाश मकवाना का अकादमिक बैकग्राउंड भी मजबूत है। उज्जैन के रहने वाले कैलाश मकवाना ने मैनिट भोपाल से बीई किया है और आईआईटी दिल्ली से एमटेक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने कई प्रमुख पोस्टों पर कार्य किया है, जिनमें अति संवेदनशील क्षेत्रों में काम करने का अनुभव शामिल है। उन्होंने दुर्ग, मुरैना, जबलपुर, रायपुर, दंतेवाड़ा, मन्दसौर और सागर जैसे विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दी हैं। इसके अलावा, वह इंटेलिजेंस विभाग में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं।

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहली पसंद मकवाना थे। मुख्यमंत्री के विदेश यात्रा पर जाने के बाद 23 नवंबर की देर रात गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। कैलाश मकवाना वर्तमान में मप्र पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमैन हैं। अब वे मप्र के 32वें डीजीपी होंगे। आदेश के मुताबिक मकवाना 1 दिसंबर 2024 को प्रदेश के नए पुलिस मुखिया के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। वे वर्तमान डीजीपी सुधीर सक्सेना की जगह लेंगे। मकवाना दिसंबर 2025 में रिटायर होंगे। बता दें कि वर्तमान डीजीपी सुधीर सक्सेना 30 नवंबर 2024 को रिटायर हो रहे हैं। सुधीर सक्सेना को 4 मार्च 2020 को डीजीपी नियुक्त किया गया था। सीएम डॉ. मोहन यादव 24 नवंबर से 30 नवंबर तक यूके और जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे। संभावना जताई जा रही है कि सीएम के विदेश दौरे से लौटने के बाद ही कैलाश मकवाना विधिवत पदभार ग्रहण करें। बता दें कि डीजीपी के चयन के लिए तीन नामों का पैनल बनाने के संबंध में 21 नवंबर को संघ लोक सेवा आयोग मुख्यालय दिल्ली में बैठक हुई थी।



इसमें डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार, कैलाश मकवाना और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) के महानिदेशक अजय शर्मा का नाम था। डीजीपी के लिए मकवाना और अजय शर्मा के नाम सबसे अधिक चर्चा में थे।

#### हर स्तर पर अनुभव

मकवाना को हर स्तर काम करने का अनुभव है। यही नहीं उनकी कार्यप्रणाली हमेशा एक इमानदार अफसर की रही है। इसलिए, उनका तबादला होता रहा है। कैलाश मकवाना का साढ़े तीन साल के अंदर 7 बार तबादला हुआ था। कमलनाथ सरकार के दौरान ही वे तीन बार इधर से उधर किए गए थे। साल 2019 में 10 फरवरी को उन्हें एडीजी इंटेलिजेंस बनाया गया। फिर इसी साल 1 अक्टूबर को एडीजी प्रशासन बनाया गया। साल 2020 में 20 फरवरी को एडीजी नारकोटिक्स फिर 31 मार्च को एडीजी सीआईडी बनाया गया। साल 2021 में 1 दिसंबर को चेयरमैन मप्र पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन और साल 2022 में 31 मई को महानिदेशक लोकायुक्त संगठन, 2 दिसंबर को चेयरमैन मप्र पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन बनाया गया था। मकवाना को वर्ष 2022 में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त में महानिदेशक बनाया गया था। वे यहां ईमानदारी से काम कर रहे थे। उसी दौरान महाकाल लोक कॉरिडोर की जांच तत्कालीन लोकायुक्त के अधीन टेक्निकल सेल ने शुरू कर दी। लेकिन सरकार ने कैलाश मकवाना पर नाराजगी दिखा दी। उन्हें हटाकर मप्र पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन में चेयरमैन बना दिया था। तब शिवराज के ओएसडी योगेश चौधरी को एडीजी विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त पदस्थ किया गया था। तब मकवाना की एसीआर( गोपनीय चरित्रावली) कम कर दी गई थी।

## विजयपुर की जीत जीतू पटवारी के लिए बनेगी संजीवनी

भोपाल। मप्र में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को जीत मिली है, वहीं बुधनी विधान सभा सीट में वोट प्रतिशत में बढ़त मिली है। यह जीत मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के लिए संजीवनी का काम करेगी। पटवारी की कुर्सी जाने का खतर टल गया है। अनुमान लगाया जा रहा था कि अगर उप चुनाव में दोनों सीटों में कांग्रेस को हार मिली तो जीतू पटवारी को अध्यक्ष पद से हटाया दिया जाएगा। गौरतलब है कि पटवारी के अध्यक्ष बनने के बाद यह एमपी कांग्रेस की पहली जीत है। जीतू पटवारी के नेतृत्व क्षमता पर लगातार सवाल खड़े हो रहे थे यह सवाल कोई और नहीं बल्कि पार्टी के ही कई बड़े नेता कर रहे थे। कई नेता तो उनको अनुभवहीन तक कह दिया था। अब यह जीत जीतू पटवारी के लिए ब्रह्मास्त्र की तरह काम करेगी। जहां उनकी राष्ट्रीय स्तर पर पूछ-परख बढ़ जाएगी। वहीं प्रदेश स्तर पर भी नेताओं को जीतू पटवारी पर विश्वास बढ़ सकता है। दरअसल लगातार चुनाव हार रही कांग्रेस को एक जीत की तलाश लंबे समय से थी। कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद लोकसभा चुनाव में खाता नहीं खुलने और उसके बाद छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा उपचुनाव में मिली हार के बाद पार्टी में काफी निराशा छाई हुई थी।



#### जीतू पटवारी ने विजयपुर में डाला था डेरा

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी विजयपुर विधानसभा उपचुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया था। उन्होंने चुनाव की तारीख की घोषणा होने से पहले ही क्षेत्र का दौर शुरू कर दिया था और बूथ स्तर पर कार्यकर्ता से मुलाकात की और उनमें विश्वास पैदा किया। जीतू पटवारी जनता को यह बताने में सफलता हासिल की रामनिवास रावत ने कांग्रेस पार्टी से गद्दारी की है और सत्ता के लालच में आकर बीजेपी ज्वाइन की। जीतू पटवारी लगातार आम जनता से जुड़े और उनकी समस्याओं को सुना। यही वजह रही कि विजयपुर की जनता ने भी भरपूर सहयोग किया और एक बार फिर से कांग्रेस अपने गढ़ में विजय हासिल की है।

### मामला पीडब्ल्यूडी विभाग का

## अपात्र दुकानदारों से दुकान खाली करवानें में आ रहा इंजीनियरों को पसीना

भोपाल। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों की मिली भगत से दुकानों में काबिज किराएदार किराएदारी निरस्त किए जाने के बावजूद भी जमें हुए है। ऐसे कई किराएदार दूकानों में है जो कि वर्षो से विभाग को किराया देने में भी हिला-हवाली कर रहे हैं। इसके बावजूद विभाग मूकदर्शक की भूमिका में है। विभाग की दुकानों में अपात्र किराएदार कई वर्षों से काबिज है। जबकि विभाग की विभागीय समिति द्वारा आवंटित की गई 1250 स्थित दुकान क्रमांक 04 का किराएदार विभाग द्वारा नियत की गई राशि भरने के बावजूद भटक रहा है। ऐसे ही और भी कुछ किराएदार दुकान खाली ना होने की स्थिति में विभाग के चक्कर लगा रहे है। इनमें से कुछ ने किराया भी विभाग के नियमानुसार जमा करवा दिया है। दिलचस्प पहलू यह है कि विभाग के अफसर आदेश तो निकालते हैं लेकिन अपने ही आदेश का परिपालन करवाने में कोताही बरत रहे है। दरअसल, प्रमुख अभियंता ने 27 अगस्त 2024 को 1250 स्थित दुकान क्रमांक 04 का आधिपत्य आकाश चतुर्वेदी को सौंपने का आदेश जारी करते हुए मुख्य अभियंता कार्यालय को निर्देशित किया गया कि उक्त दुकान में फर्जी आधार पर अवैध रूप से काबिज अपात्र व्यक्ति को बेदखल करते हुए मूल आवंटी को आधिपत्य दिलाये जाने के निर्देश आवेदक के आवेदन पर दिया गया। हालांकि प्रमुख अभियंता ने सात दिवस में प्रतिवेदन दिए जाने हेतु विभाग के अधिकारियों को निर्देषित किया गया लेकिन नतीजा सिफर रहा।

#### दशकों से किराएदार काबिज

जानकारी के अनुसार कई दशकों से विभाग की दुकानों में काबिज किराएदार जो कि निर्धारित किराए का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। इसके बावजूद विभाग की दुकानों में बतौर किराएदार काबिज है। जबकि विभाग उनका आवंटन भी निरस्त कर चुका है। उक्त आवंटन के निरस्त होने के बाद उक्त दुकानों का आवंटन कमेटी गठित कर मुख्य अभियंता राजधानी परिक्षेत्र, अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री द्वारा कई आवंटियों के विधिवत आवंटन निरस्त करते हुए नए आवंटियों को उक्त दुकानों का आवंटन किया गया। दिलचस्प बात यह है कि उनमें से कुछ ने दुकान आवंटन होते ही विभाग द्वारा निर्धारित दर के हिसाब से किराया भी जमा कर दिया। उसी आधार पर अब उक्त किराएदार ही किराएदारी का हक जता रहे है।

## मप्र भाजपा की रणनीति ने महाराष्ट्र चुनाव में रचा इतिहास

#### 80 कमजोर सीटों पर माइक्रो मैनेजमेंट ने बदली तस्वीर

भोपाल । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने महायुति के साथ जबरदस्त जीत हासिल की है। इस जीत में मध्य प्रदेश भाजपा की टीम और रणनीति की बड़ी भूमिका रही। मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव में अपनाए गए माइक्रो मैनेजमेंट और लाभार्थी केंद्रित प्रचार के मॉडल को महाराष्ट्र में दोहराया गया, जिसने पार्टी को शानदार परिणाम दिलाने में मदद की। मप्र की तर्ज पर महाराष्ट्र में 80 कमजोर सीटों की पहचान कर प्रत्येक बूथ पर 100 वोट बढ़ाने की रणनीति अपनाई गई। बूथ स्तर पर किए गए इन प्रयासों ने पार्टी को निर्णायक बढ़त दिलाई।

भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने मध्य प्रदेश भाजपा की कुशल रणनीति को पहचानते हुए महाराष्ट्र चुनाव में भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद को विदर्भ क्षेत्र की कमान दी गई। उनके साथ महाराष्ट्र के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, नरोत्तम मिश्रा, विश्वास सारंग, बंशीलाल गुर्जर और गजेंद्र पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुभव और प्रबंधन कौशल का उपयोग किया।

#### महिला और लाभार्थी वोटरों को किया आकर्षित

मध्य प्रदेश की चर्चित लाडली बहना योजना को महाराष्ट्र में थोड़ा बदले हुए स्वरूप में लाडकी बहना के रूप में लागू किया गया। इससे महिला मतदाताओं का रुझान भाजपा की ओर बढ़ा। साथ ही, मप्र की तरह लाभार्थियों से सीधे संपर्क कर उन्हें पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

महाराष्ट्र के एससी-एसटी बहुल क्षेत्रों में मध्य प्रदेश के प्रभावशाली नेताओं, जैसे फग्गन सिंह कुलस्ते और लालसिंह आर्य, ने रणनीति और चुनाव प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। इन नेताओं के प्रयासों से इन क्षेत्रों में भाजपा को बड़ी सफलता मिली।

सोशल मीडिया से बनाई दूरी, पर मैदान में रहे सक्रिय

मप्र भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, जो सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं, ने महाराष्ट्र चुनाव की तैयारी के दौरान चार महीने तक अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इससे संबंधित कोई पोस्ट नहीं की। उन्होंने पूरी तरह से मैदान में सक्रिय रहकर चुनाव प्रबंधन की कमान संभाली।

मध्यप्रदेश भाजपा संगठन की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

भाजपा के सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश भाजपा संगठन की अनुशासित और मजबूत स्थिति को राष्ट्रीय नेतृत्व ने सराहा। यही कारण है कि मप्र की टीम को महाराष्ट्र के जटिल चुनाव में अहम भूमिका दी गई, जिसे उन्होंने पूरी सफलता के साथ निभाया।

### नर्सिंग काउंसिल में गड़बड़ी का बड़ा खुलासा

## डिप्टी रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्रार की जगह किए छात्रों के रजिस्ट्रेशन पर हस्ताक्षर

भोपाल। मप्र नर्सिंग काउंसिल में एक और गंभीर प्रशासनिक अनियमितता का मामला उजागर हुआ है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने डिप्टी रजिस्ट्रार चंद्रप्रकाश शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने रजिस्ट्रार की अनुपस्थिति में छात्रों के रजिस्ट्रेशन दस्तावेज़ों पर अनधिकृत हस्ताक्षर किए जिससे न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि छात्रों के भविष्य पर भी गहरा असर पड़ सकता है डॉ शुक्ला स्वयं को वर्तमान चिकित्सा शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला के रिश्तेदार बताते है वहीं विभाग के उच्च अधिकारियों के संरक्षण में नर्सिंग काउंसिल में नियम विरुद्ध कार्य कर रहें हैं परमार ने बताया कि वर्तमान रजिस्ट्रार अनिता चांद के पद पर होने के बावजूद भी डिप्टी रजिस्ट्रार चंद्रप्रकाश शुक्ला ने कथित तौर पर 3 सितंबर 2024 को कई छात्रों के रजिस्ट्रेशन पर रजिस्ट्रार की जगह अपने हस्ताक्षर कर दिए। एनएसयूआई ने इस मामले में चिकित्सा शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव को पत्र लिखकर डिप्टी रजिस्ट्रार के निलंबन और निष्पक्ष जांच समिति गठन की मांग की है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा, मप्र नर्सिंग काउंसिल में अनियमितताओं की श्रृंखला थमने का नाम नहीं ले रही है। यह मामला न केवल काउंसिल की साख पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि छात्रों के भविष्य को भी संकट में डालता है। शासन को तुरंत कार्रवाई करनी होगी। यदि हमारी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो एनएसयूआई छात्रों और अभिभावकों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी। परमार ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला और गंभीर हो सकता है। संगठन ने काउंसिल में पारदर्शिता और छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

#### एनएसयूआई की मांग

एनएसयूआई की प्रमुख मांग है कि डिप्टी रजिस्ट्रार चंद्रप्रकाश शुक्ला को उनके पद से तुरंत निलंबित किया जाए। इस प्रकरण की गहन और निष्पक्ष जांच के लिए स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाए। जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। रजिस्ट्रेशन से जुड़े छात्रों की शैक्षिक वैधता सुनिश्चित की जाए। नर्सिंग काउंसिल की प्रक्रियाओं में सुधार करते हुए अनियमितताओं को रोकने के लिए सख्त प्रावधान लागू किए जाएं।

## अंशकालीन कर्मचारियों ने दिया धरना

भोपाल । मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले प्रदेश के अंशकालीन कर्मचारियों ने रविवार को अपनी सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में विशाल धरना अंबेडकर मैदान तुलसी नगर सेकंड स्टाफ के पास दिया तथा मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। धरने को प्रमुख रूप से अशोक पांडे, महेंद्र सारस, प्रमोद बर्डे, उमाशंकर पाठक, सुरेश सिंह ठाकुर आदि ने संबोधित किया।

मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि सरकार अंशकालीन कर्मचारी की मांगों को 20 साल से मंजूर नहीं कर रही है। इस कारण अंशकालीन कर्मचारी का नियमितीकरण, महंगाई भत्ते , पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ आंदोलन का रास्ता अपना लिया है। अंशकालीन कर्मचारियों से विभाग में 8 घंटे से ज्यादा काम लिया जाता है लेकिन उन्हें वेतन मात्र 4 घंटे का दिया जाता है। नौकरशाही अंशकालीन कर्मचारी के अधिकारों का हनन कर रही है, उनका शोषण कर रही है। अंशकालीन कर्मचारी के वेतन में पिछले 20 साल से वृद्धि नहीं की गई इस कारण आज भी अंशकालीन कर्मचारी मात्र 4 हजार या 5 हजार रुपए में प्रतिमाह नौकरी करने के लिए मजबूर है। लेकिन अब अंशकालीन कर्मचारियों ने तय कर लिया है कि जब तक मांग मंजूर नहीं होगी, अंशकालीन कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करते रहेंगे।

### इंदौर में एनआरआई समिट 16-17 दिसंबर को

भोपाल। इंदौर में 16 और 17 दिसंबर को एनआरआई समिट का आयोजन होगा। यह प्रवासी इंदौरियों के सम्मेलन का तीसरा वर्ष है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 25 से अधिक देशों के एनआरआई शामिल होंगे। समिट का उद्देश्य इंदौर और दुनिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा, इंदौरी एनआरआई और स्थानीय लोगों के बीच संवाद बढ़ाना, इंदौर की संस्कृति और विकास के बारे में जानकारी देना और इंदौर के विकास कार्यों पर चर्चा करना है। पिछले साल भी इंदौर में आयोजित एनआरआई समिट में दुबई, अबू धाबी, शिकागो, सेन फ्रांसिस्को, जापान सहित दुनिया के 28 देशों के एनआरआई इंदौर पहुंचे थे।

## रावत को जनमानस ने किया हिटविकेट

### भाजपा की हार अंचल के गई दिग्गजों के कद को कम करेगी

भोपाल। विजयपुर क्षेत्र के मतदाताओं ने प्रदेश के वन मंत्री रामनिवास रावत के लोकसभा चुनाव में दल-बदल के निर्णय पर अस्वीकृत की मोहर लगा दी है। रावत भाजपा मूल के कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा से 7428 वोटों के अंतर से पराजित हो गये हैं। रावत को विश्वासघात का सबक सिखाने के लिए कांग्रेस ने एकजुटता के साथ पूरी ताकत लगा दी थी।

इस चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व विधानसभाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। भाजपा ने कांग्रेस से इस सीट को छीनने के लिए तंत्र के साथ हर मंत्र का उपयोग किया, लेकिन रामनिवास रावत को हिट विकेट होने से नहीं बचा पाई।विजयपुर के आदिवासियों ने संक्रमण काल में कांग्रेस को आक्सीजन प्रदान करने का काम किया है। अब रावत को दल-बदल करने पर बतौर पुरस्कार मिला वन मंत्री के पद से भी इस्तीफा देना पड़ेगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा के दबाव में रामनिवास रावत ने दल-बदल किया था।भाजपा इस दल-बदल से श्योपुर-मुरैना लोकसभा सीट जीतने में सफल हुई थी इस एवज में पुरस्कार के तौर कैबिनेट मंत्री का ओहदा भी मिला था ।

#### नरेंद्र सिंह की रणनीति फेल

विजयपुर विधानसभा में हुए उपचुनाव के प्रमुख रणनीतिकार के रूप में अप्रत्यक्ष रूप से नरेंद्र सिंह तोमर थे। मुख्यमंत्री ने आदिवासियों को साधने के लिए सीताराम आदिवासी को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया। विजयपुर के विकास के लिए सरकार का खजाना खोल दिया। क्षेत्र के आदिवासियों सहित सभी वर्गों को साधने के लिए रात्रि विश्राम सहित लगातार प्रवास कर सभाएं की, लेकिन आदिवासियों को रिझाने में नाकाम रहे।केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने व्यक्तिगत नाराजगी के कारण उपचुनाव से दूरी बनाकर रखी थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने समूचे संगठन को चुनाव में लगा दिया था।

#### कांग्रेस की एकजुटता ने रचा इतिहास

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सदस्य अशोक सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार व जयवर्धन सिंह ने विजयपुर उपचुनाव में रामनिवास रावत को हराने के लिए कांग्रेस की पूरी ताकत लगा दी थी एक-एक मतदान केंद्र पर अंचल के बड़े नेताओं की ड्यूटी लगाई थी। कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार व उनके अनुज पूर्व विधायक सत्यपाल सिकरवार नीटू ने भी लोकसभा चुनाव हार का बदला लेने के लिए केंप किया था।एक बार फिर कांग्रेस ने बता दिया है कि अगर एकजुटता से आज भी परिणाम बदलने में सक्षम हैं।

#### रामनिवास रावत की राजनीति पर पूर्ण विराम

यह चुनाव रामनिवास रावत की राजनीति पर पूर्णविराम लगाने वाला साबित हो सकता है।क्योंकि अब कांग्रेस उनकी वापसी फिलहाल असंभव है और भाजपा में इससे अधिक कुछ और मिलने की उम्मीद न के बराबर है। छह बार के विधायक रावत कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। पिछले चुनाव में भाजपा की लहर के बाद भी रावत ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी।

## सामुहिकता से रोका जाएगा महिलाओं-बच्चों के खिलाफ अपराध

# आज से चलेगा हम होंगे कामयाब अभियान

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए पुलिस अब सामुहिकता के साथ काम करेगी। यानी महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए अब केवल पुलिस ही नहीं बल्कि 25 विभाग मिलकर काम करेंगे। इस कड़ी में जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया 25 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में इस अभियान की शुरुआत करेंगी।

गौरतलब है कि अभी तक महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध और लिंग आधारित हिंसा रोकने के लिए अभी तक केवल पुलिस अकेले काम कर रही थी। लेकिन अब पुलिस के साथ महिला एवं बाल विकास, नगरीय विकास एवं आवास, पर्यटन, स्वास्थ्य, आबकारी और स्कूल एवं उच्च शिक्षा जैसे 25 विभाग एक साथ मिलकर काम करेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इसकी रूपरेखा तैयार की है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए, पहली बार इतने विभागों को एक साथ जोड़कर अभियान हम होंगे कामयाब शुरू किया जा रहा है। इस अभियान अभियान की रोजाना मॉनीटरिंग की जाएगी। जिला स्तर पर कलेक्टर को नोडल अधिकारी तो एसपी को सहयोगी बनाया गया है। सभी की जवाबदेही तय की गई है। अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, आबकारी, पुलिस, स्कूल एवं उच्च शिक्षा, सामाजिक न्याय, तकनीकी शिक्षा, अनुसूचित जाति कल्याण, खेल एवं युवा कल्याण, नेहरू युवा केंद्र, विधि एवं विधायी, परिवहन व अन्य विभाग शामिल होंगे।

#### अब सभी विभाग एक साथ करेंगे काम

अभी तक महिलाओं-बच्चों के खिलाफ अपराध के प्रति जागरूकता के लिए महिला सुरक्षा शाखा अभियान चलाती थी। अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर पहली बार सभी विभागों को एक साथ जोड़कर अभियान तैयार किया गया है। बता दें, महिला और बच्चों की सुरक्षा के लिए अलग अलग विभाग अपने स्तर पर योजनाएं संचालित कर रहे हैं, लेकिन सामंजस्य की कमी और अन्य कारणों से इनका लाभ नहीं मिल रहा है। अब सीएम डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन सभी विभागों को एक साथ लाए हैं। इससे पहले महिला सुरक्षा शाखा की स्पेशल डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव की अगुआई में हम होंगे कामयाब अभियान चलाया जाता था। अब इसे अन्य विभागों के साथ मिलकर विस्तार दिया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस अभियान का सकारात्मक परिणाम आएगा। महिला सुरक्षा शाखा करेगी ऑडिट महिलाओं एवं बच्चों की मौजूदगी वाले स्थानों मसलन शिक्षण संस्थानों, हॉस्पिटल, यात्री प्रतीक्षालय समेत अन्य स्थानों की सुरक्षा के ऑडिट का जिम्मा पुलिस को सौंपा गया है। पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा इसकी मॉनीटरिंग करेगी। इसके लिए यूएन वूमन द्वारा तकनीकी सहायता मुहैया कराई जाएगी।

#### 41 सवाल तैयार किए

जानकारी के अनुसार, सुरक्षा ऑडिट के लिए 41 सवाल तैयार किए गए हैं, जिन्हें गूगल फॉर्म के जरिये भेजा जाएगा।

## 21 जिलों की सड़कें व्हाइट टॉपिंग से बनेंगी

भोपाल । भोपाल में सड़क निर्माण की तकनीक पर दो दिन तक मंथन करने के बाद अब लोक निर्माण विभाग व्हाइट टॉपिंग तकनीक से सड़कें बनाएगा। इसके लिए शुरुआती दौर में प्रदेश के 21 जिलों की 41 सड़कों को चिह्नित किया गया है। भोपाल की 14, इंदौर की 3, ग्वालियर की 3, बुरहानपुर की 2, मंदसौर की 2 और सागर की 2 सड़कें बनेंगीं। इन सड़कों का काम इसी माह शुरू किया जाना है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कराई जा चुकी है। ऐसी सड़कों का चार माह के भीतर कम्प्लीट किया जाएगा। प्रदेश में सड़कों की क्वालिटी खराब होने और साधारण सी बारिश में सड़कें उखड़ने की शिकायतों के बाद अब राज्य सरकार व्हाइट टॉपिंग टेक्नीक अपनाने जा रही है। इस तकनीक से बनाने वाली सड़कों की कुल लंबाई 109.31 किलोमीटर है। योजना को नवंबर के अंत तक शुरू करने की तैयारी है और इसे अगले 4 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

#### इन जिलों में बनेगी पायलट प्रोजेक्ट पर व्हाइट टॉपिंग रोड

भोपाल में वल्लभ भवन मार्ग, श्यामला हिल्स स्थित सीएम हाउस मार्ग समेत यहां कि 14 सड़कों को इसके लिए चिह्नित किया है। लोक निर्माण विभाग ने तय किया है कि प्रदेश के आगर मालवा, उमरिया, खंडवा, गुना, छतरपुर, देवास, नर्मदापुरम, नीमच, बैतूल, मुरैना, रतलाम, रायसेन, रीवा, सतना और हरदा में एक-एक मार्ग पर व्हाइट टॉपिंग तकनीक से सड़क बनाई जाएगी।

### सरकारी कॉलेज में सीट छोड़ने पर लगा 30 लाख का जुर्माना, पीड़ित पहुंचा हाईकोर्ट

भोपाल। सरकारी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग और दुर्व्यवहार से पीड़ित छात्र ने पीजी सीट छोड़ दी थी। सीट खाली करने पर सरकार द्वारा 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अब छात्र जुर्माने को लेकर सरकारी फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीहोर के रहने वाले डॉक्टर राज कुमार अहिरवार ने यह याचिका दायर की है। पीड़ित को भोपाल में पीजी प्रोग्राम ज्वॉइन करने के साथ रैगिंग और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। डॉक्टर अहिरवार का कहना है कि रैगिंग और ज्यादा काम के बोझ के कारण उन्हें सीट छोड़नी पड़ी।

## यशस्वी और विराट के शतकों से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 534 रनों का कठिन लक्ष्य

# मेजबानों ने 12 रनों पर ही 3 विकेट खोये

पर्थ। यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली के शानदार शतकों की सहायता से भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच पर शिकंजा कस लिया है। यशस्वी के 161 और विराट के 100 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने तीसरे दिन टी ब्रेक के बाद अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 487 रन पर घोषित कर मेजबान टीम को जीत के लिए 534 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया है। जिसका पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत खराब रही और उसने दिन का खेल समाप्त होने के समय तक 4.2 ओवर में ही 12 रनों पर ही दूसरी पारी में अपने तीन विकेट खो दिये थे। अब ऑस्ट्रेलिया के पास दो दिन हैं और वह 522 रन पीछे हैं जबकि उसके पास सात विकेट शेष हैं।

जसप्रीत बुमराह ने दूसरी पारी में भी जबरदस्त गेंदबाजी करते तीन में से दो विकेट लिए। बुमराह ने पहले नैथन मैकस्वीनी को शून्य और मार्नस लाबुशेन को 3 रन पर ही पेवेलियन भेज दिया। मोहम्मद सिराज ने नाइटवाचमैन के तौर पर आए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को 2 रन पर आउट कराया। इससे पहले आज भारतीय बल्लेबाजी छाये रहे पहले यशस्वी और उसके बाद विराट ने शतक लगाये। विराट के 100 रन पूरे करते ही कप्तान बुमराह ने पारी घोषित कर दी। तब दूसरे छोर पर नीतिश कुमार रेड्डी भी 38 रन बनाकर खेल रहे थे। विराट ने 143 गेंदों की अपनी शतकीय पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए। जबकि, नीतिश ने 3 चौके और 2 छक्के लगाये।



विराट ने इस शतक के साथ ही एक विदेशी धरती में सबसे अधिक शतक बनाने के सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। उन्होंने इसके अलावा एक देश के खिलाफ 9 शतक बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। तेंदुलकर के श्रीलंका के खिलाफ 9 शतक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 शतक हैं। गावस्कर के नाम वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक बनाने का रिकॉर्ड है। विराट ने इस मैच में अपना 30वां शतक है और इस प्रकार वह आस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन के 29 शतकों से आगे निकल गए हैं।

भारतीय टीम ने दो विकेट पर 313 रन की मजबूत स्थिति के बाद 18 गेंदों के अंदर ही आठ रन पर तीन विकेट खो दिए थे पर इसके बाद विराट ने वाशिंगटन सुंदर के साथ छठे विकेट के लिए 89 रन और नीतिश कुमार रेड्डी के साथ सातवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी कर भारत की कुल बढ़त को 500 के पार पहुंचा दिया। वहीं भारतीय टीम ने दूसरे दिन के कोई विकेट खोए 172 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था।यशस्वी ने दूसरे दिन के अपने 90 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए 297 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 161 रन की बड़ी पारी खेलने के बाद आउट हुए। वहीं केएल राहुल ने 77 रन बनाए।

वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को 104 रन पर रोकने के बाद भारत ने तीसरे दिन 218 रन की बढ़त के आगे खेलना शुरू करते हुए दूसरी पारी में 487 रन बनाते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने 535 रन का लक्ष्य रखा है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से दूसरी पारी में नाथन लायन ने 2 जबकि मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिशेल मार्श ने एक-एक विकेट लिया।

## गिलक्रिस्ट सहित पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने यशस्वी की जमकर प्रशंसा की

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे एडम गिलक्रिस्ट ने भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की शानदार पारी की सराहना की है। यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया है। गिलक्रिस्ट ने केएल राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी के लिए सलामी बल्लेबाज के खेलने के तरीके और प्रतिबद्धता की जमकर प्रशंसा की है। यशस्वी पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाये थे पर दूसरी पारी में उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की। गिलक्रिस्ट ने कहा कि जिन्होंने उसे खेलते देखा है वे जानते हैं कि वह काफी आक्रामक खिलाड़ी है। उसने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। टेस्ट क्रिकेट में भी वह अपने आक्रामक अंदाज के कारण जाना जाता है। उसने कम समय में भी काफी छक्के लगाये हैं।



वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइक हसी भी गिलक्रिस्ट से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि मैं उसे ऑस्ट्रेलिया में उछाल भरी पिचों पर खेलते हुए देखना चाहता था, यह देखने के लिए कि वह इसे कैसे संभालेगा पर यह पारी दिखाती है कि वह दुनिया भर में किसी भी हालात में खेलकर उसे संभाल सकता है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच डैरेन लेहमैन का मानना है कि जयसवाल और राहुल के प्रयासों से भारतीय टीम मैच में हावी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह एक कठिन दिन था लेकिन दो भारतीय बल्लेबाजों के प्रयासों से टीम बेहतर हालात में पहुंची है। इन दोनो ही शानदार तरीके से खेला है।

## प्रीमियर लीग फुटबॉल में टोटेनहैम ने मैनचेस्टर सिटी को हराया

लंदन। टोटेनहैम ने गत विजेता मैनचेस्टर सिटी को प्रीमियर लीग फुटबॉल मुकाबले में 4-0 से हरा दिया। इसी के साथ ही मैनचेस्टर सिटी को पांचवीं हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के बाद मैनचेस्टर की टीम लीग में नंबर एक पर चल रहे लीवरपूल से पांच अंक ही पीछे है। मैनचेस्टर के अभी तक 23 ही अंक हैं जबकि लीवरपूल के 28 अंक हो गये हैं जबकि उसने एक मैच कम खेला है। वहीं टोटेनहैम की टीम 19 अंक लेकर छठे स्थान पर है। टोटेनहैम की ओर से जेम्स मेडिसन ने 13वें और 20वें मिनट में दो गोल किये जबकि पेड्रो पोरो ने 52वें मिनट और ब्रेनन जॉनसन ने खेल समाप्त होने के समय एक गोल किया। वहीं तीसरे स्थान पर कायम चेल्सी ने लीसेस्टर को 2-1 से हराया। चौथे स्थान पर चल रहे आर्सेनल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट पर 3-0 से जीत हासिल की।

## पर्थ टेस्ट में पिच बदलाव पर इरफान पठान की मजेदार टिप्पणी

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती मैच में पर्थ की पिच ने सभी को चौंका दिया। पहले दिन सतह पर तेज गेंदबाजों के लिए भरपूर उछाल और मूवमेंट था, लेकिन दूसरे दिन यह तस्वीर पूरी तरह बदल गई। पिच धीमी पड़ने के साथ दरारें उभरने लगीं, जिससे बल्लेबाजों को कुछ राहत मिली। पूर्व भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने पिच के इस अचानक बदलाव पर मजेदार टिप्पणी की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, इतना जल्दी तो मेरी पत्नी का मूड भी नहीं बदला, जितनी जल्दी ये पिच बदली है। पर्थ की हरी सतह ने पहले दिन दोनों टीमों के तेज गेंदबाजों को भरपूर मदद दी। भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने घास से भरी इस पट्टी पर स्विंग और उछाल का खूब फायदा उठाया। लेकिन दूसरे दिन पिच की प्रकृति बदल गई, सतह पर हलचल कम हो गई और बल्लेबाजों ने क्रीज पर अधिक समय बिताने का मौका पाया।

इरफान पठान की यह हल्की-फुल्की पोस्ट क्रिकेट प्रशंसकों के बीच तेजी से वायरल हो गई। फैन्स ने इसे न केवल पिच की स्थिति पर एक सटीक मजाक माना, बल्कि पठान की हाजिरजवाबी की भी तारीफ की। पिच में अचानक बदलाव ने खिलाड़ियों और विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बना दिया है। कुछ ने इसे टेस्ट क्रिकेट की अनिश्चितता का हिस्सा बताया, जबकि अन्य ने इसे पिच क्यूरेटर की तैयारी पर सवाल उठाने का मौका माना। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के इस पहले मुकाबले ने पहले ही दो दिनों में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। अब देखना यह है कि अगले तीन दिनों में खेल का क्या रुख रहता है।

## फर्जी लेख पर सुनील गावस्कर नाराज, कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने एक क्रिकेट वेबसाइट पर उनके नाम से लेख लिखे जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने फर्जी लेख के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। वेबसाइट क्रिकेट सेपशन ने शुक्रवार शाम को नेतृत्व में एक नया युग- बुमराह की कप्तानी और कोहली के नेतृत्व ने टीम इंडिया को पुनर्जीवित किया शीर्षक से एक कॉलम प्रकाशित किया, जिसमें दावा किया गया कि यह पूर्व कप्तान द्वारा लिखा गया था।



जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लेख से कोई संबंध नहीं है और इसे तुरंत हटाने की मांग की। क्रिकेट के दिग्गज ने वेबसाइट से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने को भी कहा, चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर गावस्कर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर इस मुद्दे को संबोधित किया, एक वीडियो साझा किया कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में गावस्कर ने कहा कि हाय, मैं सुनील गावस्कर हूं और मैं कहना चाहता हूं कि क्रिकेट सेप्शन नामक एक वेबसाइट है, जिसने मेरे नाम से एक लेख छापा है। मुझे कहना होगा कि यह पूरी तरह से फर्जी है। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है और मैं उस वेबसाइट से कहना चाहता हूं कि इसे तुरंत हटा दें। माफ़ी मांगो। अगर तुम ऐसा नहीं करते, तो मैं इस मामले को अपनी कानूनी टीम को सौंप दूंगा। इसलिए जो कुछ भी तुमने पढ़ा है, उस पर एक शब्द भी यकीन मत करो। यह मेरे नाम से लिखा गया एक पूरी तरह से फर्जी लेख है। गावस्कर ने प्रशंसकों से ऑनलाइन गलत सूचनाओं के बारे में सतर्क रहने का भी आग्रह किया, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, इंटरनेट पर जो कुछ भी आप देखते हैं उस पर कभी भी यकीन मत करो हमेशा सत्यापित करो। यह विवाद पर्थ स्टेडियम में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान पैदा हुआ, जहां भारत ने स्टैंड-इन कप्तान जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया। बुमराह के 5-30 के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पहले टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर समेटने के बाद चायकाल तक बिना कोई विकेट खोये 84 रन बना लिए।

# आईपीएल नीलामी : भारतीय खिलाड़ियों पर बरसे पैसे...

## पंत को लखनऊ ने 27 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा, श्रेयस को पंजाब ने 26.75 करोड़ दिए

### ऋषभ आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी

जेद्दाह। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों पर जमकर पैसा बरसा है। ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ में खरीदा। उन्होंने इस मामले में श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ा। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा। हम यहां आपको आईपीएल 2025 और नीलामी इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों के विषय में बताएंगे।

आईपीएल 2024 के लिए पिछले साल हुई मिनी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के विश्व विजेता कप्तान पैट कमिंस और स्टार्क पर जमकर पैसों की बारिश हुई थी और दोनों ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के ही तूफानी गेंदबाज मिचेल स्टार्क नीलामी टेबल पर आए और उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा। दोनों का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था। आईपीएल नीलामी इतिहास में पहली बार 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार हुआ था और वह भी एक साथ दो खिलाड़ियों पर। दूसरी सेट से कैप्ड प्लेयर डेविड मिलर को लखनऊ ने 7.5 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था। दूसरी मार्की लिस्ट से कैप्ड प्लेयर मोहम्मद शमी को हैदराबाद ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था। पिछले सीजन में इंडियन पेसर शमी इंजरी की वजह से नहीं खेले थे।

### 110 करोड़ में बिके शुरुआती 6 खिलाड़ी

पहले सेट में 6 खिलाड़ियों पर बोली लगी। 4 टीमों ने इन प्लेयर्स पर 110 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। लखनऊ सुपरजायंट्स ने 27 करोड़ में ऋषभ पंत और पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपए में श्रेयस अय्यर को खरीदा। अर्शदीप सिंह 18 करोड़, जोस बटलर 15.75 करोड़, मिचेल स्टार्क 11.75 करोड़ और कगिसो रबाडा 10.75 करोड़ रुपए में बिके।



### आईपीएल 2025 के सबसे महंगे खिलाड़ी

**खिलाड़ी कितने में खरीदा (करोड़ रु) टीम**



ऋषभ पंत 27 लखनऊ सुपरजायंट्स
श्रेयस अय्यर 26.75 पंजाब किंग्स
अर्शदीप सिंह 18 पंजाब किंग्स
युजवेंद्र चहल 18 पंजाब किंग्स
जोस बटलर 15.75 गुजरात टाइटंस
कगिसो रबाडा 10.75 गुजरात टाइटन्स
मिचेल स्टार्क 11.75 दिल्ली कैपिटल्स
मोहम्मद शमी 10 सनराइजर्स हैदराबाद

## नीदरलैंड की टीम पहली बार डेविस कप फाइनल में पहुंची

### सेमीफाइनल में जर्मनी को हराया

एम्स्टर्डम। नीदरलैंड की टीम ने जर्मनी को 2-0 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया है। डच टीम के बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प ने पहले एकल मैच में डैनियल अल्टमायर को हराकर नीदरलैंड को 1-0 की बढ़त दिलायी।

विश्व के 80वें नंबर के खिलाड़ी बोटिक को रोमांचक मुकाबले में 6-4 6-7 (12-14) 6-3 से जीत हासिल करने के लिए 10 मैच अंक चाहिये थे। वहीं ग्रिक्सपुर ने बेस्ट ऑफ थ्री टाई को निर्णायक युगल में जाने से रोक दिया। उन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-7 (4-7) 7-5 6-4 से हराया। जीत के बाद ग्रिक्सपुर ने कहा कि हमें अपने पर बहुत विश्वास था, हमें हमेशा लगता था कि यह संभव है।



वहीं नीदरलैंड्स कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा कि यह जीत उत्साहित करने वाली है अगर हम डेविस कप जीतते हैं तो हमारे लिये सुखद होगा क्योंकि हमारे पास यह शीर्ष-पांच खिलाड़ी नहीं हैं, हमारे पास वह शीर्ष -10 खिलाड़ी नहीं है, हमारे पास वह शीर्ष -15 खिलाड़ी नहीं है पर यह एक टीम प्रयास है। उन्होंने कहा कि जीत के लिए हमें अपने पर भरोसा करना होगा, चाहे कोई भी हमारे खिलाफ हो, कि हम यह कर सकते हैं। अब खिताबी मुकाबले में नीदरलैंड की टक्कर गत चैंपियन इटली या ऑस्ट्रेलिया से होगी।

## हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय कोहली और बुमराह से मिली सलाह को दिया

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने पहले ही टेस्ट में अपनी सफलता का श्रेय अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को दिया है। हर्षित ने कहा कि इन खिलाड़ियों से मिली सलाह लेने से उन्हें काफी सहायता मिली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में राणा ने अपने 16 ओवर के स्पैल में 3.10 की इकॉनमी रेट से तीन विकेट लिए थे। इस खिलाड़ी ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट ट्रैविस हेड का लिया। हेड 11 रन पर आउट हुए। इसके बाद मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन का विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर ही समेट दिया।

इस युवा गेंदबाज ने कहा कि कोहली और बुमराह से मिली सलाह से मुझे एक खास तरह का आत्म-विश्वास मिला। उन्होंने कहा कि इनकी सलाह लेने से मुझे काफी लाभ हुआ। कहां गेंदबाजी करनी है इसके लेकर इनकी सलाह और भरोसे से मेरा मनोबल बढ़ा। हमने एक टीम के रूप में इस बारे में बात की थी कि बल्लेबाज को कैसे तैयार करना है और आउट करना है। हमारा विचार स्टंप्स पर हमला करने का था। मैंने एक अच्छी गेंद डाली और सफलता हासिल की।

साथ ही कहा कि बुमराह एक छोर से दबाव बनाते हैं जिसका लाभ अन्य गेंदबाजों को भी मिलता है। उन्होंने कहा कि उनके स्पैल ने मेरे लिए चीजें आसान कर दीं। । वहीं अपने पदार्पण को लेकर कहा कि कोच गंभीर ने शुरुआत से कहा था कि धैर्य बनाए रखो और जब भी मौका मिले अच्छा प्रदर्शन करो। वह हमेशा आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। वह मुझसे कह रहे थे कि सब कुछ एक तरफ रखकर सोचो कि तुम पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हो।

## विराट का लगाया छक्का सुरक्षाकर्मी को जा लगा

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का लगाया एक तेज शॉट एक सुरक्षाकर्मी को जा लगा। इससे सुरक्षाकर्मी दर्द से परेशान हो गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में विराट ने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंद पर छक्का लगाया था पर गेंद बाउंड्री के बाहर जाकर सुरक्षाकर्मी को लग गयी। सुरक्षाकर्मी उसी ओर देख रहा था। इसलिए वह संभल नहीं पाया।

सिर पर गेंद लगने के बाद सुरक्षाकर्मी की सहायता के लिए फिजियो पहुंच गये। फिजियो ने सुरक्षाकर्मी की जांच की। वहीं स्पिन गेंदबाज नाथन लायन भी सिक्योरिटी गार्ड का पास पहुंचे और सुरक्षाकर्मी के बारे में पूछा। इससे विराट भी परेशान दिये। फिजियो ने सुरक्षाकर्मी का कन्कशन टेस्ट भी किया और इसकी वजह से कुछ देर तक मैच को रोकना पड़ा। कन्कशन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के फीजियो ने पाया की सब कुछ सही है। इसके बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया। वहीं छक्के की बाद कर्रे तो स्टार्क ने पटकी हुई गेंद डाली थी। विराट ने अपर कट के अंदाज में गेंद को स्लिप और गली के ऊपर से खेल दिया।।

## रोहित ऑस्ट्रेलिया पहुंचे

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया पहुंच गये हैं, वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ेंगे। रोहित शनिवार शाम को मुंबई एयरपोर्ट से रवान हुए थे। इस दौरान उन्हें पत्नी रितिका सजदेह को गले लगाकर बाय कहते देखा गया था।

रोहित दूसरे बच्चे के जन्म के कारण ही पहले टेस्ट से बाहर रहे। बीसीसीआई और टीम प्रबंधन को उन्होंने पहले ही संकेत दिया था कि वे पर्थ टेस्ट नहीं खेलेंगे। रोहित के ऑस्ट्रेलिया पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा।

इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में रोहित असफल रहे थे, ऐसे में उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जमकर रन बनाकर लय हासिल करना रहेगा। इस साल रोहित ने 11 टेस्ट मैचों में 29.40 के औसत से 588 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और इतने ही अर्धशतक शामिल हैं। रोहित का घरेलू सत्र में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और उन्होंने पांच मैचों में 13.30 के औसत से 133 रन बनाए जिसमें एक अर्धशतक शामिल हैं।

## यशस्वी ने शतक के साथ ही बनाये कई रिकार्ड

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया। यशस्वी ने अपने इस शतक के साथ ही एक साथ कई रिकार्ड बनाये हैं। यशस्वने ने तीसरे दिन लंच तक ही 141 रन बना लिए। इस प्रकार अब वह ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले पूर्व कप्तान और लिटिल मास्टर के रूप में लोकप्रिय सुनील गावस्कर की बराबरी पर पहुंच गये हैं। इसके साथ ही यशस्वी ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले टेस्ट मैच में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। यशस्वी अब भारत के तीसरे ऐसे बल्लेबाज बने हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपने पहले ही टेस्ट मैच में शतक लगाया है। उनसे पहले सुनील गावस्कर ने यहां 113 और एमएल जयसिम्हा ने यहां 101 रन बनाये थे। यशस्वी अपनी पारी के दौरान गावस्कर के 113 रन के स्कोर को पार करते ही ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। यशस्वी ने इस साल अब तक 35 छक्के लगाये हैं जो टेस्ट मैचों में सबसे अधिक है। वहीं श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस 19 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर जबकि शुभमन गिल 18 छक्के लगाकर तीसरे नंबर पर हैं। यशस्वी पहली पारी में विफल रहे थे पर दूसरी पारी में उन्होंने विरोधी टीम को कोई अवसर नहीं दिया।यशस्वी ने दूसरी पारी में अपनी तकनीक में बदलाव करते हुए विरोध गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। उन्होंने गेंद को करीब से खेला और इसका फायदा भी मिला। उन्होंने 205 गेंद में 8 चौकों और 3 छक्के की मदद से शतक लगाया। इस युवा ने तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की गेंद पर अपरकट लगाकर छक्का लगाया और शतक पूरा किया।



## ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने किया टीम का बचाव, टेस्ट क्रिकेट उतार-चढ़ाव वाला खेल

पर्थ। ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अपनी टीम की गेंदबाजी के प्रभावी नहीं रहने को लेकर सफाई दी है। मैकडोनाल्ड ने अपनी टीम के खिलाड़ियों का बचाव करते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट उतार-चढ़ाव वाला खेल है। यहां मेजबान टीम पहली पारी में 104 रन पर आउट होने के बाद दूसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी में एक भी विकेट नहीं ले पायी थी। इसी के बाद कोच मैकडोनाल्ड ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उतार-चढ़ाव वाला है।

मैकडोनाल्ड ने कहा कि विकेट अब काफी बदल गया है और यदि आप सीम और स्विंग को देखें, तो यह पहले दिन की तुलना में कम था। वहीं भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों के एल राहुल और यशस्वी जयसवाल ने अच्छी बल्लेबाजी की। हमारे लोगों ने सही क्षेत्र में गेंदें डालीं। कुछ जगह पर हमसे गलतियां भी हुई अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो हालात कुछ और होते।

उन्होंने कहा कि टीम की रणनीति सही रही पर इसके बाद भी हम हर क्षेत्र में भारतीय टीम से पिछड़ गये पर इससे ये नहीं कहा जा सकता है आगे टीम वापसी नहीं कर पायेगी। टेस्ट क्रिकेट उतार-चढ़ाव वाला है। हमारा प्रयास दूसरी नई गेंद आने से पहले कुछ विकेट लेना रहेगा।

मैकडोनाल्ड ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि बड़ी सीरीज से पहले दोनों टीमों पर कुछ दबाव रहा होगा, इसी कारण कुछ गलतियां भी हुई हैं। साथ ही कहा कि जब गेंदबाज किस मैदान पर प्रभावी भूमिका निभाते हैं तो उससे टीम के बल्लेबाजों का भी मनोबल बढ़ता है।

## राहुल ने यशस्वी से दबाव कम किया - गावस्कर

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बल्लेबाज केएल राहुल की जमकर प्रशंसा की है। गावस्कर ने कहा है कि राहुल ने अपनी बल्लेबाजी से यशस्वी जयसवाल पर दबाव कम किया है जिसके कारण ही वह 172 रनों की साझेदारी करने में सफल रहे। गावस्कर ने कहा कि जब कोई बल्लेबाज एक छोर पर टिका रहता है दूसरे बल्लेबाजी जो आक्रामक शॉट लगाता है उसे खुलकर खेलने का अवसर मिल जाता है। इसी कारण यशस्वी मैच में जमकर रन बना पाये।

गावसकर ने कहा कि ये दोनो ही पारंपरिक तौर पर टेस्ट मैच में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि जब गेंद पिच हुई तो राहुल ने रन बनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ा। उन्होंने कवर में रन बनाए और पैट कमिंस के खिलाफ अच्छा स्ट्रेट ड्राइव भी खेला। उनकी पारी एक प्रकार से टेस्ट क्रिकेट की संपर्ण पारी है।

# चिलोरा अंचल के दूरस्थ वनवासियों को कंबल, वस्त्र, मिठाई, बर्तन का हुआ वितरण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। दीपावली पर्व के उपरांत संत श्री आशारामजी आश्रम, सेवा ट्रस्ट द्वारा दूरस्थ वनांचल ग्रामों में जरूरतमंदों को उनके जीवन उपयोगी सामग्री का वितरण किया जाता है।इसी के चलते 24 नवंबर को ग्राम चिलोरा के विशाल मैदान में संतश्री आशारामजी आश्रम गोंदिया समिति द्वारा चोरिया, पोसेरा पंचायत क्षेत्र के लगभग 500 वनांचल वासियों को कंबल ,वस्त्र,मिठाई,बर्तन के अलावा उनके जीवनउपयोगी सामग्री का वितरण किया गया।बता दें कि कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवंदना व भगवान बिरसा मुंडा की पूजा से की गई।श्री आशा रामायण पाठ के बाद वनांचलवासियों को सामग्री का वितरण कर उन्हें निज धर्म,सनातन परंपरा,व भगवान बिरसा मुंडा के त्याग तपस्या का महत्व बताया गया।कार्यक्रम के अंत में



दूर दराज से आए ग्रामीणों को महाप्रसाद व मिठाई का वितरण किया गया। सामग्री पाकर और महाप्रसाद ग्रहण करने के उपरांत ग्रामीणों के चेहरे खिले खिले नजर आए और उन्होंने अपने को धन्य माना।

### लोक संस्कृति की दिखाई झलक

सामग्री वितरण कार्यक्रम के बीच में ग्रामीण अंचल के बच्चों ने लोकसंगीत के आधार पर आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति देकर शमा बांध दिया और दर्शकों ने तालियों से स्वागत किया।इस दौरान जय सेवा,जय जौहर और हरि ? हरि ? से मंडप गूंज उठा और लोग साथ में झूमते नजर आए।

### रोगियों की हुई जांच...

कार्यक्रम के दौरान जहां एक और सामग्री का वितरण किया जा रहा था,वहीं दूसरी ओर दूर दराज से आए ग्रामीणों की जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया दीप ऑप्टिकल के द्वारा नेत्र रोगियों की जांच कर उन्हें उपचार दिया गया।

### सेवा अभियान में रहा योगदान

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में गोंदिया समिति के संचालक पंकज भाई के अलावा योग वेदांत समिति अध्यक्ष शंकर लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष डोड़नी, सचिन पप्पू मलकानी, गोपी भाई आत्माराम गोप्लानी एवं आश्रम के सभी सेवादारी युवा सेवा संघ और सभी भाई-बहन सेवादारी उपस्थित रहेगुरुकुल सचिव गुड्डू चंदवानी गोंदिया शहर महामंत्री भाजपा के अलावा लांजी समिति के प्रकाश मुरकुटे,राजेंद्र भंडारकर,दुर्गेश तिड़के,लक्ष्मी बिल्हारे, खुशलाल करसायल ,सुरेन्द्र सिरसे, मनोज तेलासे, सरपंच समल सिंह वरकड़े व युवा सेवा संघ का योगदान रहा।

## बूढ़ी के प्राचीन हनुमान मंदिर में शिवलिंग की



## स्थापना आज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के वार्ड न.11 बूढी बालाघाट में स्थापित प्राचीन हनुमान मंदिर में 25 नवम्बर को महादेव पार्थिव शिवलिंग की स्थापना की जावेगी। इस पार्थिव शिवलिंग की स्थापना के पूर्व आज 24 नवम्बर को शाम 4 बजे से बूढ़ी के शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा व भगवान शिव पार्वती की शोभायात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा शिव मंदिर ट्रस्ट बूढी वार्ड न.12 से निकाली गई। जो धुवारे गली, हास्पिटल चौक, बस स्टेण्ड से चर्च रोड होते हुये हनुमान मंदिर पहुंची। इस दौरान डी.जे.की धून में भक्ति गानों पर महिलाओं एवं बच्चों द्वारा नृत्य भी किया गया। इस दौरान वार्डवासी बडी संख्या शामिल हुये। इस संदर्भ हनुमान मंदिर के पदाधिकारियों ने चर्चा करते हुये बताया कि प्राचीन हनुमान मंदिर में हरिद्धार से महादेव पार्थिव नर्मदेश्वर शिवलिंग जबलपुर भेडाघाट से लाया गया है। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व आज 24 नवम्बर को शाम 4 बजे से भव्य कलश व भगवान शिव-पार्वती की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हनुमान जी की झांकी आकर्षक का केन्द्र रही। वही आज रात्रि में भगवान शंकर जी की पिंडी को आनाज में रखा जायेगा। तथा कल 25 नवम्बर को स्थापना की जावेगी। वही शाम को महाआरती के पश्चात भक्तिमय यज्ञ का आयोजन होगा। जिसके बाद विशाल महाप्रसादी का वितरण किया जावेगा। इस अवसर पर समस्त नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील प्राचीन हनुमान मंदिर के पदाधिकारियो द्वारा की गई है।

## आदिवासी अंचल की बेटियॉ राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में रही उपविजेता

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता सिंगरौली जिले में 19 से 23 नवम्बर के बीच आयोजित की गई। जिसमें बालाघाट जिले से आदिवासी अंचल की दो बेटियों का चयन निर्धारित किया गया था। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट के पीटीआई कमल किशोर तेलासे ने बताया है कि आयोजित राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए जिले के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की दो छात्राओं मनीषा मेरावी और अनुराधा धुर्वे का चयन सुनिश्चित किया गया। उन्होंने बताया कि विभागीय राज्य स्तरी वॉलीबॉल प्रतियोगिता भुईमाड़ जिला सीधी में 16 एवं 17 नवंबर को आयोजित की गई। जिसमें दक्षिण क्षेत्र विजेता रही। जिसमें शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 02 छात्राओ



का चयन शालेय राज्य स्तरी वॉलीबॉल प्रतियोगिता सिंगरौली के लिए किया गया। जो 19 से 23 नवंबर के बीच खेली गई। जिसमे जनजातीय कार्य विभाग मप्र की टीम ने प्रदेश के आठ संभाग को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल में भोपाल संभाग को हराकर फाइनल में उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में दोनों बालिकाएं मनीषा और अनुराधा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभाग प्रमुख सहायक आयुक्त पीएन चतुर्वेदी संस्था के प्राचार्य श्री पीके अंगूरे, आर के ठाकरे, श्रीमती आभा ठाकुर और समस्त स्टाफ ने बधाई और शुभकामनाएं दीं है। पीटीआई श्री तेलासे ने यह भी बताया कि इस वर्ष एथलेटिक्स, फूटसल और जूनियर वॉलीबॉल में भी कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट से राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में छात्राएं भाग ले चुकी है।

## देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरूआत कल से

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवम आयुर्वेद दिवस समारोह के अवसर पर देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरुआत की है। जिसके परिप्रेक्ष्य में आयुष मंत्रालय द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान 26 नवंबर अर्थात संविधान दिवस से प्रारम्भ कर 25 दिसंबर भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती तक चलाया जान है। इस अभियान का उद्देश्य पूरे भारत वर्ष के प्रत?येक घर तक आयुर्वेद को पहुंचाना, लोगों को वात-पित्त- कफ पर आधारित प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत, निवारक स्वास्थ्य प्रचलनों को अपनाने का अवसर प्रदान करना है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने बताया कि 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवम आयुर्वेद दिवस समारोह के अवसर पर देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरुआत की है। इस महत्वपूर्ण अभियान का पहला चरण 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक अर्थात पूरे एक माह चलेगा। अभियान के अंतर्गत देश भर में 1 करोड़ से अधिक नागरिकों का शासकीय/ निजी आयुर्वेद महाविद्यालयों के छात्र/ छात्राओं, शिक्षकों, चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों तथा देश भर के रजिस्टर्ड आयुर्वेद चिकित्सको के द्वारा एप के माध्यम से प्रकृति परीक्षण किया जाएगा। जिसमे 18 वर्ष के

देश का प्रकृति परीक्षण अभियान

ऊपर के व्यक्तियों को शामिल किया जाना है। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के दौरान जिन नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा, उन्हें सकारात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये एप के माध्यम से नियमित आधार पर स्वास्थ्य सलाह दी जायगी। साथ ही आयुर्वेद को जीवन शैली के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा ।

## सार्वजनिक मां शारदा मंदिर मेला कल

चरेगांव (पदमेश न्यूज़)। शारदा नगर चरेगांव में सार्वजनिक मां शारदा मंदिर मेला उत्सव समिति के तत्वावधान में आगामी 26 नवंबर को मेला भरेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मेला के अवसर पर रात्रि में आठ बजे से अंतरराज्यीय डांस प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमें एकल व ग्रुप डांस रूप से डांस होंगे। इसमें ग्रुप में पहला पुरस्कार 14999 रुपये, दूसरा 6999 रुपये, तीसरा पुरस्कार 3999 रुपये और एकल डांस में पहला पुरस्कार 6999 रुपये, दूसरा पुरस्कार 3999 रुपये व तीसरा पुरस्कार 1999 रखे गए है। कार्यक्रम चरेगांव सरपंच मीना पुरूषोत्तम बिसेन के मुख्य आतिथ्य में होंगे। आयोजन समिति द्वारा जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस मेले में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

### संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में हुई प्रश्नोत्तरी परीक्षा

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। भारतीय संविधान के प्रति बच्चों में रूचि पैदा करने और संविधान से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला बौद्ध संघ बालाघाट नगर शाखा कटंगी और प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार महिला समिति के द्वारा नगर के वारासिवनी रोड स्थित प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में रविवार को संविधान से जुड़ी प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन करवाया गया. दोपहर 01 बजे परीक्षा की शुरुआत हुई तीन बजे परीक्षा का समापन हुआ. परीक्षा परिणाम की घोषणा आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर विहार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दिन किया जाएगा. आज परीक्षा में सभी जाति, वर्ग और धर्म को मानने वाले 76 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया. अधिवक्ता संजय खोब्रागढ़े ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवबंर 2024 को भारतीय संविधान की 75 वर्षगांठ मनाया जाना है. जिसके चलते भारतीय संविधान के प्रति बच्चों को तमाम जरूरी जानकारी हो इसी उद्देश्य से परीक्षा का आयोजन करवाया गया है।

## 10 दिवसीय पारम्परिक बैगा नृत्य प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मध्य प्रदेश शासन महिलाओं की सुरक्षा एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृत संकल्पित है। मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना का क्रियान्वयन 20 जिलों के 50 पर्यटन स्थलों पर महिला बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की निर्भया योजना अंतर्गत किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर महिला पर्यटकों में सुरक्षा और सहजता का भाव उत्पन्न करना है, ताकि वे पर्यटन का आनंद प्राप्त कर सकें। महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के लिए परियोजना सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट (कार्ड) द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत संकुल मंडला तथा कान्हा (मुक्की गेट) पर 10 दिवसीय पारम्परिक बैगा नृत्य प्रशिक्षण का शुभारंभ बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता के द्वारा किया गया। जिसमें कान्हा क्षेत्र की 30 बैगा महिलाओं ने भाग लिया, जो आगे चलकर पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार होंगे। बताया गया है कि



प्रशिक्षण झाम सिंग बैगा के द्वारा दिया जा रहा है। जिसमे पारंपरिक नृत्य व लोक गीत गायन शामिल किया जायेगा। एसडीएम श्री गुप्ता ने महिलाओं को बैगा नृत्य प्रशिक्षण के लिए पोषक व ज्वेलरी प्रदाय की साथ ही प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं को बैगा हाट में प्रत्येक दिवस नृत्य आयोजित करने के लिए आश्वस्त किया। महिला बाल विकास वन स्टॉप सेंटर बैहर के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मलाजखंड थाना प्रभारी, वन स्टॉप सेंटर से श्रीमती प्रीति हरिंद्रखेडे केश वर्कर, तथा विजेता राउत सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक (कार्ड) के रामरतन मरावी ने कहा की प्रशिक्षण के उपरांत महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए सक्षम होंगी तथा कान्हा में आने वाले पर्यटक विशेषकर महिला पर्यटक अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हुवे पर्यटन के साथ साथ बैगा संस्कृति से परिचय का आनंद प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में अन्य ऐसे प्रशिक्षण भी किये गए है जिससे महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। जिन्हे जिला स्तरीय फेडरेशन बना कर एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आय अर्जन का एक बेहतर विकल्प है जहाँ महिलाएं निडर और स्वतंत्र रूप से पर्यटन का आनंद ले सकेंगी। इस दौरान सभी ने सुरक्षित पर्यटन बनाने का संकल्प लिया।

### डे केयर सेंटर को शुरू करवाने की मांग को लेकर संदीप सोनी बैठे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बीते दिनों नगर पालिका द्वारा अंबेडकर चौक से जयस्तंभ चौक के बीच बने डे केयर सेंटर को बंद कर दिया गया हैं, जिसे पुन: चालू करने की मांग को लेकर संदीप सोनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं आपको बता दे की बीते दिनों नगर पालिका और प्रशासन को शिकायत मिल रही थी, कि अंबेडकर चौक से जयस्तंभ चौक के बीच स्थित शासकीय डे केयर सेंटर में असामाजिक तत्वों द्वारा देर रात तक हुडदंग किया जाता है जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती थी, जिसे देखते हुए प्रशासन द्वारा नगर पालिका को निर्देशित कर डे केयर सेंटर को सील बंद कर, बंद कर दिया गया था, इसके लगभग 2 महीने बीत जाने के बाद संदीप सोनी द्वारा उक्त डे केयर सेंटर को शुरू करवाने की मांग को लेकर डे केयर सेंटर के बाजू में 22 नवम्बर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं।

## उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में मनाया गया 76 वॉ एनसीसी-डे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 6 एमपी स्वतंत्र कंपनी एनसीसी बालाघाट के ऑफिसर कमांडिंग लेफ्ट. कर्नल विनीत कमल गुप्ता की उपस्थिति में रविवार को 76 वा एनसीसी डे का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आर के लटारे सर, एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी उपस्थित रहे। एनसीसी अधिकारी खिलेंद्र बिसेन ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम लेफ्ट. गुप्ता ने एनसीसी फ्लैग होस्टिंग किया एवं राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट ने परेड कमांडर सीएसएम प्रियांशु कटरे के नेतृत्व में परेड मार्च पास किया गया। साथ ही कर्नल गुप्ता द्वारा परेड की सलामी ली गई। संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के एनसीसी कैडेट अदिति तिवारी मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में छठा स्थान, मानसी मेश्राम तथा रेनू चौधरी एक भारत श्रेष्ठ भारत में सोलो डांस प्रथम, प्रियांशु एवं राजा फायरिंग कैंप में प्रथम, अदिति तिवारी,



प्रेक्षिता एवं लुमांशी ने सी डब्लू एस छात्रवृत्ति 6 हजार रुपये प्राप्त की। वर्ष 2024 एनसीसी परेड में उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित किया,तथा एनसीसी ऑफिसर खिलेंद्र बिसेन एवं कल्पना ठोंबरे ने सेकंड ऑफिसर का कोर्स पूर्ण किया। कार्यक्रम समापन के दौरान छात्र केडेटों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में एनसीसी कैडेट की सराहना करते हुए उन्हें देश की सेकंड रक्षा पंक्ति बताया और और एनसीसी संगठन को विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन माना जाता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट विभिन्न प्रकार की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय होते हुए अपनी भागीदारी निभाते हैं और विभिन्न प्रकार से जनमानस को जागरुक करते हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के वरिष्ठ शिक्षक के थोटे, लोकेश साहू, संजय कवाडे, विजय देशमुख, शिवम शरण, अरविंद सोनवाने, गोपीचंद शरणागत, मनीषा हरिनखेडे, रंजना तिवारी, फलेश ऐडे, राणा मैडम, मेघावी विश्वकर्मा ,रनगिरे मैडम, प्रियंका चौहान, सुचिस्मिता पाणिग्रही एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## राजस्व महाभियान-3.0 का असर दिखाती तस्वीर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। यह तस्वीर कटंगी तहसील के ग्राम अगासी की है। इस तस्वीर में राजस्व विभाग के पटवारी से लेकर एसडीएम और विशेष निगरानी अधिकारी है। जो किसान डोंगरसिंह मिश्रीलाल की मेड पर पहुँच कर राजस्व महाभियान के तहत 6 बटांक वाले खातेदारों के नक्शे की तरमीम में जुटे है। इस तस्वीर में एसडीएम मधुवंतराव धुर्वे, डिप्टी कलेक्टर केसी ठाकुर निगरानी के लिए किसानों के खेतों में पहुँचे है। साथ ही तहसीलदार छवि पंत, पटवारी रजनी यादव और कोटवार श्यामा रावत फील्ड में मौजूद है। तहसीलदार छवि पंत बताती है कि इन दिनों तहसील में राजस्व महाभियान-3.0 के तहत नक्शा अपडेशन यानी तरमीम से लेकर नामान्तरण, सीमांकन, बंटवारा



और रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण किया जा रहा है।

## सर्व आदिवासी समाज संगठन जूनेवानी में मनाया गया बिरसा मुंडा जयंती

लांजी (पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय लांजी के अन्तिम छोर के बसे ग्राम जूनेवानी टेमनी में 24 नवंबर दिन रविवार को जननायक बिरसा मुंडा की 149 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम सर्व आदिवासी समाज संगठन जुनेवानी में एवं गोंडवाना स्टूडेंट लांजी संगठन के संयुक्त तत्वाधान में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यकम दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं के वक्तव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वालपहार एवं समापन शाम 5 बजे सम्पन्न हुआ। इस दौरान नेमेश्वरी कैलाश पंद्रे की अध्यक्षता में लक्ष्मण कावरे सरपंच प्रतिनिधि, महेश मात्रे जनपद सदस्य प्रतिनिधि तुमन घोरमारे जनपद सदस्य लांजी, गोंडवाना



स्टूडेंट्स की सुशीला वरकड़े के द्वारा कार्यक्रम में पूजन अर्चन किया गया। इस कार्यक्रम में लोकराम नागफासे, कैलाश पंद्रे, तिजलाल बाहें, गजेन्द्र खरे, अमरदास कावरे, नेतलाल पांचे युवराज खरे, प्रभु दास बाहें, श्यामलाल बाहें, नोहरलाल खरे, लालसिंह मर्सकोले, सुखचरण मरावी, मुरली कुमरे, राजेश्वर बाघमारे, फूलचंद बाहें, मुकेश बाहें, राजेंद्र बाहें, रामदास कावरे, रोसेलाल कावरे उपस्थित रहे।

## काल भैरव मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के एफ सीआई गोदाम स्थित काल भैरव मंदिर में रविवार को काल भैरव जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर विधि विधान से भगवान काल भैरव की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद महाप्रसादी के रूप में भंडारे का वितरण किया गया। जिसमें मार्ग से गुजर रहे लोगों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। जहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। समिति सदस्यों ने बताया कि २३ नवंबर को



काल भैरव जयंती थी परंतु इसे एक दिन बाद धुमधाम के साथ मनाया गया है। जहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर महाप्रसादी का वितरण किया गया है। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मोहगांव मोड़ में तेज रफ्तार 2 कार की हुई आपसी भिड़ंत

## आमने-सामने की भिड़ंत में करीब आधा दर्जन लोग घायल, कुछ घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार





**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। चरेगांव पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले बालाघाट नैनपुर मार्ग स्थित ग्राम मोहगांव मोड पर दो कार के बीच आपसी भिड़ंत हो गई। रविवार 24 नवंबर की सुबह लगभग करीब 10 बजे मोहगांव मोड़ पर हुए इस सड़क हादसे में दोनों कार में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें एक ही परिवार के चार लोगों को उपचारार्थ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि दूसरी कार में सवार अन्य लोगों को मामूली चोट आने पर उन्हें लामता के अस्पताल ले जाया गया। जहा प्राथमिक उपचार कर उन्हें डिस्चार्ज किया गया है।**

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 नवंबर रविवार की सुबह कार क्रमांक एमएच 35, डब्ल्यु 4774 गोंदिया से नैनपुर की ओर जा रही थी ।जबकि दूसरी कार क्रमांक एमपी 20 एम 2505 मंडला से बालाघाट की ओर आ रही थी। सुबह करीब 10 बजे के दरमियान दोनों ही कार जैसे ही ग्राम मोहगांव गोलाई पर पहुँची वैसे ही उनमें आमने सामने की ठोस हो गई ।और दोनों कार में सवार लोग जख्मी हो गए। उधर हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा चरेगांव पुलिस को मामले की सूचना दी गई ।वही पुलिस और ग्रामीणों द्वारा एम्बुलेंस 108 बुलाकर घायल व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय बालाघाट भिजवाया गया, वहीं घटना में मामूली रूप से घायल लोगों को लामता के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया ।उधर चरेगांव पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले को जांच में लिया है।

### घायलों में इनका समावेश

ग्राम मोहगांव मोड़ पर हुई यह घटना 24 नवंबर रविवार की सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। जिसमे करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलो में मंडला जिले के ब्रम्हनी बंजर अंतर्गत मानेगांव निवासी पन्नालाल पिता मुलभा यादव, पत्नी हीराबाई पति पन्नालाल यादव, सेमरखापा निवासी मूर्ति पति घनश्याम यादव और बालक राघव पिता घनश्याम यादव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें महिला मूर्ति यादव के सिर और पैरो में चोट है, जबकि राघव यादव का एक पैर टूट गया है ।वहीं वाहन चला रहे कन्हैयालाल यादव को मामुली चोटें है। जबकि अन्य कार सवार के घायलों को मामुली चोटें आई है, जिन्हें लामता अस्पताल में प्राथमिकी उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

बर्थडे कार्यक्रम में शामिल होने मंडला से बालाघाट आ रहे थे परिजन- संतोषी यादव

जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों को लेकर की गई औपचारिक चर्चा के दौरान वनविभाग में कार्यरत संतोषी यादव ने बताया कि ससुरालवाले, आज उनके बेटे के बर्थडे कार्यक्रम में शामिल होने मंडला से आ रहे थे। इस दौरान ही उनके वाहन को किसी अन्य वाहन ने टक्कर मार दी। फिलहाल सभी घायलो की हालत खतरे से बाहर है। चिकित्सक घायलों के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है।

# फांसी पर लटका मिला युवक का शव

## नगर के वार्ड नंबर 13, गंगानगर बूढ़ी का मामला



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली पुलिस ने नगर के वार्ड नंबर 13 गंगानगर बूढ़ी में एक 24 वर्षीय युवक का शव उसके घर के पंखे में लटका बरामद किया है। जिसके पंखे पर शॉल से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। जिसकी सूचना रविवार की दोपहर कोतवाली थाना में मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक अंकुश पिता गोपीचंद गेड़ाम का शव बरामद कर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की। वही जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया है ।वही इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फिलहाल फाँसी लगाने के कारणों का नही चला पता

बताया गया कि मृतक दो भाई व दो बहनें है। जिसमें दोनों बहनों की शादी हो गई है। जो अपने ससुराल में रहती है। जबकि मृतक अंकुश और अमित दोनों भाई अविवाहित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अंकुश गेड़ाम के माता-पिता शनिवार को घर में नहीं थे जो रिश्तेदारी में कहीं शादी कार्यक्रम में गये हुये थे। मृतक व उसका बड़ा भाई अमित उर्फ सिम बाबा घर में थे ।बताया जा रहा है कि शनिवार की रात करीब एक दो बजे बड़ा भाई अमित कहीं बाहर से घर आया तो अंदर से दरवाजा बंद होने पर उसने अपने भाई को आवाज दिया और दरवाजा खटखटाया लेकिन छोटे भाई की ओर से कोई जवाब नहीं मिला अंकुश द्वारा दरवाजा नहीं खोलने पर भाई अमित दरवाजा के पास ही बाहर सो गया। सुबह जब मृतक के माता-पिता वापस घर लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद था। जिस पर मृतक के पिता गोपीचंद द्वारा दरवाजा को लात मारकर खोला गया और जब अंदर जाकर देखे तो अंकुश घर के अंदर पंखे में शॉल का फंदा बनाकर फांसी में लटका था। जिसे नीचे उतारा गया तो उसकी मौत हो गई थी। जिसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम व थाना में दी गई।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

उधर मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की। वहीं परिजनों के बयान दर्ज कर शव को अपने कब्जे में लिया। जिसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां जाफौ 174 के तहत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है फिलहाल इस पूरे मामले में मृतक के फांसी लगाने का कारण अज्ञात है ।उधर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बुजुर्गों की मौत मामले में कुमादेही सचिव को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

## सचिव संगठन में नोटिस के बाद नाराजगी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । पिछले दिनों आदिवासी अंचल कुमादेही ग्राम से बुजुर्गो को परसवाड़ा जनपद में आधार अपडेशन कार्य के लिए ले जाते समय पिकअप वाहन पलट गया था। इस हादसे में दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत हो गई है। 20 नवंबर को घटित इस मामले जिला पंचायत सीईओ ने इस आशय का आदेश जारी कर कुमादेही सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन आदेश के बाद कुमादेही पंचायत सचिव के अलावा सचिव संगठन में भी नाराजगी और चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### जो कार्य पंचायत में करना था उसे जनपद में कराया

उधर कारण बताओं नोटिस जारी होने से सचिव संगठन के पदाधिकारी खासे नाराज हैं। सचिव संगठन पदाधिकारियों के अनुसार पिकअप दुर्घटना को लेकर बड़ी वजह सामने आई है कि आधार अपडेशन कार्य जो पंचायत स्तर पर किया जाना था, उसे पंचायत में ना करवाते हुए परसवाड़ा जनपद में करवाया गया था। इसके लिखित आदेश भी पंचायतों को जारी किए गए थे। आदेश की पूर्ति के लिए पंचायत सचिवों व आशा, आंगनवाड़ी कार्यकताओं के साथ ही मोबेलाइजर को भी मानसिक दबाव झेलना पड़ा। इसी वजह से बुजुर्गो का परिवहन कराना पड़ा और यही हादसे की प्रमुख वजह बनी।

### पंचायत सचिव पर फोड़ा जा रहा ठिकरा

सचिवों में चर्चाएं है कि वरिष्ठ अधिकारी होने की वजह से पूरे मामले का ठिकरा पंचायत सचिव पर फोड़ा जा रहा है। इधर जिला पंचायत सीईओ द्वारा भी जारी आदेशों में सचिव पर ही गाज गिराने की तैयारी की गई है। 20 नवंबर को घटित इस घटना को लेकर ग्राम पंचायत कुमादेही सचिव किशन टेकाम को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### हादसे में दो महिलाओ की हो चुकी है मौत

बताया गया जनपद सीईओ के आदेश पर 70 वर्ष से अधिक उम्र के ग्रामीणो को पिकअप में बैठाकर परसवाड़ा जनपद लाया जा रहा था। लेकिन रास्ते मे पड़ने वाले ग्राम सरेखा के पहले पिकअप वाहन पलट गया और दुर्घटना घटित हो गई। 20 नवंबर को कुमादेही पंचायत की रेवतन बाई बिसेन और 21 नवंबर को ग्राम पर्रापुर निवासी ठगया बाई धुर्वे ने घायल होने के बाद जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अभी भी कई बुजुर्गो का अस्पताल में उपचार जारी है।

### पंचायत में ही हो सकता था कार्य- टेकाम

मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान कुमादेही सचिव किशन टेकाम ने बताया कि अगर जनपद सीईओ निर्धारित तिथि पर पंचायत सचिवों को जनपद परसवाड़ा में बुजुर्गो को लेकर आने नहीं कहते तो यह हादसा घटित नहीं होता। पंचायतों में आसानी से आधार अपडेशन कार्य पूर्ण हो जाता। लेकिन आधार अपडेशन के कार्य के लिए बुजुर्गों को जनपद परसवाड़ा ले जाने कहा गया था। जहां पिकअप वाहन पलटने से यहां हादसा घटित हो गया।

# जहरीली दवा के सेवन से एक युवक की मौत

## पत्नी के मायके चले जाने और दूसरो पर आश्रित हो जाने से दुःखी था यूनुस, अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। खैरलांजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अतरी हेटी में एक युवक ने जहरीली दवा का सेवन कर लिया। जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक 35 वर्षीय युवक युनुस पिता अयुब खान, जिले के खैरलांजी थाना अंतर्गत अतरी हेटी का रहने वाला था। परिजनों की माने तो एक दुर्घटना से अपंगता जैसी हालत होने और पत्नी के मायके चले जाने से दुःखी युनुस ने जहरीली दवा खाकर आत्महत्या कर ली है ।बताया गया कि जहरीली दवा के सेवन के बाद 24 नवम्बर रविवार की अलसुबह लगभग 06 बजे यूनुस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया ।जिसकी तहरीर मिलने पर शव पंचनामा कार्यवाही के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पीएम करवाकर, शव परिजनों को सौंप दिया है ।वही मामले की जांच के लिए डायरी सम्बधित थाना पहुचाई गई है।**

### बीमारी से परेशान था यूनुस, कीटनाशक दवा का किया था सेवन

प्राप्त जानकारी के अनुसार यूनुस का करीब एक वर्ष पूर्व मोटर सायकिल से एक्सीडेंट हुआ था, उस सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के कारण उसकी शरीर की नसे सिकुड़ गई थी, जिससे वह अपंग जैसा हो गया था। जिसका गोंदिया और नागपुर में ईलाज कराया गया था। पत्नी भी पति की इस हालत को देखकर, उसे छोड़कर मायके चली गई थी। गत 23 नवंबर को जब परिवार के लोग खेत चले गए थे, जब उसने घर में रखी कचरा मारने की जहरीली दवा का सेवन कर लिया। जिसकी उक्त जानकारी मिलने पर उसके परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए खैरलांजी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां के चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था ।जहां 24 नवंबर रविवार की सुबहा जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर अस्पताल से तहरीर मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी कर शव को अपने कब्जे में लिया ।वहीं परिजनों के बयान दर्ज कर जाफौ 174 के तहत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। वही मामले की जांच के लिए डायरी खैरलांजी थाना पहुंचाई गई है।

### पत्नी के मायके जाने से छोटा भाई हमेशा उदास रहता था- यूसुफ

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान मृतक यूनुस के भाई युसूफ खान ने बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद से ही अपंग जैसी हालत हो जाने से यूनुस दूसरो पर आश्रित हो गया था। पत्नी भी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। जिससे वह दु:खी था। हमेशा उदास रहता था। कल घर के सभी लोग खेत चले गए थे ।जबकि उनका छोटा भाई यूनुस घर पर अकेला था। जिसने खेत में डालने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिसकी जानकारी उन्हें गांव की एक लड़की से मिली। जिसके बाद जब वह घर पहुंचे तो देखा कि उसकी हालत ज्यादा खराब है। जिसको लेकर वह खैरलांजी अस्पताल पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया। जिसके बाद सुबह 05 बजे, उसकी हालत बिगड़ने पर रिफर पर उसे जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# मोटरसाइकिल खड़े ट्रैक्टर से टकराई सगे भाई-बहन सहित तीन बच्चों की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम परसामऊ से मोतीनाला के बीच मोटरसाइकिल खड़े ट्रैक्टर से टकराने से मोटरसाइकिल में सवार दो सगे भाई-बहन सहित तीन बच्चों लोगों की मौत हो गई। मृतकों में संजू पिता झगलूसिह उइके 26 वर्ष, उसकी बहन कुसुमलता पिता झगलू सिह उइके 21 वर्ष और इतवारी उर्फ गोलू पिता फागु सिंह टेकाम तीनों अगन्तरा निवासी है ।22 नवंबर की शाम 6.30 बजे यह सड़क हादसा उस समय हुआ जब तीनों बच्चे मोटरसाइकिल में अतरचूहा से अपने घर लौट रहे थे। गढ़ी पुलिस ने तीनों बच्चों का शव पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अगन्तरा निवासी झगलू सिंह उइके अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। जिनका खेत ग्राम अतरचूहा में है। 22 नवंबर को सुबह झगलू सिह उइके अपने परिवार के साथ कृषि कार्य करने के लिए अपने अतरचूहा खेत गए। साथ में उनका पड़ोसी का बेटा इतवारी उर्फ गोलू टेकाम भी गया हुआ था । झगलु सिंह ने अपने परिवार के साथ खेत में धान काटे इसके बाद शाम 6.30 बजे उनके दोनों बच्चे संजू उइके और बेटी कुसुम लता और इतवारी उर्फ गोलू टेकाम तीनो मोटरसाइकिल में घर लौट रहे थे। मोटरसाइकिल संजू उइके के चला रहा था तभी परसामऊ और मोतीनाला के बीच रोड किनारे खड़े ट्रैक्टर के पीछे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल टकरा गई। जबरदस्त इस सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल खड़े ट्रैक्टर से टकराने से इतवारी टेकाम और संजू उइके की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कुसुमलता उइके गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे गढ़ी के अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु उसे बैहर अस्पताल रेफर किया गया था। जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई। जिसका शव गढ़ी लाया गया । दुर्घटना में मृतक दोनों बालक इतवारी उर्फ गोलू टेकाम और संजू उइके का शव भी गढ़ी लाया गया। 23 नवंबर को गढ़ी पुलिस थाने के उप निरीक्षक रूपराम झरिया ने तीनों मृतक बच्चों का शव पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिये और आगे धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट